



राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran




12 पाकिस्तान की फिर किरकिरी,डोनाल्ड ट्रंप के नोबेल....

इरान पर हमले से अमेरिकी संसद में घमासान... 12


वर्ष : 13 | अंक : 74 | पटना, मंगलवार, 24 जून, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य : 03.00 | www.pratahkiran.com


# ईरान और इजरायल के बीच जंग हुई तेज- एक दूसरे पर कर रहे बमबारी

**प्रातः किरण/एजेंसी**

तेलअवीव। ईरानी हमलों में हाइफा और तेल अवीव जैसे इजरायली शहरों में मची तबाही के बाद अब जंग और तेज होती जा रही है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने साफ कर दिया है कि ईरान पर हमला तब तक नहीं रुकेगा, जब तक जंग के सारे लक्ष्य पूरे नहीं हो जाते। नेतन्याहू ने चेतावनी देते हुए कहा कि इजरायल जरूरत से ज्यादा कुछ नहीं करेगा, लेकिन जो करेगा, वह निर्णायक और तबाही लाने वाला होगा। इस बीच, मिसाइलों और ड्रोन हमलों की बरसात के बीच आम इजरायलियों में खौफ का माहौल है। उधर, अमेरिका के ईरान पर किए हमलों से अमेरिका में सियासी हड़कंप मच या है। ट्रंप को अपने देश में ही राजनीतिक घेराबंदी का सामना करना पड़ रहा है। सीनेट नेता चक शूमर भारतीय मूल के सांसद रो खन्ना ने वॉर पावर एक्ट से ट्रंप की सैन्य शक्ति को सीमित करने की मांग की है। डेमोक्रेट सांसदों का आरोप है, एकतरफा हमले कर ट्रंप ने अमेरिका को युद्ध में झोंका है। उन्हें जवाब देना होगा कि उन्होंने किसकी अनुमति से यह किया? नेतन्याहू ने सोमवार को स्पष्ट किया कि ईरान के खिलाफ चल रहा सैन्य अभियान उसी समय समाप्त होगा जब इजरायल अपने



निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त कर लेगा। उन्होंने यह भी कहा कि इजराइल जरूरत से ज्यादा कोई कार्रवाई नहीं करेगा। नेतन्याहू ने कहा, हमारा उद्देश्य स्पष्ट है ईरान की सैन्य और परमाणु क्षमताओं को कमजोर करना। जब तक यह उद्देश्य पूरा नहीं होता, अभियान जारी रहेगा। लेकिन हम अनावश्यक युद्ध नहीं चाहते। अमेरिका के हमलों के बाद ईरानी सेना ने 20वीं मिसाइल लहर में तेल अवीव, हाइफा, रमत अवीव, नेस ज़ियोना, बेन गुरियन एयरपोर्ट समेत 10 से अधिक शहरों को निशाना बनाया। ईरान ने पहली बार इजरायल पर खैबरशेकन मिसाइलों का इस्तेमाल किया। ये मिसाइलें 1450 किमी तक मारक क्षमता की हैं और मल्टी वॉरहेड हैं, आवाज से तीन गुना तेज। इन मिसाइलों ने इजरायली आयरन डोम सिस्टम को भी चकमा दे दिया। ईरानी हमलों में तेल अवीव और हाइफा में कई घरों के ढांचे तक उजड़ गए, सड़कों पर मलबा और खून फैला मिला। कम से कम 50 मिसाइलें इजरायली जमीन पर गिरीं, जबकि एयर डिफेंस ने सैकड़ों को इंटरसेप्ट किया।

## ईरान ने दी चेतावनी कहा- अब अमेरिका में आतंकी करेंगे धमाके

तेहरान। ईरान ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को संदेश भेजा था कि अगर परमाणु ठिकानों पर हमले किए गए, तो वह अमेरिका में अपने स्लीपर सेल सक्रिय कर देगा ताकि आतंकवादी हमले कराए जा सकें। चैनल ने दो अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से यह बात कही है। इस तरह के घटनाक्रम ईरान के खिलाफ अमेरिकी का कार्रवाई बड़े संघर्ष के संकेत दे रही है। अब खबर है कि जी 7 शिखर सम्मेलन के दौरान ही ईरान ने अमेरिका को परमाणु ठिकानों पर हमले को लेकर चेतावनी दे दी थी। रविवार को अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर हमले किए हैं। वहीं, ईरान और इजरायल के बीच लगातार संघर्ष जारी है। रिपोर्ट के अनुसार, हमलों के बाद ट्रंप ने व्हाइट हाउस से राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि ईरान के प्रमुख परमाणु केंद्रों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया है। व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष की आशंकाओं के बीच, ट्रंप प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया कि वह ईरान के साथ कूटनीतिक वार्ता फिर से शुरू करना चाहता है। अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने संवाददाताओं से कहा कि अमेरिका ईरान के साथ युद्ध नहीं चाहता। ट्रंप ने पहले चेतावनी दी थी कि अगर तेहरान ने अमेरिकी सेना के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की तो और हमले होंगे। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने कहा कि कूटनीति का दौर बीत गया और उनके देश को आत्मरक्षा का अधिकार है।

## संक्षिप्त खबरें

### धनखड़ आज बिहार की यात्रा पर

नई दिल्ली। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मंगलवार को बिहार की यात्रा पर रहेंगे और मुजफ्फरपुर के एलएन मिश्रा कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के स्थापना दिवस में मुख्य अतिथि होंगे।उप राष्ट्रपति सचिवालय ने सोमवार को यहां बताया कि श्री धनखड़ 24 जून को बिहार के मुजफ्फरपुर जाएंगे। इस दौरान वह भगवानपुर स्थित एलएन मिश्रा कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के स्थापना दिवस में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। श्री धनखड़ छात्रों और संकाय सदस्यों से बातचीत भी करेंगे।

### शाह कल मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार को वाराणसी में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25 वीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में सदस्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ-साथ प्रत्येक राज्य से दो वरिष्ठ मंत्री भाग लेंगे। राज्यों के मुख्य सचिव और केन्द्र तथा राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में शामिल होंगे। मध्य क्षेत्रीय परिषद में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश राज्य शामिल हैं। बैठक का आयोजन गृह मंत्रालय में अंतर-राज्य परिषद सचिवालय और उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से किया जा रहा है। राज्य पुनर्गठन अधिनियम 1956 की धारा 15 से 22 के अंतर्गत पांच क्षेत्रीय परिषदों की स्थापना की गई थी। केंद्रीय गृह मंत्री इन पांचों क्षेत्रीय परिषदों के अध्यक्ष हैं। सदस्य राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री, उप-राज्यपाल और प्रशासक इनके सदस्य हैं जिनमें से सदस्य राज्यों से एक राज्य के मुख्यमंत्री (हर साल बारी-बारी से) उपाध्यक्ष होते हैं। प्रत्येक सदस्य राज्य से राज्यपाल द्वारा दो मंत्रियों को परिषद के सदस्य के रूप में नामित किया जाता है।

### लालू यादव ने राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरा, फिर से अध्यक्ष बनना तय

पटना। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव ने सोमवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नामांकन कर दिया है। लालू यादव राजद कार्यालय पहुंचे और फिर राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया है। उनका फिर से राजद का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना तय माना जा रहा है। राजद के सांगठनिक सत्र 2025-2028 के लिए यह नामांकन किया गया है। लालू के नामांकन दाखिल करने के दौरान उनके साथ राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव, अब्दुल बारी सिद्दीकी, मीसा भारती सहित राजद के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। राजद पार्टी के गठन के बाद से ही लालू यादव ही पार्टी के अध्यक्ष हैं। बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि लालू यादव पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरा है। पार्टी के सभी नेता और कार्यकर्ता लालू यादव के नामांकन को लेकर खुशी जता रहे हैं। वे 12 बार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर पूरा कर चुके हैं। यह 13वीं बार के लिए उन्होंने नामांकन भरा है। हम सभी लोगों को इसकी खुशी है।

मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित 6 लेन गंगा पुल का राघोपुर तक किया निरीक्षण, तेजी से कार्य पूरा करने के दिए निर्देश

# उत्तर व दक्षिण बिहार के बीच आवागमन और होगा सुगम एवं सुदृढ़ : नीतीश

## मुख्यमंत्री ने कच्ची दरगाह-बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल की दी सौगात



**प्रात : किरण**

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज कच्ची दरगाह-बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल परियोजना के पटना से से राघोपुर की सम्पर्कता का फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर लोकार्पण किया। लोकर्पण के पश्चात मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित 6 लेन गंगा पुल का राघोपुर तक निरीक्षण किया। राघोपुर पहुँचने पर वहां उपस्थित जनसमूह ने ताली बजाकर एवं जिंदाबाद के नारे लगाकर मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया। ग्रामीणों ने इस पुल के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया और उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा की। मुख्यमंत्री ने जन समूह का अभिवादन स्वीकार करते हुये कहा कि आप लोगों के हित में हम लगातार काम कर रहे हैं और इस क्षेत्र के विकास के लिए हमसे जो बन पड़ेगा करते रहेंगे। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि आज कच्ची दरगाह-बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल परियोजना के पटना से राघोपुर की सम्पर्कता का लोकार्पण किया गया है। इस 6 लेन गंगा पुल के निर्माण के लिये हमलोग लगातार काम कर रहे थे। निमाणाधीन कार्य का नियमित निरीक्षण कर पुल का निर्माण शीघ्र पूरा करने के लिये अधिकारियों को निर्देशित करते रहे। खुशी की बात है कि अब यह सपना साकार हो गया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कच्ची दरगाह-बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल परियोजना के बचे हुये कार्यों को तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कच्ची दरगाह बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल के लोकार्पण से राघोपुर दियारा क्षेत्र के लोगों को राजधानी पटना से पूरे वर्ष के लिये सड़क सम्पर्कता मिलेगी। इस क्षेत्र में कृषि, उद्योग सहित अन्य व्यवसायों का और तेजी से विकास होगा। आकस्मिक चिकित्सा की स्थिति में मरीजों को भी काफी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी सेतु पर भी यातायात का भार कम हो गया तथा उत्तर बिहार और दक्षिण बिहार की सम्पर्कता के लिये लोगों को एक और वैकल्पिक मार्ग मिल गया, जिससे आवागमन और सुगम हो गया। उन्होंने कहा कि पटना शहर में लगनेवाले जाम से भी लोगों को राहत मिलेगी। इस पुल के निर्माण से पटना शहर के बाहर से ही लोग उत्तर बिहार के विभिन्न जगहों पर आसानी के साथ आवागमन कर सकेंगे। पटना के पूर्वी क्षेत्र के लोगों को भी सुगम यातायात का लाभमिलेगा। उन्होंने कहा कि हमलोग राज्य में गुणवत्तापूर्ण सड़कों एवं पुलों का लगातार निर्माण कर आवागमन को सुगम बना रहे हैं।

### मुख्यमंत्री ने दीदारगंज में कच्ची दरगाह बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल को जेपी गंगा पथ से जोड़नेवाले निमाणाधीन लिंक पथ का निरीक्षण किया

मुख्यमंत्री ने दीदारगंज में कच्ची दरगाह बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल को जेपी गंगा पथ से जोड़नेवाले निमाणार्धीन लिंक पथ का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जेपी गंगापथ परियोजना को दीदारगंज तक पूरा कर लिया गया है। जेपी गंगापथ की तरफ से आने-जानेवाले वाहनों को कच्ची दरगाह बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल से सीधी संपर्कता बहाल करने के लिए बचे हुये काम को एक माह में तेजी से पूर्ण करें। ज्ञातव्य है कि पटना जिला अन्तर्गत राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या-30 पर अवस्थित कच्ची दरगाह एवं वैशाली जिला अन्तर्गत राष्ट्रीय उच्च पथ सख्या-103 पर अवस्थित बिदुपुर के बीच गंगा नदी पर कुल 19.76 किमी लम्बाई के 6 लेन ग्रीन फिल्ड पुल परियोजना का निर्माण किया जा रहा है। इसके अन्तर्गत 9.76 किमी लम्बा पुल तथा 10 किमी लम्बा पहुंच पथों का निर्माण कार्य होना है। इस परियोजना की कुल लागत 4 हजार 988 करोड़ रुपए है। प्रथम चरण में कच्ची दरगाह, पटना से राघोपुर दियारा, वैशाली (कुल लम्बाई 4.57 किमी) का काम पूरा हो चुका है। इस कार्य के पूर्ण होने से राघोपुर दियारा क्षेत्र के लोगों को राजधानी पटना से पूरे वर्ष के लिए सड़क सम्पर्कता मिल जायेगी। पूर्व में राघोपुर क्षेत्र में नाव से ही आवागमन सम्भव हो पाता था। द्वितीय चरण में हाजीपुर-महनार पथ से चकसिकन्दर तक तथा तृतीय चरण में राघोपुर दियारा से हाजीपुर-महनार पथ का निर्माण किया जा रहा है। अब तक परियोजना की वर्तमान प्रगति 85 प्रतिशत है तथा शेष कार्य को तेजी से पूरा किया जा रहा है।

### ये रहें मौजूद :

कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नन्द किशोर यादव, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन, विधान पार्षद रविंद्र प्रसाद सिंह, पूर्व विधायक सतीश कुमार, अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा, पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, पटना प्रमंडल के आयुक्त डॉ चंद्रशेखर सिंह, तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त राजकुमार, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के अध्यक्ष शीर्षत कपिल अशोक, पटना के जिलाधिकारी डॉ त्यागराजन एसएम, वैशाली की जिलाधिकारी वर्षा सिंह, तिरहुत रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक चंदन कुमार कुशवाहा, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के शर्मा, वैशाली के पुलिस अधीक्षक ललित मोहन शर्मा, अन्य वरीय अधिकारी, राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव अरविंद कुमार सहित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## सूबे में सात आईपीएस अधिकारियों का स्थानांतरण

# जितेंद्र राणा को पटना केन्द्रीय क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक का दायित्व



**प्रातः किरण**

पटना। बिहार की कानून व्यवस्था को लेकर विपक्ष लगातार सरकार को घेरने में जुटा है। इस बीच, बिहार सरकार ने सोमवार को सात भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों का स्थानांतरण किया है। इस क्रम में सीवान के पुलिस अधीक्षक अमितेश कुमार का भी तबादला कर दिया गया है। उनके स्थान पर मनोज कुमार तिवारी को सीवान का एसपी बनाया गया है। बिहार गृह विभाग ने इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी है। अधिसूचना के मुताबिक, तकनीकी सेवाएं एवं संचार के पुलिस महानिरीक्षक राकेश राठी को अगले आदेश तक विशेष शाखा का पुलिस महानिरीक्षक बनाया गया है जबकि जितेंद्र राणा को पुलिस महानिरीक्षक, केंद्रीय क्षेत्र, पटना का दायित्व सौंपा गया है। इसके अलावा पुलिस महानिरीक्षक, केंद्रीय क्षेत्र, पटना गरिमा मलिक को निगरानी अन्वेषण ब्यूरो का पुलिस महानिरीक्षक, निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के पुलिस महानिरीक्षक एस. प्रेमलथा को तकनीकी सेवाएं एवं संचार का पुलिस महानिरीक्षक बनाया गया है। अपराध अनुसंधान विभाग के पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार तिवारी को सीवान का पुलिस अधीक्षक जबकि सीवान के पुलिस अधीक्षक अमितेश कुमार को पुलिस अधीक्षक (सुरक्षा), विशेष शाखा का द ायित्व सौंपा गया है। इसके अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सह सहायक निदेशक, बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर के. रामदास को अगले आदेश तक अपराध अनुसंधान विभाग का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। इसके पहले इसी महीने ही बड़ी संख्या में आईपीएस अधिकारियों का स्थानांतरण किया गया था, जिसमें कई जिलों के पुलिस अधीक्षकों को भी इधर-उधर किया गया था। उल्लेखनीय है कि विपक्ष लगातार बिहार की कानून व्यवस्था को लेकर सरकार को घेरने में जुटा है। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव कानून व्यवस्था को लेकर सरकार पर लगातार निशाना साधते रहे हैं। इस साल बिहार में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, ऐसे में सरकार कानून व्यवस्था को सुधारने को लेकर लगातार प्रयास में जुटी है।

# राजद विधायक रीतलाल यादव के गांव में पुलिस छापेमारी

■ चारदीवारी निर्माण रुकवाने और तोड़फोड़ का मामला

**प्रातः किरण संवाददाता**

पटना। राजधानी पटना के दानापुर क्षेत्र में स्थित कोथवा गांव रविवार देर रात पुलिस छापेमारी के कारण छावनी में तब्दील हो गया। सिटी एसपी (वेस्ट) भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों पुलिसकर्मियों ने राजद विधायक रीतलाल यादव के गांव में निमाणार्धीन मकान की चारदीवारी तोड़ने के मामले में नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की। हालांकि, सभी आरोपी मौके से फरार पाए गए। मामला खगौल थाना क्षेत्र का है, जहां एक शिकायतकर्ता ने लिखित आवेदन देकर आरोप लगाया कि वह वैध एग्रीमेंट के आधार पर एक भूखंड पर आवासीय भवन का निर्माण करा रहा था। लेकिन, विधायक रीतलाल यादव और उनके करीबी सहयोगियों के इशारे पर निमाणार्धीन मकान की चारदीवारी को तोड़ दिया गया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की और नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कोथवा गांव में दबिश दी। सिटी एसपी भानु प्रताप सिंह ने बताया, ह्शिकायतकर्ता ने लिखित आवेदन में कहा कि विधायक और उनके करीबी लोगों के कहने पर ठेकेदार द्वारा बनाई जा रही दीवार को तोड़ दिया गया। जांच के बाद आरोपियों के संभावित ठिकानों पर छापेमारी की गई। लेकिन, सभी आरोपी घर छोड़कर फरार हैं। आगे की कार्रवाई के लिए न्यायालय से वारंट और कुर्की की अनुमति ली जाएगी।

लोइटरिंग म्यूनिशन सिस्टम में 80 फीसदी से ज्यादा स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल हुआ

# भारतीय सेना ने दुश्मन के ठिकानों पर सटीक हमलों के लिए खरीदे 450 नागास्त्र आत्मघाती ड्रोन

**प्रातः किरण/एजेंसी**

नई दिल्ली। भारतीय सेना 450 नागास्त्र-1आर लोइटरिंग युद्ध सामग्री का ऑर्डर देकर अपनी सटीक हमला क्षमताओं को बढ़ा रही है। जीपीएस से लैस इन स्वदेशी आत्मघाती ड्रोन में सटीकता के साथ हमले करने की क्षमता, उच्च ऊंचाई पर संचालन और दिन-रात निगरानी की सुविधा है। दुश्मन के ठिकानों पर सटीक हमलों के लिए डिजाइन किया गया यह हथियार देश के सैन्य ढांचे को और मजबूत करेगा। इस सिस्टम का परीक्षण लद्दाख और उत्तर प्रदेश में झांसी के पास बबीना सहित विभिन्न स्थानों पर किया गया है। आने वाले समय में ऐसे और भी अत्याधुनिक स्वदेशी हथियार सेना को मिल सकते हैं। नागपुर की सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड में निर्मित अत्याधुनिक लोइटरिंग म्यूनिशन नागास्त्र-1आर की पहली खेप हासिल करने के बाद भारतीय सेना ने उपयोग किया है। इस हथियार की बढ़ती जरूरतों को देखते हुए अब सेना ने अपनी सटीक हमला क्षमताओं को बढ़ाने, अपनी पैदल सेना को आधुनिक बनाने के लिए 450 नागास्त्र-1आर लोइटरिंग युद्ध सामग्री का ऑर्डर दिया है। यह एक किफायती सिस्टम है, जिसमें लॉन्चर सिस्टम की पूरी तरह से दोबारा इस्तेमाल की जा सकने वाली खूबियां हैं। इस सिस्टम में 360 डिग्री का जिम्बल कैमरा लगा है और रात में ऑपरेशन करने के लिए थर्मल कैमरा लगाने का विकल्प भी है।



सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड में निर्मित लोइटरिंग म्यूनिशन सिस्टम में 80 फीसदी से ज्यादा स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल हुआ है। इसे आम भाषा में घूमकर हमला करने वाला हथियार कहा जा सकता है, क्योंकि यह एक तरह से हवाई एंबुश यानी घात लगाकर हमला करता है। दुश्मन के इलाके में उड़कर पहुंचने के बाद यह लक्ष्य के ऊपर हवा में मंडराता है और जैसे ही सही मौका मिलता है, यह सटीक निशाना लगाकर दुश्मन को खत्म कर सकता है। खास बात यह है कि अगर हमला रद्द करना हो तो इसे वापस भी बुलाया जा सकता है, जिससे यह दोबारा इस्तेमाल किया जा सकता है। कंपनी के मुताबिक नागास्त्र-1आर को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यह दुश्मन के राडार की पकड़ में नहीं आता है। यह 4,500 मीटर से ज्यादा ऊंचाई से दुश्मन पर नजर रख सकता है। इसकी यह खूबी इसे दुश्मन के इलाके में गुपचुप पहुंचने और वहां से सुरक्षित हमले करने में मदद करती है। खासतौर पर आतंकवादियों के काफिले पर इसका इस्तेमाल कारगर हो सकता है। इसकी एंड्योरेंस यानी हवा में लगातार बने रहने की क्षमता 60 मिनट तक की है। यानी यह एक घंटे तक दुश्मन के इलाके में मंडरा सकता है और मौका मिलते ही हमला कर सकता है।

## जलवायु परिवर्तन के संकट को देखते हुए पर्यावरणीय लागतों पर भी ध्यान दें लेखाकारः मुर्मु

**प्रातः किरण/एजेंसी**

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने जलवायु परिवर्तन के संकटों के मद्देनजर लेखाकारों से पर्यावरणीय लागतों को ध्यान में रखने पर जोर देते हुए कहा है कि उनकी जिम्मेदारियां वित्तीय लेखांकन से कहीं आगे हैं। श्रीमती मुर्मु ने सोमवार को यहां भारतीय लागत लेखाकार संस्थान (आईसीएमएआई) के राष्ट्रीय छात्र दीक्षांत समारोह में कहा कि दुनिया जलवायु परिवर्तन के संकट का सामना कर रही है और सतत विकास अब एक नारा नहीं है यह एक जरूरत बन गई है। उन्होंने कहा कि बदली हुई परिस्थितियों में लेखाकारों की भूमिका और जिम्मेदारी भी बदल गयी है। उन्होंने कहा, वह समय बीत चुका है जब कॉर्पोरेट संगठन केवल लाभ के उद्देश्य से काम करते थे। अब उन्हें पर्यावरणीय लागतों को ध्यान में रखना होगा। और यहीं पर सीएमए अपने कौशल के साथ ग्रह के भविष्य में एक बड़ा बदलाव ला सकते हैं। राष्ट्रपति ने छात्रों को यह ध्यान रखने की सलाह दी कि उनकी ज़िम्मेदारियाँ वित्तीय लेखांकन से कहीं आगे तक फैली हुई हैं। उन्होंने कहा कि लागत लेखाकार के रूप में वह 2047 तक देश के विकास में योगदान देने के लिए अद्वितीय स्थिति में हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आईसीएमएआई द्वारा दी जाने वाली शिक्षा उन्हें न केवल सफल पेशेवर बनने में सक्षम बनाएगी, बल्कि राष्ट्र-निमार्ता भी बनाएगी। राष्ट्रपति ने लेखाकारों के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि लेखांकन और जवाबदेही गहराई से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा, हम जवाबदेही को महत्व देते हैं, इसलिए हम लेखांकन को विशेष महत्व देते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय लागत लेखाकार संस्थान आधुनिक समय में इस समृद्ध विरासत को आगे बढ़ा रहा है। देश में लागत और प्रबंधन लेखाकारों के पेशे के नियमन तथा विकास के लिए आईसीएमएआई की स्थापना 1944 में की गई थी। यह संस्थान स्वतंत्रता के बाद भारत के आर्थिक परिवर्तन की गाथा का गवाह होने के साथ साथ भारतीय अर्थव्यवस्था को दुनिया की सबसे मजबूत अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनाने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### फायरिंग अभ्यास के दौरान खेत में काम कर रहे किसान को लगी गोली

दानापुर। नगर के अंतर्गत बिहार रेजीमेंटल सेंटर के लॉगरेंज पर फायरिंग अभ्यास के दौरान एक गोली खेत में काम कर रहे किसान को लग गया। गोली दाहिने बांह में लगी। जिससे वो जख्मी हो गया। घटना को देख जुटे लोग उसे लेकर अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे पटना रेफर कर दिया गया। उधर सूचना पर पहुंचे नगर पुलिस अधीक्षक पश्चिम भानु प्रताप सिंह व थानाध्यक्ष मनीष कुमार आनंद घटना स्थल पर पहुंच छानबीन करते हुए परिजन से मिले। बताया जाता है कि शाहपुर थाना क्षेत्र के दाउदपुर निवासी शिवदयाल के पुत्र विजय कुमार अपने खेत में भिंडी तोड़ रहा था। इसी क्रम में एक गोली आकर उसके बांह में लग गया। जिससे वो जख्मी हो गया। जख्मी को लोगो ने इलाज के लिए अस्पताल भेजा। जख्मी विजय ने बताया कि खेत में भिंडी तोड़ रहे थे। तभी सेना के फायरिंग रेंज के ओर से गोली आकर बांह में लग गया। सूचना पर पहुंचे नगर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रथम दृष्टया सेना के लांगरेंज पर फायरिंग के चल रहे अभ्यास के दौरान गोली छिटककर जख्मी को लगना प्रतित होता है। किसान खेत में भिंडी तोड़ रहे थे। इसी दौरान गोली छिटक कर लगी छानबीन की जा रही है। इस संबंध में सेना के अधिकारी से भी संपर्क किया जायेगा। जख्मी खतरा से बाहर है।

### भाकपा माले ने अंचल कार्यालय पर विभिन्न मुद्दों पर रोषपूर्ण प्रदर्शन किया

दानापुर। नगर के अंतर्गत भाकपा माले के खगौल इकाई द्वारा दानापुर अंचल कार्यालय पर विभिन्न मुद्दों पर रोषपूर्ण प्रदर्शन किया। राया भाकपा-माले राज्य कमिटी सदाय जितेन्द्र कुमार ने कहा कि सबरी नगर में सैकड़ों गरीब भूमिहीन परिवार लगभग 50-55 वर्षों रहते हुए आ रहे है। उन परिवारों को लगातार भूमि माफियाओं व दलालों द्वारा बिल्डर के माध्यम से गरीब परिवार को उजाड़ने की साजिश किया जा रहा है। कहा कि सरकार दिए गए नोटिस को अविलंब वापस ले। अन्य पार्टी चरणबद्ध आंदोलन करेगी। प्रदर्शन को मुर्तजा अली, सतेन्द्र शर्मा,, तपेश्वर मांझी, मनोज मांझी, बाबूलाल मांझी, अंकित कुमार समेत अन्य ने संबोधित किया।

### नगर परिषद द्वारा गोलारोड में विशेष अभियान चलाया गया

दानापुर। नगर के अंतर्गत अतिक्रमण के विरूद्ध नगर परिषद द्वारा गोलारोड में विशेष अभियान चलाया गया। कार्यपालक पदाधिकारी नगर व्यवस्था पंकज कुमार के नेतृत्व में गोलारोड में अतिक्रमण हटाओ दस्ता उतरी। दो चरणो में चले अभियान में अतिक्रमण करने वालो से करीब 21 हजार रूपसे दंड स्वरूप वसुला गया। कई जगह सामान व भवन निर्माण सामाग्री को जप्त किया गया1 सुबह में नगर प्रबंधक ब्रजेश कुमार सिंह तो सध्या में नगर प्रबंधक अमरेन्द्र कुमार के साथ अतिक्रमण हटाओ दस्ता दल बल के साथ उतरी। गोलारोड के राजधानी पेट्रोल पंप से पुलिस कालोनी मोड़ तक सड़क के दोनो किनारे से अतिक्रमण हटाया गया। श्री कुमार ने कहा कि अतिक्रमण के कारण बराबर जाम की समस्या से लोगो को परेशानी उठानी पड़ती है। जिसको लेकर अभियान चलाया गया। जो आगे भी जारी रहेगा। अतिक्रमण हटाओ दस्ता में दंडाधिकारी के साथ नगर परिषद के सफाई निरीक्षक रंजीत कुमार व कर्मी शामिल थे।

### अवैध शराब ढोते दो को पुलिस ने किया गिरफ्तार, स्कूटी भी जब्त


पटना सिटी, आलमगंज थाना की पुलिस ने देसी महुआ शराब ढुलाई में इस्तेमाल स्कूटी के साथ दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में आलमगंज थाना में कांड 664/25 दर्ज किया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर ने बताया कि अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं शराब के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया गया था। इसी दौरान गुड़ की मंडी से दो लोगों को 10.8 लीटर देसी महुआ शराब और स्कूटी के साथ पकड़ा गया। गिरफ्तार लोगों में गुड़ की मंडी का रहने वाला प्रमोद पासवान और जितेंद्र पासवान, दोनों पिता शिवनाथ पासवान है। जब्त किए गए स्कूटी पर रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 01ईएक्स 5539 लिखा था। छापेमारी दल में पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर, परि एसआई कृष्णा राम, एएसआई देवेंद्र कुमार गौतम, अनवर हुसैन, जितेंद्र बड़ाईक एवं सशस्त्र बल शामिल था।

## राज्य में कालाजार उन्मूलन के लिए दो सेंटर ऑफ एक्सीलेंस कार्यरत

# कालाजार की वर्तमान स्थिति को बनाये रखने पर विभाग का फोकस

प्रात:किरण संवाददाता

पटना। उष्णकटिबंधीय क्षेत्र में आने के कारण भारत में कम से कम 20 उपेक्षित उष्णकटिबंधीय (एनटीडी) रोग मौजूद हैं। इन रोगों से रोगी में दुर्बलता तो आती ही है, कई स्थितियों में ये पीड़ित व्यक्ति की मौत का कारण भी बनती हैं। मालूम हो कि राज्य कालाजार उन्मूलन लक्ष्य 2026 के विरुद्ध 2022 में ही कालाजार के पूर्ण उन्मूलन का लक्ष्य प्राप्त कर चुका है। कालाजार उन्मूलन के लक्ष्य का अर्थ प्रति 10 हजार की आबादी पर एक से भी कम मरीजों का मिलना है। राज्य ने विगत दो वर्षों से कालाजार पूर्ण उन्मूलन को यथावत रखा है।



राज्य कालाजार उन्मूलन के लक्ष्य वर्ष के पहले ही कालाजार मुक्त हो चुका है। अब विभाग का फोकस कालाजार के वर्तमान स्थिति को बनाए रखने के साथ शून्य कालाजार रोगियों की तरफ है। इसके लिए स्वास्थ्य केंद्रों में आर के -39 से जांच की सुविधा व उपचार उपलब्ध है। इसके अलावा प्रभावित जिलों के राजस्व ग्रामों में आइआरएस चक्र भी चलाए जा रहे हैं। कालाजार मरीजों को एक छत के नीचे सभी संबंधित चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने के लिए राज्य में सारण एवं पूर्णिया में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस संचालित है। पहले कालाजार से संबंधित कई तरह की जांच के लिए संदिग्ध मरीजों को पटना जाना पड़ता था। अब सारण एवं पूर्णिया में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस संचालित होने से उक्त जिलों के साथ आस पास के क्षेत्रों के संदिग्ध मरीजों को भी सहूलियत हो गयी है। इन सेंटरों पर सुविधाओं का नियमित उन्नयन किया जा रहा है। वेक्टर रोग नियंत्रण पदाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि साल में 4 बार घर-घर कालाजार रोगियों की खोज की जाती है। रोगियों को सरकारी अस्पतालों में इलाज के बाद मुख्यमंत्री कालाजार रोगी सहायता से श्रम क्षतिपूर्ति के रूप में 6600 रुपए एवं भारत सरकार के द्वारा 500 रुपए भुगतान के रूप में दिए जाते हैं।चमड़ी का कालाजार ( पीकेडीएल ) मरीजों को भारत सरकार द्वारा एकमुश्त 4000 रुपए प्रति मरीज क्षतिपूर्ति राशि भुगतान का प्रावधान है।

**कालाजार उन्मूलन पर गतिविधियों का दोहरा वार:**

कालाजार उन्मूलन के लिए साल में दो बार सिंथेटिक पाराथाईराइड का छिड़काव किया जाता है. 60 दिवसीय पहला चक्र मार्च से मई एवं दूसरा चक्र अगस्त से अक्टूबर में किया जाता है. राज्य में कालाजार मरीजों की जांच एवं उपचार के लिए 88 उपचार केंद्र चिन्हित हैं एवं साथ ही राज्य के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर संभावित चमड़ी के कालाजार मरीजों की जांच एवं उपचार की सुविधा निशुल्क उपलब्ध है। गंभीर मरीजों की जांच एवं उपचार के लिए तीन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पटना स्थित आरएमआरआई, सारण एवं पुर्णिया में क्रियाशील है।

## राशन देने की नई व्यवस्था के खिलाफ लाभार्थियों ने किया प्रदर्शन



**• एसडीओ से मिल शिष्टमंडल ने मांगों का पत्र सौंपा, कार्रवाई का भरोसा**

पटना सिटी, प्रात:किरण संवाददाता

नागरिक अधिकार मंच के द्वारा बावली मोड़ पर खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग बिहार सरकार के 17 जून को जारी पत्र 1056 के द्वारा राशन देने की नई व्यवस्था से उत्पन्न समस्या को लेकर आक्रोश देखा गया। सोमवार को राशन कार्डधारियों ने इस निर्णय का जमकर विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही खाद्य आपूर्ति मंत्री एवं खाद्य सुरक्षा संरक्षण विभाग के विरुद्ध नारा लगाया गया। इसका नेतृत्व पूर्व पार्षद बलराम चौधरी, सीपीआई नेता देव रतन प्रसाद, शंभू प्रसाद आदि ने करते हुए कहा कि सरकारी आदेश जून माह का राशन 20 तारीख तक ही मिलने से राशन लेने से वंचित कार्डधारी परेशान हैं। उन्होंने बिहार सरकार के खाद्य आपूर्ति मंत्री से मांग की है कि राशन वितरण की पुरानी व्यवस्था से ही राशन लाभार्थियों को दिया जाए। इस अवसर पर संगीता देवी, शकुंतला देवी, फरजाना खातून, सुनीता देवी, शीला देवी, शाहिनामांगों से संबंधित परवीन, गीता देवी आदि शामिल थीं। बाद में एक प्रतिनिधिमंडल ज्ञापन सौंपा। एसडीओ ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि वह उनकी मांगों को वरीय अधिकारियों तक पहुंचने का काम करेंगे।

## झाऊगंज गली में नाला का चैंबर धंसा, हो रहा घटना



पटना सिटी, प्रात:किरण संवाददाता

पटना नगर निगम के वार्ड संख्या 66 में झाऊगंज गली है। अशोक राजपथ से शुरू होकर यह कंगन घाट रास्ते को जोड़ने का काम कर चौक थाना रोड में जाकर मिलती है। झाऊगंज गली के बीचो-बीच में नाला बना है। इस नाला का एक चेंबर का स्लैब धंस गया है। इस कारण से नाला का मुंह पूरी तरह से खुला है। रात के अंधेरे में या फिर बारिश में भी लोग यदि थोड़ा भी ध्यान नहीं देंगे, तो उसमें पैदल जाते समय या वाहन का भी उस खुला नाला में गिरना तय है। हालांकि आसपास के लोग बताते हैं कि दो-चार घटनाएं हो चुकी हैं। हालांकि इसमें किसी की जान अभी तक नहीं गई है। मगर वाहन का नुकसान हुआ है या लोग घायल हुए हैं। इस संबंध में जब वार्ड पार्षद कांति देवी से बात की गई, तो उनका कहना था कि उनके संज्ञान में यह बात आई है। जल्द ही उस नाला के चैंबर को ढंकने के लिए नगर निगम के संबंधित पदाधिकारी काम करेंगे। पूर्व पार्षद मनोज कुमार ने कहा कि संभवतः कोई भारी वाहन का पहिया के दबाव से ही वह धंस गया होगा। कारण कि वह सीमेंट बालू के स्लैब से बना था।

## विस अध्यक्ष ने किया नई तकनीक से निर्मित विशेष स्कूल बैग का वितरण



पटना सिटी, प्रात:किरण संवाददाता

बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मालसलामी मंडल के परम्बा स्कूल में वार्ड संख्या 71 के 10 आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों के बीच स्कूल बैग का वितरण किया। गेल (इंडिया) लिमिटेड द्वारा नई तकनीक से विशेष स्कूल बैग का निर्माण कराया गया है। यह बैग न सिर्फ पाठ्य सामग्री रखने के लिए उपयोगी है, बल्कि इसे स्टडी टेबल के रूप में भी इस्तेमाल किया जा सकता है। विस अध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि गेल (इंडिया) लिमिटेड द्वारा निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत यूनिसेड संस्था के सहयोग से शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुधार के लिए नवाचार कार्यक्रम स्कूल बैग विथ एजुकेशनल डेस्क का वितरण चलाया जा रहा है। इससे जरूरतमंद बच्चों के शिक्षा और स्वास्थ्य में गुणात्मक सुधार आयेगा। वितरण समारोह में अध्यक्ष नंदकिशोर यादव के अलावा वार्ड 71 की पार्षद अंजलि राय, मंडल अध्यक्ष मनोज यादव, विनय केशरी, पिंकू यादव, विद्याभूषण अवस्थी, प्रदीप शर्मा, दीपू सहनी, राजन, किशोरी जी, राजेश साह आदि उपस्थित रहे।

## छटंकी पुल नाला का निर्माण कछुआ चाल से, लोग बेहाल

पटना सिटी, प्रात:किरण संवाददाता





पटना नगर निगम वार्ड संख्या 62 में वर्षों से लाइलाज रहा छटंकी पुल नाला का निर्माण किया जा रहा है। फिलहाल नल का निर्माण रेलवे लाइन के दक्षिण की ओर से होते हुए चल रहा है। ठेकेदार के द्वारा पिछले तीन साल से नाले का निर्माण कछुआ की चाल में चल रहा है।छटंकी पुल के पास नाला के निर्माण के दौरान सड़क मार्ग की भी खुदाई कर दी गई है। इससे उस रास्ते से आने-जाने वाले लोगों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क मार्ग की खुदाई किए जाने से आधा दर्जन गांव के लोग प्रभावित हो गए हैं। इस रास्ते से आने-जाने वाले लोग हर दिन गड्ढे में गिरकर चोटिल या घायल हो रहे हैं। दूसरी ओर इसी वार्ड के बाहरी बेगमपुर गौरैया स्थान के पास बरसात में नाली बनाने के लिए ठेकेदार के द्वारा मनमानी किए जाने की बात कही जा रही है। ठेकेदार ने बेगमपुर में जलापूर्ति पाइप लाइन को तोड़ दिया है और आने-जाने वाले रास्ते को पिछले पांच-छह दिनों से गड्ढा बना कर छोड़ दिया गया है। इसके कारण लोग घर से बाहर आते व जाते समय नाला में गिर जा रहे हैं। इस संबंध में वार्ड पार्षद तारा देवी व उनके प्रतिनिधि रवि रोशन मेहता ने कहा कि छटंकी नाला लाइलाज बना था। जब वार्ड पार्षद के रूप में संतोष मेहता थे, उस वक्त भी इस नाला के जाम हो जाने के कारण दो-तीन दिनों तक सड़क जाम कर आंदोलन किया गया था। तब स्थानीय विधायक नंदकिशोर यादव और भूतपूर्व विधान पार्षद सत्येंद्र नारायण कुशवाहा भी आंदोलन में उतरे थे। अब जबकि उस नाला का निर्माण कार्य चल रहा है, तो हर निर्माण चलने के दौरान कुछ परेशानियां उठानी पड़ती हैं, जो आगे सुखमय और लाभ का कारण बन जाता है। उनकी जनता से अपील है कि वह काम कर रहे ठेकेदार पर दबाव बनाकर काम को तेजी से पूरा करने के लिए कहेंगे। पानी की जलापूर्ति पाइप, जो टूट गया है, उसे भी मरम्मत कराने की दिशा में प्रयास किया जा रहा है। आंशिक समस्या को गंभीर बनने से पहले उसका निदान किया जाता है और जब नाला व रोड बन जाएगा, तब लोग इसकी सराहना करते नहीं थकेंगे।

## समाज और राष्ट्र के प्रति समर्पित महान बलिदानी थे श्यामा प्रसाद मुखर्जी : अर्जुन गुप्ता



प्रात:किरण संवाददाता

पटना। अखिल भारतीय सामाजिक न्याय मोर्चा के तत्वधान मे एस एस प्रॉपर्टी स्कूल जानता रोड पटना मे श्रद्धेय श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि सह स्मृति दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य रूप से मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्जुन गुप्ता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रहलाद वर्मा राष्ट्रीय महासचिव प्रीती पाठक उपस्थित रहे कार्यक्रम की शुरूआत श्रद्धेय श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की तैल्य चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हूऐ मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह भाजपा नेता अर्जुन गुप्ता ने कहा कि समाज के उत्थान तथा अखण्ड भारत के लिये श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जो कार्य किये वो हम सभी युवाओ के लिये प्रेरणापुंज है उनका सपना था कि एक देश एक निशान एक विधान हो यही सपना को लेकर उन्होंने देश हित के लिये 23 जून 1953 को अपना बलिदान दे दिया लेकिन उनके सपने को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने 2019 मे धारा 370 हटा पूरा करने का कार्य किये वही श्री गुप्ता ने कहा कि आज के युवाओ को श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के द्वारा किये गये कार्यो से सीखने की जरूरत है जिन्होंने अपने राष्ट्र हित के लिये पंडित नेहरू के कार्यकाल में केंद्रीय उधोग तथा आपूर्ति मंत्री के पद से इस्तीफा कर यह साबित कर दिया था कि उनके लिये पद से ज्यादा राष्ट जरूरी है कार्यक्रम को मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह भाजपा नेता प्रहलाद वर्मा राष्ट्रीय महासचिव प्रीति पाठक आदि ने भी सम्बोधित किया मौके पर मोर्चा के प्रदेश महासचिव मिना तिवारी इंदु जायसवाल बेबी कुमारी पिंटू कुमार सुदर्शन कुमार आदि दर्जनों लोग मौजूद थे

## आगामी 29 जून को वैश्य अधिकारों की मांग को ले पटना में जुटेंगे प्रदेश भर के हजारों वैश्य समाज के लोग

प्रात:किरण संवाददाता

पटना। राष्ट्रीय वैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और विधायक समीर कुमार महासेठ , कार्यक्रम संयोजक सह विधान पार्षद विनोद जायसवाल, विधायक रणविजय साहू, प्रदेश अध्यक्ष डॉ पीके चौधरी, पूर्व पुलिस महानिदेशक अशोक गुप्ता एवं युवा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष मंजीत आनंद साहू ने संयुक्त रूप से संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी 29 जून को पटना के बापू सभागार में राष्ट्रीय वैश्य महासभा के तत्वाधान में वैश्य प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। बिहार के विभिन्न करीब 25 जिलों का दौरा किया का चुका है। वैश्य समाज मे सरकार के प्रति काफी आक्रोश है। वैश्य समाज के बड़ी आबादी छोटे बड़े व मध्यम व्यवसाय से जुड़े लोग हैं। आये दिन दुकानों प्रतिष्ठानों एवं व्यवसायी बंधुओं को टारगेट किया जाता है। यह समाज अपराधियों के निशाने पर रहता है। दुकानों में लूट। फिरौती की मांग हत्या, वगैरह वगैरह जैसे जुल्म ज्यादती का




शिकार वैश्य समाज के लोगों को लगातार होना पड़ रहा है। सरकार हमारी सुरक्षा को लेकर बिलकुल बेपरवाह है। राजधानी पटना में भी वैश्य व्यवसायी बिलकुल भी सुरक्षित नही है। दुसरी तरफ सरकारी नीतियाँ मसलन जी.एस.टी. नोटबन्दी जैसी वयवसाय विरोधी नीतियां से समाज का बहुत बड़ा नुकसान हुआ है। इन नेताओं ने आगे कहा की राज्य सरकार ने कई आयोग का गठन किया है। लेकिन वैश्य आयोग की मांग अभी भी लंबित है। व्यवसायियों की सुरक्षा के लिए मंडियों एवं प्रमुख बाजारों में स्पेशल टास्क फोर्स एवं वैश्य व्यवसायी सुरक्षा पुलिस चौकी का गठन सहित कई मांगो पर चिंतन मंथन सम्मेलन में किया जाना है। बिहार में बीस वर्षों के शाषन काल में जिस वोट के आधार पर सरकारें गठित हुई है उसी वोट बैंक समुदाय को सबसे ज्यादा सताया गया है। अपराधियों द्वारा गोलियों का शिकार बनाया गया है। सरकार संगठित अपराध के नियंत्रण में विफल रही है। वैश्य व्यवसायी के जान और माल की आज कोई गारंटी लेने वाला नहीं है। यह आज का सबसे गंभीर प्रश्न है। हम सभी इस सम्मेलन के जरिए भाजपा-जदयू की सरका।

## मत्स्य कृषकों ने बिहार में असंगठित क्षेत्र को किया सुव्यस्थित

प्रात:किरण संवाददाता

पटना। राज्य में मछली उत्पादन को संगठित, समृद्ध और सशक्त बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार के द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह योजन का लाभ मत्स्य कृषकों को दिया जा रहा है। पशु और मत्स्य संसाधन विभाग के मत्स्य निदेशालय के द्वारा राज्य में बड़े पैमाने पर मत्स्य कृषकों को संगठित, समृद्ध और सशक्त बनाने तथा मत्स्य पालन के क्षेत्र में बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए योजनान्तर्गत नेशनल फिशरिज डिजिटल प्लेटफॉर्म (एन.एफ.डी.पी) पर रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। इस योजनान्तर्गत बिहार में मत्स्य कृषकों को मत्स्य पालन में तरक्की का सुनहरा अवसर मिल रहा है। अब रल्क्ष्र, छोटे उद्दमों, सहकारी समितियों और मत्स्य किसान संगठनों को 35 प्रतिशत तक प्रदर्शन अनुदान (ढी१ङ्क१ल्लू ऋ्१ल्ल३) एन.एफ.डी.पी. प्रोटल के माध्यम से दिया जा रहा है। एन.एफ.डी.पी के जरिए मछली पालकों और सहकारी समितियों की सदस्यों कों ट्रेनिंग, वित्तिय जानकारी और योजना बनाने में मदद दी जा रही है। इस पर रजिस्ट्रेशन कर मछुआरों अपनी डिजिटल पहचान पत्र प्राप्त कर रहे है। प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह-योजना के विभिन्न घटकों के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए एन.एफ.डी.पी. पर रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह-योजना के अंतर्गत एन.एफ.डी.पी. के माध्यम से मछुआरों, मत्स्य पालकों और सहायक श्रमिकों को पंजीकरण के द्वारा असंगठित श्रेत्र को सुव्यवस्थित किया जा रहा है। इससे जुड़ने के लिए इच्छुक व्यक्ति या संगठन ३३स्र२://ल्लास्रि.ङ्कि.ङ्क५.ल्ल पर लॉग इन कर सकते हैं और विस्तृत जानकारी जिलों के जिला मत्स्य कार्यलयों से भी प्राप्त कर सकते हैं। राज्य में अब तक 1.12 लाख से अधिक मत्स्य पलकों के द्वारा एन.एफ.डी.पी पर पंजिकरण किया जाना इस बात का प्रमाण है कि बिहार इस डिजिटल बदलाव को तेजी से अपना रहा है एवं मत्स्य पालन को उद्दम के रूप में स्थापित करने एवं मत्स्य कृषकों को खुशहाल करने की दिशा की ओ अग्रसर है।

## डीएम ने दीदारगंज से भद्र घाट तक चल रही योजनाओं का किया निरीक्षण

**सीएम के प्रगति यात्रा में की गई घोषणाओं को ससमय पूरा करने का कार्य एजेंसी को दिए निर्देश**

पटना सिटी, प्रात:किरण संवाददाता

डीएम डॉ त्यागराजन एसएम के द्वारा दीदारगंज से भद्रघाट तक चल रहे विभिन्न योजनाओं का सोमवार को निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने जेपी गंगा पथ-अशोक राजपथ तथा पटना साहिब रेलवे स्टेशन के नजदीक के क्षेत्र में भी जनहित के कार्यों का निरीक्षण किया। उनके द्वारा पदाधिकारियों एवं अभियंताओं को मुख्यमंत्री की पटना जिला में 21 फरवरी को प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं तथा राज्य सरकार द्वारा इसकी स्वीकृति के आलोक में योजनाओं का त्वरित गति से क्रियान्वयन करने का निदेश दिया गया। निरीक्षण के दौरान सिटी एसडीओ सत्यम सहाय भी साथ में थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा 21 फरवरी को प्रगति यात्रा के दौरान पटना जिला में 10,871 करोड़ से अधिक की विकास योजनाओं से संबंधित 32 घोषणाएं की गई थीं। डीएम त्यागराजन एसएम की ओर से



बताया गया कि पथ निर्माण विभाग द्वारा 158 करोड़ से अधिक की राशि से गायघाट-कंगन घाट-दीदारगंज तक कुल लंबाई 7.80 किलोमीटर पथ का चार लेन चौड़ीकरण एवं निर्माण का कार्य किया जाना है। इससे इस क्षेत्र के लोगों को आवागमन में सुविधा होगी तथा ट्रेफिक जाम की समस्या समाप्त होगी। गायघाट में जेपी गंगा पथ से डाउन रैम्प का निर्माण किया जाएगा। इससे जेपी गंगा पथ से सटे नदी की ओर डाउन रैम्प का निर्माण किया जाना है। अभी जे.पी. गंगा पथ से गायघाट में उतरने के लिए उल्टे लेन में जाना पड़ता है, जिससे जाम लगता है और दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। 61.95 करोड़ से कार्य होना है। मंगल तालाब का जीर्णोद्धार एवं पर्यटकीय सुविधाओं का विकास के अंतर्गत रेस्टोरेंट, शौचालय कंपलेक्स, घाट एवं प्रोवनेंट, स्थलीय विकास, सिविल वर्क, लैंडस्कैपिंग एवं अन्य कार्य कराया जाएगा। कार्यान्वयन एजेंसी पर्यटन विभाग (बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड) है। कुल स्वीकृत राशि 14.05 करोड़ है। कंगनघाट में मल्टी लेबल पार्किंग का निर्माण कार्यान्वयन एजेंसी पर्यटन विभाग द्वारा 99.26 करोड़ की स्वीकृत राशि से निर्माण किया जाएगा। इसके बन जाने से बड़ी संख्या में आने वाले सिख श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को वाहन पार्किंग की सुविधा होगी। उप विकास आयुक्त द्वारा इन योजनाओं का नियमित पर्यवेक्षण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पदाधिकारियों को समयबद्ध ढंग से काम करने का निदेश दिया गया है।

## महाप्रबंधक द्वारा सेन्ट्रल सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटना में डायलिसिस यूनिट का हुआ शुभारंभ



प्रात:किरण संवाददाता

पटना/ हाजीपुर । महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा सेन्ट्रल सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटना के डायलिसिस यूनिट में एक नवीन डायलिसिस मशीन का शुभारंभ किया गया । इस नवीन डायलिसिस मशीन के चालू होने से और अधिक किडनी रोग पीड़ित मरीजों को डायलिसिस की सुविधा प्राप्त हो सकेगी । इससे प्रतिदिन पहले से ज्यादा किडनी के मरीज लाभान्वित हो सकेंगे । इस अवसर पर डा. कौशल कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा निदेशक/नेफ्रो के द्वारा किडनी रोग मरीजों के बारे में जानकारी दी गई और उनके इलाज में डायलिसिस विधि से उनकी स्वास्थ्य में सुधार के बारे में भी अवगत कराया गया । इस अवसर पर प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. यू.के.पेरूमाल, चिकित्सा निदेशक, सेन्ट्रल सुपर स्पेशियलियटी हॉस्पिटल डॉ. सुबोध कुमार मिश्रा, मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर श्री जयंत कुमार चौधरी एवं सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष एवं अस्पताल के अन्य चिकित्सकगण उपस्थित थे ।

## पुण्यतिथि पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को भाजपाइयों ने किया याद

पटना सिटी, प्रात:किरण संवाददाता

पूरब द्वार मंडल में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया। मंडल अध्यक्ष महेश पासवान की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में किरण शंकर, विनय कुमार बिट्ठू, सुजीत कुमार, आदित्य राज, राजू जायसवाल, सुजीत कुशवाहा, ओम पासवान, पिंटू पासवान, राजू, मनीष, संतोष गुप्ता, मनोज यादव, मनोज ठाकुर, जगन्नाथ शर्मा, अमर दीक्षित, हिमांशु मिश्रा, पारसनाथ आदि ने डॉ मुखर्जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व व कृतित्व को याद किया। लखन श्याम विद्रोही मंडल के द्वारा मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार विद्रोही के नेतृत्व में राष्ट्रभक्त व भारतीय जन संघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप मे लोदीकटरा शिव मंदिर सामुदायिक भवन में मनाया गया। मौके पर कार्यकताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वहीं भाजपा के कर्मठ एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता स्व लालबाबू पासवान के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। उपस्थित कार्यकताओं में मनोज चंद्रा, आजाद मेहता, ओंकार आनंद, अनुज कुमार सिन्हा, बलराम माथुरी, राम लगन दास, मनोज कांत झा, संतोष साह, मनोहर जी, अरशी अजीज, राकेश कुमार सिन्हा, नंदलाल दास, मानिकचंद पासवान, उदय पासवान, मो फैजान, हरिकांत झा, गणेश साह, संजय गुप्ता, राजू चौधरी, गौतम पांडेय, महेन्द्र आर्य, कामता पासवान आदि शामिल हुए। पटना सिटी व्यापार मंडल के द्वारा भी डॉ मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया। मंडल के अध्यक्ष प्रदीप सिंह यादव, अवधेश कुमार सिन्हा, अरुण मिश्रा, उदय कुमार, भगवती मोदी, राजकुमार शर्मा, प्रकाश कोठारी आदि ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व का बखान करते हुए राष्ट्र प्रेम और भारतीय जनसंघ में उनकी भूमिका पर विचार रखे। गायघाट मंडल में करनालगंज परिसर में कार्यक्रम की अध्यक्षता गायघाट मंडल के अध्यक्ष पंकज कुमार गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में गोपाल कुमार, अजीत सिंह, संजय कुमार सिंह, अशोक कुमार मेहता, गुंजन कुमार, ब्रह्मदेव शर्मा, मुकेश कुमार मंटू, विनोद पासवान, शंकर कुमार चौधरी, रविशंकर शर्मा, मृत्युंजय बलदीहार, कोमल कुमारी, रेखा शर्मा, रेशमी भारती, निक्की कुमारी, सीताराम महतो, कृष्ण कुमार मधुकर, सतीश कुमार सिन्हा, संजय गुप्ता, प्रमोद कुमार, देवीसिंह मेहरा, रंजीत राणा, दीपेश शर्मा, अंजीत शर्मा, सुब्रो दास, अतुल कुमार, विप्रो दास आदि उपस्थित थे।

# बिहार में मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने हेतु 10.30 करोड़ रुपए की योजना स्वीकृत : विजय

## किसानों की आय में वृद्धि हेतु निरंतर प्रयासरत है सरकार

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि बिहार सरकार कृषि क्षेत्र के सतत विकास, किसानों की आय में वृद्धि तथा कृषि विविधीकरण को बढ़ावा देने हेतु निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए एकीकृत बागवानी विकास मिशन के अंतर्गत मधुमक्खी पालन एवं मधु उत्पादन योजना को मंजूरी प्रदान की गई है। इस योजना के अंतर्गत कुल 10.30 करोड़ रुपये की राशि की निकासी एवं व्यय को स्वीकृति दी गई है। इसका उद्देश्य किसानों को मधुमक्खी पालन के लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कर कृषि में परागण की प्रक्रिया को मजबूत करना, मधु उत्पादन को प्रोत्साहित करना तथा किसानों की आजीविका को सुदृढ़ बनाना है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह योजना राज्य के सभी जिलों में लागू की जाएगी, जिससे व्यापक स्तर पर किसानों को इसका लाभ मिल सकेगा। योजना के तहत किसानों को तीन प्रमुख घटकों मधुमक्खी बक्सा, मधुमक्खी छत्ता तथा मधु निष्कासन यंत्र एवं फूड ग्रेड कंटेनर पर 50 प्रतिशत तक का अनुदान दिया जाएगा। मधुमक्खी बक्से की इकाई लागत 4000 रुपये है, जिस पर 2000 रुपये का अनुदान मिलेगा। मधुमक्खी छत्ते की लागत 2000 रुपये तय की गई है, जिस पर 1000 रुपये का अनुदान मिलेगा। वहीं मधु निष्कासन यंत्र और दो फूड ग्रेड कंटेनर (प्रत्येक 30 किग्रा) की कुल लागत 20000 रुपये है, जिसमें किसानों को 10000 रुपये का अनुदान प्रदान किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सभी उपकरण राष्ट्रीय बागवानी मिशन द्वारा निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप होंगे। मधुमक्खी बक्सों में ब्रुड चेंबर, क्वीन एक्सक्लूडर, इनर कवर, हनी चैंबर, टॉप कवर, स्टैंड एवं आठ फ्रेम होंगे। वहीं मधुमक्खी छत्तों में रानी, ड्रोन और वर्कर मधुमक्खियाँ, मोम और अन्य सहायक उपकरण दिए जाएंगे। इससे किसानों को आधुनिक तकनीकों से लैस किया जाएगा।

श्री सिन्हा ने बताया कि यह योजना न केवल मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देगी, बल्कि फसलों की उत्पादकता में सुधार लाकर किसानों की आमदनी बढ़ाने में भी सहायक सिद्ध होगी। मधु एवं इससे संबंधित उत्पादों के प्रसंस्करण से किसान अतिरिक्त आय अर्जित कर सकेंगे। यह पहल आत्मनिर्भर बिहार के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# बिहार के 6 जिलों में 70 करोड़ से अधिक की लागत से सड़कों और नलों का होगा जीर्णोद्धार : नितिन

## मंत्री बोले -कई नये पथों का भी किया जाएगा निर्माण

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन द्वारा सोमवार को राज्य योजना मद से कुल 11 योजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गयी। साथ ही सभी कार्यों की आरंभ प्रक्रिया तेजी से करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। मंत्री ने बताया कि इन योजना में सड़कों का चौड़िकरण, नाला निर्माण, क्षतिग्रस्त पथों की मरम्मती एवं नये पथ का निर्माण शामिल है। इन कार्यों को लगभग 70 करोड़ की अधिक की लागत से किया जाएगा। मंत्री श्री नवीन ने कहा कि बिहार में लगातार फैल रहा सड़कों का जाल यहां की विकास की गति को दर्शा रहा है। पथ निर्माण विभाग नागरिकों को बेहतर रोड कनेक्विटि और सुविधाजनक एवं सुरक्षित यातायात उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध्ध तरीके से काम कर रहा है। इसी क्रम में विभाग की ओर से 6 जिलों की 11 योजनाओं को राज्य योजना मद से पूर्ण करने का निर्णय लिया गया है। ये सभी सड़कें जिलों को व्यवस्थित करने में महत्वपूर्ण योगदान निभायेंगी। मंत्री श्री नवीन ने जानकारी दी कि इन योजनाओं में मोतिहारी जिले में बरियारपुर से हवाई अड्डा चौक तक दोनों तरफ नाला एवं पेभर स्लॉक, बलुआ फ्लाई ओवर से टाउन थाना (पेट्रोल पम्प) से गायत्री मंदिर तक का डिवाईडर कार्य, सीतामढ़ी जिले में परिहार प्रखण्ड अंतर्गत कुम्मा-बेला पथ के सौरभर, मनपौर, डिमाही, बेला मच्छपकौनी ग्राम में सड़क किनारे नाला निर्माण, मधुबनी में राजनगर-बाबुबरही खुटौना पथ में बाबुबरही बाजार भाग में मरम्मति कार्य, कैमूर जिला के रामगढ़ प्रखण्ड अंतर्गत रामगढ़ दुर्गावती पथ के देवहलिया बाजार में दोनों तरफ नाला निर्माण एवं सीतामढ़ी के रीगा ढेंग पथ में ससौला देवी स्थान से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथ आसीसी नाला निर्माण शामिल किया गया है। मंत्री ने बताया कि पटना की बात करें योजनाओं में किदवईपुरी पथ, (बचुन जी के घर से पीधएण्ड टी कॉलोनी मंदिर से राजीव प्रताप रूड़ी के घर होते हुए बोरिंग कैनाल रोड एवं सम्पर्क पथ तक) का चौड़ीकरण एवं निर्माण, शहीद गेट (रेलवे घुमटी) से रामरतन सिंह महाविद्यालय होते हुए शवदाहगृह पथ का निर्माण, बाजार समिति मोड से सैदपुर नहर का चौड़ीकरण कर पथ का निर्माण, शेरशाह गुड़ की मंडी से भीखना पहाड़ी पथ, गोसाई टोला मौड़ से अल्पना मार्केट भाया हाउस नं० 250, डॉ एमपी नारायण क्लिनिक डॉ जेपी नारायण क्लिनिक एवं डॉ केपी सिन्हा क्लिनिक।

# आप और हम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगरनाथ साह ने राजद की सदस्यता ग्रहण की : एजाज

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में राजद के प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल के समक्ष आप और हम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगरनाथ साह ने अपने समर्थकों के साथ अपनी पार्टी का विलय कर राष्ट्रीय जनता दल की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव श्री भोला यादव एवं प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने आप और हम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगरनाथ साह, अविनाश कुमार, कुन्दन सिंह पटेल, मीरा गुप्ता, अविनाश साईं को राजद की सदस्यता रसीद के साथ फूलों की माला और लालू के जीवनी पर लिखित पुस्तक गोपालगंज टू रायसीना देकर सम्मानित किया। और सभी को राजद की सदस्यता ग्रहण कराकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने कहा कि देश के संविधान और लोकतंत्र को कमजोर करने की लगातार साजिश चल रही है। हमसभी को मिलकर वैसी ताकतों के खिलाफ मजबूती से लड़ना होगा और लालू जी के विचार और तेजस्वी के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना होगा। साथ ही इन्होंने आगे कहा कि 17 महीने के महागठबंधन सरकार में तेजस्वी ने जो नौकरी, रोजगार, शिक्षा, चिकित्सा, पर्यटन, आईटी सेक्टर, सिंचाई, बिहार के विकास का जो रोडमैप तय किया उससे बिहार में सकारात्मक राजनीति को मजबूती मिली। तेजस्वी ने बिहार में विकास और नौकरी-रोजगार को मुद्दा बनाकर बिहार से नफरत का माहौल समाप्त करने की दिशा में जो कार्य किये वह ऐतिहासिक रहा और इसकी सराहना सभी ओर से की जा रही है। आज बिहार की जनता का विश्वास और समर्थन तेजस्वी जी के नेतृत्व पर जो बना है उसे और मजबूत करने की आवश्यकता है।

अपने पार्टी के विलय के बाद जगन्नाथ साह ने कहा कि राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद के विचार और तेजस्वी जी के कार्यों से प्रभावित होकर युवा नेतृत्व को मजबूती प्रदान करने के लिए अपनी पार्टी का विलय किया।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के स्मृति दिवस पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने दी श्रद्धांजलि

# जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने से बड़ी और सच्ची श्रद्धांजलि उनके प्रति और कुछ नहीं हो सकती थी : दिलीप

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। भारतीय जनसंघ के संस्थापक और प्रखर राष्ट्रवादी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि (बलिदान दिवस) पर बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित स्मृति दिवस कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल समेत पार्टी के कई नेताओं और कार्यकताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने डॉ. मुखर्जी के राष्ट्रवादी विचारों, जम्मू-कश्मीर के पूर्ण एकीकरण के लिए उनके बलिदान और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की वैचारिक नींव को मजबूत करने में उनके योगदान को याद किया। भाजपा प्रदेश कार्यालय के अटल सभागार में आयोजित स्मृति दिवस कार्यक्रम में डॉ. मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया, आज हम उनके कृतित्व को याद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने से बड़ी और सच्ची श्रद्धांजलि उनके प्रति और कुछ नहीं हो सकती है। उनकी चाहत थी कि इस देश में एक निशान, एक विधान और एक प्रधान हो। उन्होंने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को धन्यवाद भी दिया। उन्होंने कहा कि उनकी श्रद्धांजलि के लिए इससे बड़ा कोई और काम नहीं हो सकता। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने कहा कि मात्र 33 साल की उम्र में वे कुलपति बने थे। समझा जा सकता है कि वे कितने बड़े शिक्षाविद और विचारक थे।

उन्होंने याद करते हुए कहा कि जब देश का बंटवारा हो रहा था तब किशनगंज, सिलीगुड़ी, मालदा सहित कई इलाके पाकिस्तान में जा चुके थे, इसी इलाके को ह्यचिकेन नेकह्न भी कहा जाता है। लेकिन आज हम गौरवान्वित होकर खुद को हिंदुस्तानी बोल रहे हैं, क्योंकि मैं खुद किशनगंज से ही आता हूं। आज इसका श्रेय भी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को जाता है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि उनकी पुण्यात्मा जहां कहीं भी हो भगवान उसे अमरत्व प्रदान करे।इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, संगठन महामंत्री भिखू भाई दालसानिया, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष अमृता भूषण राठौर, अशोक सहनी, प्रदेश मंत्री संजय गुप्ता, धनराज शर्मा, पटना महानगर अध्यक्ष रूप नारायण मेहता, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अमित प्रकाश बबलू, प्रभात कुमार, आशुतोष शंकर, मीना झा, प्रवीण पटेल, ज्ञान ओझा सहित बड़ी संख्या में प्रदेश के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थिति रहे।

# बिना नक्शा पास हुये निर्माण करने वालों की होगी जांच

- नगर निगम द्वारा सभी अंचल के लिये 6 टीम का किया गया गठन

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। पटना नगर निगम द्वारा नक्शा पास किए बिना भवन का निर्माण जहां भी शुरू किया गया है इसकी जांच की जायेगी। गौरतलब है कि पटना नगर निगम द्वारा नक्शा पास करने के लिये वर्तमान में सभी 6 अंचलों से 234 आवेदन प्राप्त है। जिनकी जांच की जायेगी कि ये सभी आवेदन कर्ता नक्शा पास किए बिना भवन का निर्माण तो नहीं शुरू किये है। पटना नगर निगम द्वारा ऐसा करने वालों पर अब विशेष नजर रखी जायेगी इसके लिए 6 टीमों का गठन किया गया है। टीम द्वारा नक्शा पास के लिये आये आवेदन की स्थलीय जांच की जाती है। अब पटना नगर निगम की शहरी योजना शाखा एवं अंचल स्तर पर कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा भी इसकी विशेष जांच की जायेगी। टीम द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि आवेदन कर्ता द्वारा नक्शा पास होने के पूर्व ही निर्माण कार्य शुरू तो नहीं किया गया है। गौरतलब है कि आमजनों के लिये भवन के निर्माण हेतु नक्शा पास होने की सुविधा ऑनलाइन ऑटो मैप के माध्यम से दी गई है। ऑटो मैप के माध्यम से लोग आवेदन करते है जिसके बाद जांच उपरांत स्वीकृति दी जाती है। सूचना छिपाने एवं बिल्डिंग बाय लॉज का उलंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

### सभी 6 अंचल के लिये किया गया टीम का गठन

नगर आयुक्त के निर्देश पर पटना नगर निगम के सभी 6 अंचल पाटलिपुत्र, नूतन राजधानी, कंकड़बाग, बांकीपुर, पटना सिटी एवं अजीमाबाद के लिए टीम का गठन किया गया है। यह टीम स्थल पर जाकर जांच करने के साथ वहां की जियो टैग फोटो भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगी जिस वस्तु स्थिति की जांच की जाए किसी भी गलत सूचना प्राप्त होने पर नक्शे को स्वीकृत नहीं किया जाएगा।

# बूथ जीतो - चुनाव जीतो के मूलमंत्र को अपना संकल्प बनाएं : उमेश

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। सोमवार को जदयू द्वारा प्रदेश के कई विधानसभा क्षेत्रों में पंचायतवार/वार्डवार बूथ समितियों की प्रथम चरण की बैठक का आयोजन लगातार तीसरे दिन भी सफलतापूर्वक किया गया। बैठक में ह्यबूथ जीतो - चुनाव जीतोह्न के संकल्प को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। नीतीश सरकार के 20 वर्षों की शानदार एवं ऐतिहासिक उपलब्धियों को बुकलेट के माध्यम से प्रत्येक घर तक पहुँचाने पर बल दिया गया।

इसके साथ ही विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम, झूठ और दुष्प्रचार का तथ्यपरक जवाब देने तथा 15 वर्षों के जंगलराज की सच्चाई से नई पीढ़ी के युवाओं को अवगत कराने को लेकर गंभीर विचार-विमर्श हुआ। उक्त बैठकों में संबंधित क्षेत्रों के जनप्रतिनिधिगण, जिला अध्यक्षगण, जिला प्रभारीगण, प्रदेश कमिटी के सदस्यगण, विधानसभा प्रभारीगण एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारीगण की सक्रिय उपस्थिति रही। इसके साथ ही, पार्टी के प्रदेश कार्यालय से प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने वर्चुअल माध्यम से जुड़कर बैठको को संबोधित किया, साथ ही जरूरी दिशा निर्देश भी दिए। अपने संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष ने ह्यबूथ जीतो - चुनाव जीतोह्न के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार विकसित बिहार के विजन के साथ प्रदेश की तरक्की के लिए दिन-रात कार्य कर रहे हैं। इसलिए पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को आगामी चुनाव में 225 सीटों पर विजय सुनिश्चित करने हेतु हर बूथ जीतने का संकल्प लेना होगा, ताकि विकास की गाड़ी निरंतर आगे बढ़ती रहे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जिस प्रकार हमारे नेता बिना रुके, बिना थके आम जनता की सेवा में समर्पित हैं, उसी भावना और प्रतिबद्धता के साथ सभी कार्यकताओं को भी जमीनी स्तर पर कार्य करना होगा। साथ ही उन्होंने सोशल मीडिया की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि नीतीश सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की उपलब्धियों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए। इसके साथ-साथ विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे हर झूठ और भ्रामक तथ्यों का दृढ़ता से खंडन कर उनके नापाक इरादों को बेनकाब करना भी हमारी जिम्मेदारी है। बैठक के अवसर पर बिहार विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल हगड़े, प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी चंदन कुमार सिंह, वरीय नेता अनिल कुमार, परमहंस कुमार उपस्थित रहे।

# तेजस्वी ने की भाषणबाजी, नीतीश कुमार ने राघोपुर के लोगों से निभाया वादा : निहोरा

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। जदयू प्रदेश प्रवक्ता डॉ निहोरा प्रसाद यादव ने मीडिया में जारी बयान में कहा कि महागठबंधन सरकार में उप मुख्यमंत्री रहते जो अपने विधानसभा क्षेत्र राघोपुर तक का विकास नहीं कर पाए वो आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास कामों पर सवाल उठा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने कच्ची दरगाह-बिदुपुर पुल का उद्घाटन कर राघोपुर दियारा सहित आसपास के लाखों लोगों को ऐतिहासिक सौगात दी है। यह पुल सिर्फ एक इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट नहीं, बल्कि मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की दूरदृष्टि और विकास के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

राघोपुर क्षेत्र के विधायक और पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री तेजस्वी यादव इस इलाके का प्रतिनिधित्व करते हैं, लेकिन उनके कार्यकाल में यह क्षेत्र उपेक्षा का शिकार बना रहा। वर्षों तक सत्ता में रहने के बावजूद उन्होंने ना तो इस पुल की प्राथमिकता समझी, और ना ही राघोपुर को बुनियादी सुविधाएं देने की गंभीर कोशिश की। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि राघोपुर जैसे पिछड़े इलाके को जिस जनप्रतिनिधि ने सबसे अधिक अवसरों के साथ नेतृत्व करने का मौका मिला, उन्होंने अपने पद का इस्तेमाल केवल भाषणबाजी और जनभावनाओं को भटकाने के लिए किया। वहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिना किसी राजनीतिक भेदभाव के, विकास को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम किया।

राघोपुर की जनता आज यह देख रही है कि असली विकास किसे कहते हैं। अब उन्हें तय करना है कि वे वादों में विश्वास करेंगे या जमीन पर उतरते विकास में। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के कच्ची दरगाह-बिदुपुर पुल का उद्घाटन इस इलाके के लिए गेम चेंजर साबित होगा जहां ना केवल दियारा इलाके में व्यवसाय बढ़ेगा बल्कि छात्रों, मरीजों की परेशानियां भी दूर हो जाएंगी।

## संपत्तिकर में 5 की छूट लेने में अब मात्र 8 दिन शेष

# आमजनों के लिये रविवार एवं अवकाश के दिन भी खुले रहेंगे टैक्स काउंटर

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। संपत्ति कर के भुगतान में अप्रैल से जून माह तक 05 प्रतिशत छूट दिये जाने की सुविधा का शहरवासी भरपूर लाभ ले रहें है। गौरतलब है की संपत्ति कर में 5% की छूट मिलने की सुविधा का लाभ अब सिर्फ 8 दिनों तक ही आमजनों को प्राप्त हो सकता है 30 जून के बाद यह सुविधा समाप्त हो जाएगी।

### मुख्यालय एवं अंचल कार्यालय में है सुविधा

जिसके कारण पटना नगर निगम अन्तर्गत स्थापित सभी टैक्स काउंटरों पर संपत्ति कर एवं ठोस कचरा प्रबंधन शुल्क के भुगतान करने हेतु संपत्तिधारकों की कतार लगी रहती है। इसे देखते हुए नगर आयुक्त द्वारा रविवार को एवं अवकाश के दिन भी टैक्स काउंटर खुला रखने का निर्देश दिया गया है।

इसके साथ ही आम दिनों में भी सुबह 9 से रात 9 बजे तक काउंटर खुले रहेंगे। कर्मी में दो शिफ्ट में यहां मौजूद हैं।

### इस वर्ष की छूट का 30 जून तक ही मिलेगा लाभ

पटना नगर निगम द्वारा संपत्तिकर का सही समय पर भुगतान करने वाले नागरिकों को 5 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। बता दें कि सिर्फ अप्रैल से 30 जून तक के बीच संपत्तिकर देने पर आमजनों को यह लाभ प्राप्त होगा।

1 अप्रैल से 30 जून झ 5 प्रतिशत का लाभ

1 जूलाई से 30 सितंबर कोई लाभ एवं कोई पेन्लटी नहीं

1 अक्टूबर से 31 मार्च : 1.5 प्रतिशत की पेनल्टी

### घर बैठे ऑनलाइन भुगतान की भी है सुविधा

नगर निगम द्वारा ऐसे व्यक्ति जो घर बैठे अपने संपत्ति कर का भुगतान करना चाहते हैं उनके लिए भी ऑनलाइन की व्यवस्था की गई है। पटनावासियों को संपत्ति शुल्क का भुगतान करने के लिए नगर निगम की बेवसाइट पर जाकर सीधे सीधे अपने संपत्ति कर का भुगतान कर सकते है। सभी इसके साथ ही व्हाट्सएप चैट बोट 924447449 के माध्यम से भी घर बैठे संपत्ति कर का भुगतान किया जा सकता है। इसके साथ ही नगर निगम कर्मियों द्वारा आम जनों को मांग पत्र भी घर बैठे उपलब्ध कराया जा रहा है। पटना नगर निगम के संपत्ति कर भुगतान में रोस्टर अनुसार भुगतान करने पर ही आमजन को लाभ होगा। नगर निगम द्वारा आमजनों से अपील की जाती है कि ससमय अपने संपत्तिकर का भुगतान करें एवं सुविधा का लाभ लें।

# दिल्ली मेट्रो का कार्य गुणवत्तापूर्ण करे और काम में तेजी लाए: जीवेश

- मंत्री ने की पटना मेट्रो के कार्यों की समीक्षा
- प्रायरिटी कॉरिडोर के एक-एक स्टेशन के कार्यों पर की बिंदुवार चर्चा

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री जिवेश कुमार ने पटना मेट्रो के कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने पटना मेट्रो के सभी अधिकारियों के साथ नगर विकास एवं आवास विभाग स्थित अपने कार्यालय कक्ष में प्रायरिटी कॉरिडोर की मुख्य तौर पर समीक्षा की, जिसे 15 अगस्त 2025 तक चालू किया जाना है। मंत्री ने दिल्ली मेट्रो के अधिकारियों एवं संबंधित एजेंसियों के प्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि वे गुणवत्तापूर्ण कार्य करें और काम में तेजी लाएं। उन्होंने इस बात पर संतोष जताया कि ट्रैक का काम लगभग पूरा हो गया है। उन्होंने अधिकारियों को बचे हुए सिविल कार्यों में और तेजी लाने का भी निर्देश दिया। मंत्री जिवेश कुमार ने डिपो से लेकर आईएसबीटी और मलाही पकड़ी तक एक-एक स्टेशन पर हुए हर कार्य के एक-एक बिंदु पर अधिकारियों से जायजा लिया और सभी कार्य ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिए। मंत्री ने कहा, मेट्रो के कार्यों के कारण प्रदूषण, धूल और ट्रैफिक जाम जैसी समस्याएं आ रही हैं। इसलिए अधिकारी पटना के लोगों की इन समस्याओं को भी दूर करने के लिए हरसंभव कार्य करें। बैठक में पटना एवं दिल्ली मेट्रो के वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा नगर विकास एवं आवास विभाग की संयुक्त सचिव- सह- पटना मेट्रो की अपर प्रबंध निदेशक अभिलाषा शर्मा भी मौजूद रहीं।

# सजायाफ्ता को दोबारा राष्ट्रीय अध्यक्ष का नामांकन कराकर आरजेडी ने नैतिकता को किया तार-तार : राजीव

पटना। जदयू राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने मीडिया में जारी बयान में आरजेडी पर जमकर निशाना साधा और कहा कि सजायाफ्ता लालू प्रसाद को आरजेडी का दोबारा राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नामांकन कराकर आरजेडी ने कौन सी नैतिकता पेश की है? उन्होंने आरजेडी से सवाल पूछते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सरकार पर आरोप लगाने वाले नेता प्रतिपक्ष की राजनीतिक मयार्दा आज कहां गई?उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव लोगों को नैतिकता का पाठ पढ़ाते हैं लेकिन हकीकत ये है कि लालू परिवार का पूरी तरह से आरजेडी पर कब्जा है और वो विशुद्ध रुप से एक पारिवारिक पार्टी है। लोगों को संविधान की मयार्दा का पाठ पढाने वाले तेजस्वी यादव ने दरअसल संविधान की धज्जियां उडाने का काम किया


पूर्व मध्य रेल

निविदा सूचना

सं. डी.एन.आर./एस. एण्ड टी./सिंग/2025/12
दानापुर, दि. 19.06.2025

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (सिगनल एवं दूर संचार) पूर्व मध्य रेलवे, दानापुर मंडल, निम्नलिखित कार्य हेतु रेलवे के वेबसाइट पर निविदाएं आमंत्रित करते हैं:–

**1. कार्य का नाम एवं स्थान :** दानापुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर अनुभागीय सिग्नल एवं दूरसंचार पर्यवेक्षकों/अनुरक्षकों के लिए सुरक्षा उपकरणों का प्रावधान। **2. अनुमानित लागत :** रूपये 20231411.67, **3. बयाना राशि :** रूपये 251200.00, **4. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय :** दिनांक 11.07.2025 को 15:00 बजे तक। **5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :** दिनांक 11.07.2025 को 15:30 बजे। **6. वेबसाइट विवरण : www.ireps.gov.in, 7. कार्यालय का पता जहाँ से निविदा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है :** वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियंता कार्यालय, दानापुर

**नोट :** विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। यदि जरुरत हुई तो शुद्धि पत्र उपरोक्त वेब साईट पर 14 दिन पहले अपलोड कर दिया जाएगा।

मं० सं० एवं दूर सं० अभि०
पूर्व मध्य रेल, दानापुर

पीआर/0458/डीएनआर/एस&टी/टी/25–26/36

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, मंगलवार, 24 जून, 2025

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



# दोनार आरओबी का निर्माण कार्य आरंभ, मेरा वर्षों पुराना संकल्प पूरा हुआ : संजय सरावगी

## राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच दोनार आरओबी का किया भूमि पूजन



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। शहरवासियों की बहुप्रतिक्षित मांग पूरी हुई है। सोमवार को बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी द्वारा दोनार गुमटी पर आरओबी निर्माण का वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भूमि पूजन कर कार्य आरंभ कराया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह वर्षों से उठ रही इस माँग को पूरा करना मेरा संकल्प था और आज वह संकल्प साकार हो रहा है। यह मेरे वर्षों के अथक प्रयासों का प्रतिफल है।

राजस्व मंत्री सह नगर विधायक श्री सरावगी ने बताया कि 134.67 करोड़ की लागत आरओबी निर्माण का कार्य तेजी से आरंभ हुआ है। दोनार गुमटी पर लगने वाले जाम की पीड़ा से मैं स्वयं परिचित हूं। गर्मी, बरसात और ठंड के मौसम में लोगों को घंटों तक प्रतीक्षा करनी पड़ती है। जनता की पीड़ा ने मुझे लगातार प्रयासरत रहने को प्रेरित किया और आज दरभंगावासियों की बहुपतिक्षित माँग को साकार रूप देने में सफल हुआ हूं। उन्होंने कहा कि आज का दिन दरभंगा के विकास यात्रा में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होगा। दोनार आरओबी का निर्माण शहर में यातायात को तो सुगम बनायेगा ही, साथ ही भीषण जाम का भी स्थायी समाधान होगा। श्री सरावगी ने बताया कि वे वर्षों पूर्व से इस आरओबी के निर्माण को लेकर पथ निर्माण विभाग, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम एवं अन्य एजेंसियों के संपर्क में रहें। राज्य के तत्कालीन पथ निर्माण मंत्री नंदकिशोर यादव, तत्कालीन रेल मंत्री पीयूष गोयल, केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री नीतीन गडकरी, नीतीन नवीन आदि से संपर्क करते रहें।


कार्यक्रम में पूर्व विधान पार्षद अर्जून सहनी, स्थानीय पार्षद विकास कुमार, सुनील ठाकुर, पूर्व पार्षद प्रदीप गुप्ता, कृष्णानंद गिरी, मुन्ना मंडल, परशुराम साह, मदन कुमार झा, महादेव साह, पवन दास, दिलीप राय, बबलू मंडल, श्याम महतो, सूरज दास आदि विभाग के वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर आईकॉन पार्टी लॉन एण्ड रिसॉर्ट तुर्की में सोमवार को एक दिवसीय जिलास्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय सहकारिता में सहकार अभियान अंतर्गत सहकारिता क्षेत्र में समन्वय जागरुकता तथा क्षमता विकास था। इस कार्यशाला का शुभारंभ सहकारिता मंत्री डाक्टर प्रेम कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर किया। अध्यक्षता सेंट्रल कोआपरेटिव बैंक के अध्यक्ष अमर पाण्डेय नै की। इस अवसर पर मंत्री डाक्टर प्रेम कुमार को अध्यक्ष ने पुष्प गुच्छ, शॉल ओढ़ाकर एवं एक गमले में पौधा भेंट कर सम्मानित किया। इसी के साथ गमले में भेंट किए गये पौधा में पानी डालकर विधिवत कार्यकम प्रारंभकिया गया। इस अवसर पर दि मुजफ्फरपुर सेंट्रल कोआपरेटिव बैंक लिमिटेड, की प्रबंध निदेशक श्रीमती श्रुति चन्द्र बोस, तिमुल की अध्यक्ष श्रीमती सुशीला देवी, संयुक्त निबंधक, अंकेक्षण तिरहुत प्रमंडल, जितेंद्र कुमार, जिला अंकेक्षण पदाधिकारी, मनोज कुमार, सहायक निबंधक, . पूर्वी एवं पश्चिमी अंचल, राजीव कुमार, सहायक निबंधक, सहित सहकारिता विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यशाला में सहकारिता मंत्री को सहकारिता विभाग द्वारा सहकारिता के माध्यम से सरकार की चल रही योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। डाक्टर प्रेम कुमार ने कहा कि सरकार किसानों के उत्पादन का उचित मूल्य प्राप्त हो इसलिए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहू की खरीदारी कर रही है। गत वर्ष में एम०एस०पी० 2275 रुपये था जिसे बढ़ाकर 2425- रुपये प्रति क्विंटल मूल्य निर्धारित किया गया है जिससे किसानों को लाभ हुआ है। इसके अतिरिक्त सब्जी उत्पादन स०स०, मधुमक्खीपालन, मखाना का सहकारी संघ बनाने हेतु जानकारी दी। इन्होंने कहा कि मुजफरपुर बिहार की दूसरी राजधानी है. जिसका विकास हो रहा है। गाँव-गाँव में सहकारी बैंक के माध्यम से कृषकों एवं अन्य समितियों को लाभ मिले इसका प्रयास किया जा रहा है।उन्होंने प्रति पंचायत 50 खाता खोलवाने का सुझाव दिया। बिहार विकास में आगे बढ़ रहा है। चारों ओर परिवर्तन दिख रहा है। मंत्री ने कहा कि अध्यक्ष अमरनाथ पाण्डेय की अध्यक्षता में मुजफ्फरपुर केन्द्रीय सहकारी बैंक काफी विकास कर रहा है, आपसबों का अशीर्वाद बना रहना आवश्यक है। इन्होंने कहा कि निदेशकगण के भरपूर सहयोग से बैंक उतरोतर विकास की ओर बढ़ रहा है। एकता में बल है। मुजफ्फरपुर बैंक के विकास को कोई रोक नहीं सकता है। इन्होंने मंच से घोषणा की कि मुजफरपुर सहकारी बैंक को बिहार का नम्बर वन बैंक बनाया जायेगा।कार्यशाला में ब फसल सहायता योजनाअंतर्गत 6 लाभुकों को चेक प्रदान किया गया।


# असाध्य रोगियों को स्वस्थ्य करने के लिए संवेदनशील है केंद्र सरकार : सांसद



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा।प्राकृतिक आपदाओं से घिरे मिथिला क्षेत्र में पानी में आर्सेनिक की मात्रा अत्यधिक रहने तथा अन्य प्रदूषणों के कारण असाध्य रोगियों में हो रही वृद्धि को रोकने के लिए केंद्र सरकार ने पहल शुरू कर दिया है तथा इस मुद्दे पर व्यापक अध्ययन, शोध तथा इसके रोकथाम व उन्मूलन के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। लेकिन इसके कारण रोगी बने पीड़ितों के इलाज के लिए केंद्र सरकार काफी संवेदनशील हैं यही कारण है कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा राहत कोष से असाध्य रोगियों को सुगम रूप से इलाज के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध हो रही है जो केंद्र सरकार के संवेदनशीलता का प्रत्यक्ष उदाहरण है। दरभंगा सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत आपदा कोष से दरभंगा लोकसभा एवं जिले में विभिन्न असाध्य रोगियों को मिली आर्थिक सहायता पीड़ितों के लिए वरदान साबित हो रहा है।सांसद डा ठाकुर उनके द्वारा किए गए पहल पर दर्जनों रोगियों को देश के बरे नामी हॉस्पिटलों में इलाज के लिए दो लाख तीन लाख से पांच लाख तक की सहायत मिलने से पीड़ित परिवारों को काफी मदद मिली है। लोकसभा क्षेत्र के आमजनों के सेवा के लिए संकल्पित बताते हुए कहा कि अपने जनता जनार्दन के हर दुख सुख में साथ रहने के लिए हर समय तत्पर रहते हैं।इधर बेनीपुर के पकड़ी के अमित कुमार, सदर प्रखंड के कंसी की पल्लवी कुमारी पांचोंभ की वीणा चौधरी तथा देकुलीधाम की प्रियांशु कुमारी जैसे अन्य पीड़ितों के परिजनों ने पीएम मोदी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा है कि केंद्र सरकार की सहायता वरदान साबित हो रही है।

# वन विभाग की उदासीनता का खामियाजा भुगत रहे किसान



प्रात : किरण संवाददाता

बेनीपुर(दरभंगा)।जंगली जानवरों के उपद्रव से बेनीपुर क्षेत्र के किसान परेशान है। वन विभाग के अधिकारी का मोबाइल स्विच ऑफ रहने तथा बेनीपुर वन प्रक्षेत्र कार्यालय में शिकायत दर्ज कराने के लिए किसान महीनो से भटक रहे हैं। बेनीपुर में अस्थाई पौधा शाला में वनकर्मी से अधिकारी के कार्यालय का सही अता-पता नहीं बताया जा रहा है। बेनीपुर प्रखंड के तरौनी, हरिपुर, हावीभौआड़, देवराम-अमैठी, शिवराम, माधोपुर, बाथो-रढियाम, गणेश-बनौल-बलनी, जरिसो, महीनाम, पोहद्दी , सज्जनपुरा, नवादा आदि गांव में नीलगाय, जंगली सूअर आदि जंगली जानवर कृषक के धान बीज को नष्ट कर रहा है। खेतों में लगा धान बीज को चरने से बाज नहीं आ रहा है। किसान लक्ष्मण झा सरदार, विजय कुमार झा, आनंद चंद्र झा, सुधीर चंद्र झा, मनोज राय आदि किसानों ने बताया कि जिस तेजी से जंगली जानवर धान के बिचड़ा को नष्ट कर रहा है। जिससे धान की खेती के लिए बिचड़ा मिलना मुश्किल हो जाएगा। जानवरों को भगाने के लिए वन प्रक्षेत्र बेनीपुर के वन अधिकारी को तलाश रहे हैं लेकिन वे मिल नहीं रहे हैं। उनके सरकारी मोबाइल पर बात नहीं हो रही है। लंबे समय से मोबाइल बंद है। वन प्रक्षेत्र बेनीपुर के रेंजर अरविंद कुमार दुबे से इस बाबत जानकारी लेने के लिए मोबाइल पर संपर्क करने पर स्विच ऑफ मिला।

# जनप्रतिनिधियों ने की कांटी-मड़वन के गरीबों वस्तियों की घोर उपेक्षा : अजीत

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर । राज्य के पूर्व मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता अजीत कुमार सोमवार को कांटी व मरवन प्रखंड के कई गांवों में जन संवाद कार्यक्रम चलाकर लोगों की समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर लोगों ने जर्जर सड़क , विद्यालय भवन की जर्जरता, सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ नहीं मिलने, लो वोल्टेज की समस्या , विद्युत विपत्र में गड़बड़ी, नल जल योजना का लाभ नहीं मिलने सहित कई अहम सवाल पूर्व मंत्री के समक्ष उठाया। पूर्व मंत्री श्री कुमार ने लोगों के समस्याओं को सुनने के उपरांत संबंधित विभाग के अधिकारियों से मौके पर बात कर कुछ समस्या का निदान कराया , वहीं उन्होंने सड़क व विद्यालय भवन की जर्जरता, जल नल आदि मुद्दों पर सक्षम अधिकारी से बात कर समस्या का समाधान कराने का लोगों को आश्वासन दिया। क्षेत्र के अख्तियारपुर पानापुर ,टरमा एवं ढ़ेमहा गांव में जन संवाद कार्यक्रम के उपरांत उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए श्री कुमार ने कहा की इस क्षेत्र के जनप्रतिनिधि गरीब लोगों के बस्ती का घोर उपेक्षा किया है, जिस कारण यहां सड़क की स्थिति जर्जर है , विद्यालय का भवन ध्वस्त है, गरीब जल नल से वंचित है। उन्होंने कहा की सड़कों के जीर्णोद्धार एवं विद्यालय भवन के निर्माण एवं जन नल की व्यवस्था के लिए मै शीघ्र जिला अधिकारी से मिलकर उनका ध्यान आकृष्ट कराऊंगा। उन्होंने लोगों से कहा कि अब आप चिंता न करें समय आ गया है आपका हक मैं आपको लड़ कर दिलाऊंगा। उपस्थित जन समूह ने श्री कुमार को हांथ उठाकर कांटी के गरीबों की हक लड़ाई में भरपूर सहयोग देने वादा किया इस मौके पर कांटी नगर परिषद के उपाध्यक्ष अजय गुप्ता, भाजपा नगर मंडल के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, वार्ड पार्षद चंदन पांडे, पप्पू राम, विनोद सहनी, संतोष कुमार पासवान, प्रभाकर चौधरी , शैलेंद्र कुशवाहा ,होरिल कुशवाहा, भरत महतो, निरंजन सहनी, सुजीत कुमार सहित कई जनप्रतिनिधियों ने जन संवाद कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाया।

# बैंक ऑफ महाराष्ट्र लूटकांड में दीपक मुंशी समेत पांच गिरफ्तार, 42 लाख का सोना व हथियार बरामद



समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

बैंक ऑफ महाराष्ट्र लूट मामले में जिले की एसआईटी ने बिहार एसटीएफ के सहयोग से कांड के मुख्य आरोपी मोहनपुर थाना क्षेत्र के विनगामा के अशेश्वर प्रसाद राय के पुत्र दीपक कुमार उर्फ दीपक मुंशी को गिरफ्तार किया है। दीपक मुंशी वर्तमान में नगर थाना क्षेत्र के काशीपुर में रह रहा था। वहीं, इस मामले में पुलिस ने कपूरींग्राम थाना क्षेत्र के जगदीशपुर के राज कुमार झा के पुत्र व वर्तमान में मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के आदर्शनगर मोहल्ले में रहने वाले रमेश कुमार झा, वैशाली जिले के देसरी थाना क्षेत्र के सुरेश साह के पुत्र और सोनार दीपक कुमार एवं एक अन्य आरोपी अखिलेश राय ऊर्फ गोलू राय जो फरार होने में कामयाब रहा की सास महनार थाना क्षेत्र के खरजामा के रामबाबू राय की पत्नी फुलपरी देवी व उनकी पुत्री अनुराधा कुमारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दीपक मुंशी के घर से 165 ग्राम, दीपक सोनार के यहां से 250 ग्राम एवं दो महिलाओं के पास से 35 ग्राम सोना बरामद किया गया है। इसके अलावा चार मोबाइल, मैगजीन सहित पिस्टल और दो गोली बरामद किया है। सदर एसडीपीओ-1 संजय कुमार पाण्डेय ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार दीपक मुंशी ने पूछताछ में अपना अपराध स्वीकार किया है। उसने घटना में संलिप्त अन्य अपराधियों का नाम भी बताया है। पुलिस ने पहले दीपक मुंशी को इस घटना का मुख्य सूत्रधार बताया था, वहीं अब रमेश झा को मुख्य साजिशकर्ता बता रही है। पुलिस के अनुसार, दीपक मुंशी ने पुलिस को बताया कि बैंक ऑफ महाराष्ट्र, की डकैती की घटना रमेश कुमार झा के द्वारा बनाए गए योजना के अनुसार हुई है। उसने उस बैंक से सोना जमा कर अपनी पत्नी व बच्चे के नाम से 23 लाख रुपए का लोन ले रखा था। बैंक उसे अदायगी के दवाब बना रहा था। उसने बैंक के चेकर से मिलीभगत कर ज्वेलरी का मूल्य बढ़ाकर लोन लिया था। इसी कारण रमेश कुमार झा ने अपने आदर्शनगर आवास पर बैंक से जुड़ी सारी जानकारी अपराधियों के साथ साझा की। घटना के बाद रमेश कुमार झा, दीपक मुंशी के साथ रजरप्पा मंदिर, दिल्ली एवं जालघर गया था। जालंधर कोर्ट में आत्मसमर्पण कराने के लिए गया हुआ था। इसी प्रकिया में पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया गया। वहीं, बताया गया कि एसआईटी व बिहार एसटीएफ बैंक से लूटी गयी शेष सामानों की बरामदगी एवं अन्य अभियुक्तों के गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही है। गिरफ्तार अभियुक्त को पुलिस रिमांड कर अग्रिम कार्रवाई करेगी।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर के अपमान के विरोध में भाजपा का एक दिवसीय धरना




प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी भारतीय जनता पार्टी के द्वारा मधुबनी जिला समाहरणालय के समक्ष डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के सामने एक दिवसीय धरना एवं विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। यह विरोध प्रदर्शन राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव द्वारा डॉ. अंबेडकर के अपमान के विरोध में किया गया। धरना को संबोधित करते हुए बिस्फी विधायक हरीभूषण ठाकुर बचौल ने प्रेस से कहा कि लालू प्रसाद यादव ने अपने जन्मदिन के अवसर पर डॉ. भीमराव अंबेडकर का अपमान किया है, जिसे भारतीय जनता पार्टी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जब तक लालू प्रसाद यादव और राजद इस कृत्य के लिए सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगते, तब तक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।वहीं, बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं बेनीपट्टी विधायक विनोद नारायण झा ने भी लालू यादव की निंदा करते हुए कहा कि यह एक गंभीर अपमान है जिसे सहन नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि भाजपा अंबेडकर के सम्मान की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करती रहेगी और इस मुद्दे को जन-आंदोलन का रूप दिया जाएगा। धरना स्थल पर भाजपा कार्यकताओं की भारी उपस्थिति देखी गई और सभी ने एक स्वर में डॉ. अंबेडकर के अपमान के खिलाफ आवाज बुलंद की।

## संक्षिप्त खबरें

### दो वारंटी गिरफ्तार

कल्याणपुर समस्तीपुर थाना क्षेत्र के चानधरपुर गांव से पुलिस ने थाना अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में कोर्ट के आदेश पर छापेमारी कर दो एन बी डब्लू वारंटी को दलबल के साथ गिरफ्तार कर लिया है।गिरफ्तार किए गए वारंटी की पहचान गांव के ही नंदन दास व विजय दास के रूप में की गई है। आगे पुलिस ने बताया 2014 के मारपीट कांड का आरोपी था।सि गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### मार पीट की हुई प्राथमिकी दर्ज

कल्याणपुर समस्तीपुर थाना क्षेत्र के कलुआरा गांव निवासी राजेश्वर पासवान ने थाना में आवेदन देकर मारपीट का मामला दर्ज कराया है।दिए आवेदन में गांव के ही पांच लोगों पर मार पीट करते हुए एक लाख पच्चीस हजार रुपए छीन लेने का आरोप लगाया है। वहीं थाना अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि दिए गए आवेदन आधार पर जांचों उपरांत आगे की कार्रवाई किया जाएगा।

### मार पीट की घटना में चार लोग जख्मी

कल्याणपुर समस्तीपुर थाना क्षेत्र के नामापुर गांव में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना में चार लोग जख्मी हो गए। जख्मी लोगों में नामापुर गांव के ध्रुव सहनी ,फुदन सहनी ,मनीष कुमार एवं पवन सहनी शामिल है। सभी जख्मी का ईलाज पीएचसी में कराया गया।जहां प्राथमिक उपचार के बाद जख्मी लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होने की जानकारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर हैदर ने दिया। पुलिस ने बताया कि जख्मीके परिजन द्वारा आवेदन मिलने पर आगे कार्रवाई किया जाएगा।

### जदयू अध्यक्ष ने किया महासचिव मनोनीत

कल्याणपुर समस्तीपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सिंघिया गांव निवासी दीप्ति कुमारी को प्रखंड जदयू अध्यक्ष राजकुमार सिंह ने प्रखंड महासचिव मनोनीत क्या है। इनके मनोनीत होने पर जदयू युवा अध्यक्ष सामंत कुमार,मो तबरेज,सूरज सहनी ,रामदेव महतो ,रामबली महतो ,हिमांशु कुमार शेखर उर्फ मुन्ना, आशीष कुमार पटेल, नागेंद्र राय, भोला सिंह ,पिनटु सिंह ,सहित लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### पुलिस ने लोनी को किया गिरफ्तार

कल्याणपुर समस्तीपुर चकमेहसी पुलिस ने अनुमंडल पदाधिकारी नीलामी के आदेश पर ग्रामीण बैंक के लोनी का नीलामी वारंटी मालीनगर सिमरी गांव निवासी गुलाब प्रसाद महतो के पुत्र संतोष कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी थाना अध्यक्ष संतोष कुमार यादव ने दी।

### पीसीसी ढ़लाई में अनियमितता संबंधी जांच नहीं हुई तो करेंगे आमरण अनशन : राम नरेश

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड के मुस्तफापुर निवासी समाजसेवी रामनरेश झा प्रखंड विकास पदाधिकारी को लिखित आवेदन देते हुए बताया है कि पीसीसी ढ़लाई में अनियमितता संबंधी जांचोपरांत कार्रवाई नहीं हुई तो 28 जून से प्रखंड कार्यालय समक्ष आमरण अनशन करेंगे। श्री झा ने आवेदन के माध्यम से बताया है कि 16 जून को पीसीसी ढ़लाई की जांच करने हेतु बीडीओ कार्यालय में आवेदन दिया था। जिसकी प्रतिक्रिया अभी तक हमें नहीं दी गई है। प्रतिक्रिया संबंधी निर्णय अगर हमें लिखित रूप से नहीं दी जाएगी तो 28 जून से प्रखंड कार्यालय के समक्ष आमरण अनशन करेंगे।

### बलिदान दिवस के अवसर पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी श्रद्धांजलि

विभूतिपुर/समस्तीपुर विभूतिपुर पश्चिमी मंडल के कल्याणपुर उत्तर स्थित राधा रानी विवाह भवन में मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि सिंह की अध्यक्षता बलिदान दिवस के अवसर पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम के अवसर पर पंचायत अध्यक्ष सह विवाह भवन के स्वामी पंकज लाल, जिला मंत्री रविंद्र पासवान, मंडल महामंत्री सुनील ईसर, युवा नेता मनीष मिश्रा, रौशन टिंकू, रजनीश कुमार, छोटू कुमार, यशवंत कुमार, सुनील कुमार, प्रभात झा, धर्मेंद्र मुखर्जी सहित दर्जनों लोगों ने माल्यार्पण किया। अध्यक्षीय संबोधन में चंद्रमणि सिंह ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद की जीवनी को इतिहास के सिलेबस में पढ़ाए जाने की मांग की। रविन्द्र पासवान सहित अन्य लोगों ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम की समाप्ति के बाद पंकज लाल ने आगत कार्यकताओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

# माले महासचिव आज करेंगे बदलो बिहार जनसभा को संबोधित

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। भाकपा-माले महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य आज औराई विधान सभा के अंतर्गत कटरा प्रखंड के उफरौली में और गायघाट विधान सभा के अंतर्गत बेनीबाद केवटसा चौक पर आयोजित ह्यबदलो बिहार जनसभाह्न को संबोधित करेंगे। 18जून से मिथिलांचल से शुरू ह्यबदलो सरकार-बदलो बिहार यात्राह्न मंगलवार को औराई-कटरा और गायघाट में पहुंचेगी। इस दौरान दोनों क्षेत्र में विशाल जनसभा का आयोजन किया गया है। सभा को महिला संगठन ऐपवा की राष्ट्रीय महासचिव व माले पॉलिट ब्यूरो सदस्य मीना तिवारी, खेत व ग्रामीण मजदूर सभा के राष्ट्रीय महासचिव व माले पॉलिट ब्यूरो सदस्य धीरेन्द्र झा, एमएलसी शशि यादव, माले के पूर्व विधायक मनोज मंजिल सहित कई राष्ट्रीय व राज्य नेता भी संबोधित करेंगे। माले जिला सचिव कृष्णमोहन ने यह जानकारी दी है।माले सचिव ने कहा है कि विधान सभा चुनाव के पूर्व बिहार के जिलों में 18जून से ह्यबदलो सरकार-बदलो बिहार यात्राह्न जारी है। यात्रा में माले के सांसद और विधायकों सहित सभी राष्ट्रीय और राज्यस्तरीय नेता-कार्यकर्ता शामिल हैं। इस दौरान आयोजित जनसभाओं में माले महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य भी भाग ले रहें हैं। इसी अभियान के दौरान वे मुजफ्फरपुर की इन दो सभाओं में भी पहुंचेंगे और सभा को संबोधित करेंगे।

# हत्याकांड में काराधीन अधिवक्ता की नियमित जमानत याचिका का सुनवाई टली

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा।विशनपुर थाना क्षेत्र के पटोरी -बसंत हत्याकांड मामले में न्यायिक अभिरक्षा में गत 20 जून से काराधीन अधिवक्ता अंबर इमाम हासमी की नियमित जमानत याचिका पर सुनवाई टली।जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सुमन कुमार दिवाकर की अदालत में सोमवार को अधिवक्ता हासमी की ओर से दाखिल जमानत याचिका पर बहस हुई।कोर्ट ने मामले की सुनवाई के बाद याचिका पर अगली सुनवाई के लिए 24 जून की तिथि निर्धारित किया है।बताते चलें कि 8 अगस्त 1994 ई. को भुमि विवाद में विशनपुर थानाक्षेत्र के बसंत गांव के कब्रिस्तान के निकट बन्दूक से सैकड़ों राउंड फायरिंग की बारदात हुई थी।इस बारदात में गोली लगने से पटोरी निवासी रामकृपाल चौधरी की मौत घटना स्थल पर हीं हो गई थी।वहीं गोलीबारी की घटना में आधे दर्जन लोग गंभीर रुप से जख्मी हो गए थे।इस घटना की प्राथमिकी विशनपुर थानाकांड सं.58/94 संस्थित की गई थी।न्यायालय मे सत्रवाद सं.326/99 में विगत 31 बर्ष पूर्व घटित घटना को लेकर न्याय लंबित है।इसी मामले में कोर्ट ने गत 20 जून को अधिवक्ता हासमी की ओर से दाखिल समयावेदन पत्र को खारिज करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।शनिवार को अदालत में काराधीन हासमी की ओर से जमानत याचिका दाखिल किया गया था।जिसकी सुनवाई के लिए सोमवार की तिथि निर्धारित थी।अब काराधीन हासमी की जमानत याचिका पर सुनवाई 24 जून को निर्धारित की गई है।

# विधानसभा आम निर्वाचन की तैयारी को लेकर डीएम व एसएसपी ने की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। डॉ भीमराव अंबेडकर सभागार में जिलाधिकारी कौशल कुमार व वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी जला रेड्डी की संयुक्त अध्यक्षता में आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन की पूर्व तैयारी को लेकर सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी,सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी तथा पुलिस पदाधिकारी के साथ बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी से सभी मतदान केंद्रों के संबंध में बारी-बारी से फीडबैक लिया। जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी सहायक निर्वाचक पदाधिकारी को मतदान केंद्रों का सत्यापन कराकर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।बैठक में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारी को अर्धसैनिक बलों के अवसान हेतु जगह चिन्हित करने का निर्देश दिया।उन्होंने चेक पोस्ट अधिष्ठापन हेतु जगह चिन्हित करने का निर्देश सभी थानाध्यक्ष को दिया।' सभी अंचलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं थानाध्यक्ष को सभी मतदान केन्द्रों का सत्यापन कर लेने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्र पर मूलभूत सुविधा उपलब्ध हो सभी संबंधित पदाधिकारी सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने शस्त्र का सत्यापन करने का निर्देश दिया।उन्होंने सभी सहायक निर्वाचक पदाधिकारी को सभा स्थल चिन्हित कर लेने का निर्देश दिया,साथ ही सभी पदाधिकारी को रूट चार्ट तैयार कर लें।उन्होंने कहा कि 325 सेक्टर मजिस्ट्रेट का बनाया गया है,सभी को बूथों का संपूर्ण जानकारी रखने का निर्देश दिया। वरीय पुलिस अधीक्षक ने सभी थानाध्यक्ष को शस्त्र के सत्यापन के दौरान कारतूसों का भी सत्यापन करने का निर्देश दिया। उन्होंने बिहार विधानसभा आम निर्वाचनको ध्यान में रखते हुए जिलों में सघन वाहन जांच,गश्ति,निगरानी एवं आसूचना संग्रहण करते रहने का निर्देश दिया।

# मॉडल अस्पताल मधुबनी में छह बेड वाला वातानुकूलित आईसीयू शुरू, डीएम के अनुरोध पर महिला मरीज ने किया उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिला मॉडल अस्पताल, मधुबनी में आज छह बेड वाले पूर्णतः वातानुकूलित आईसीयू (गहन चिकित्सा इकाई) का शुभारंभ हुआ। इस सेवा का उद्घाटन जिले के जिलाधिकारी आनंद शर्मा के अनुरोध पर अस्पताल में भर्ती महिला मरीज मोहिनी देवी के हाथों कराया गया। यह अपने आप में एक मानवीय और प्रेरणादायी पहल रही।उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह डीएम आनंद शर्मा ने मॉडल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया था, जिसके दौरान उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देशित किया था कि आईसीयू सेवा को शीघ्र प्रारंभ किया जाए। उनके निर्देश के आलोक में अस्पताल प्रबंधन द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आज से सेवा की शुरूआत कर दी गई। यह आईसीयू अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है, जिसमें वेंटिलेटर, पेशेंट मॉनिटर, सिरिंज पंप, नर्सिंग बेल, इलेक्ट्रिक आईसीयू बेल, सेंट्रलाइज्ड ऑक्सीजन, सेंट्रलाइज्ड सक्शन और सेंट्रलाइज्ड एयर जैसी सुविधाएं 24७7 उपलब्ध रहेंगी। गंभीर मरीज, जिन्हें श्वसन संबंधी समस्याएं, मस्तिष्क आघात या अन्य जटिल बीमारियां होती हैं, उनका इलाज अब जिले में ही संभव हो पाएगा। आईसीयू में 10 विशेषज्ञ चिकित्सकों, 12 स्टाफ नर्सों तथा 4 चतुर्थवर्गीय कर्मियों को प्रतिनियुक्त किया गया है, जो चौबीसों घंटे सेवाएं देंगे। पहले ऐसे गंभीर मरीजों को अन्य उच्च स्तरीय चिकित्सा संस्थानों में रेफर करना पड़ता था, लेकिन अब उन्हें निजी अस्पतालों पर निर्भर नहीं रहना होगा।डीएम आनंद शर्मा ने कहा कि जिलेवासियों को सहजता के साथ गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अब गंभीर मरीजों को जिले में ही समुचित इलाज मिल सकेगा।

# गंगौर के आम बगान से बरामद हुई नेपाली शराब की खेप, एसएसबी ने की त्वरित कार्रवाई

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर, भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में तस्करी के प्रयास को सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की सतर्कता ने एक बार फिर विफल कर दिया। सोमवार को 48वीं वाहिनी एसएसबी जयनगर के तहत सीमा चौकी गंगौर की गश्ती टीम ने गंगौर गांव (वार्ड संख्या 07), पश्चिम टोला स्थित आम बगान क्षेत्र में तलाशी के दौरान 180 लीटर नेपाली शराब बरामद की।यह कार्रवाई सुबह लगभग 11 बजे उस समय की गई जब गश्ती दल को सीमा स्तम्भ संख्या 289/24 से करीब 500 मीटर भारत की ओर झाड़ियों और बाँस के बीच एक असामान्य ढेर दिखाई दिया। स्थानीय ग्रामीण ललन महतो की उपस्थिति में तलाशी ली गई, जिसमें नेपाली ब्रांड ह्यदिवाले सोफीह्न की 600 बोतलें (प्रत्येक 300 मिली.) बरामद की गई। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ कि शराब को नेपाल से तस्करी कर भारत में छिपाया गया था। जब्त की गई शराब को आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए हरलाखी थाना को सुपुर्द कर दिया गया है।कमांडेंट गोविन्द सिंह भण्डारी ने जवानों की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि एसएसबी तस्करी की हर गतिविधि पर पैनी नजर रखे हुए है। उन्होंने कहा कि ह्लसीमा की सुरक्षा और क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए बल पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रात:किरण
पटना, मंगलवार, 24 जून, 2025



# जिले भर मे 15 लाख 60 हजार पौधारोपण किए जाने का लक्ष्य

● साप्ताहिक समीक्षा बैठक जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न

प्रात: किरण संवाददाता




मुंगेर। जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा द्वारा सोमवार को संग्रहालय सभागार में सभी विभागीय पदाधिकारियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक किया गया। बैठक में उन्होंने सभी पदाधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में कहा कि आप सभी समय का अनुपालन करें और जो भी पत्र आप तक जाए उसे हर हाल में पढ़ें और उस अनुसार तत्संबंधी कार्रवाई कर अद्यतन प्रतिवेदन के साथ बैठक में उपस्थित रहें। लापरवाह न बनें, मेहनत करें और प्रत्येक संचिका का उचित संधारण कर लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी लाएं। बैठक में नगर आयुक्त शिवाक्षी दीक्षित, अपर समाहर्ता मनोज कुमार, उपविकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह, एडीएम पीजीआरओ, सिविल सर्जन सहित सभी विभाग के अधिकारी के उपस्थित थे। जिला पदाधिकारी के द्वारा बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को अपने कार्यालय में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि आगामी मॉनसून माह के दौरान जिले भर में लगभग 15 लाख 60 हजार पौधारोपण किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें मनरेगा से 2 लाख 30 हजार, जीविका से एक लाख 35 हजार, शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न विद्यालयों में लगभग 12 हजार सहित अन्य विभागों द्वारा पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसे सभी अधिकारी गंभिरता से लेंगे और निर्धारित समय सीमा के अंदर सभी अपने अपने क्षेत्रांतर्गत पौधारोपण कराना सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी ने सभी वरीय पदाधिकारियों से कहा कि आप सभी प्रत्येक सप्ताह किसी एक कार्यालय का निरीक्षण करें तथा उससे संबंधित निरीक्षण प्रतिवेदन साप्ताहिक बैठक में उपलब्ध कराएं। आगत पंजी के अवलोकन तथा उसके संधारण की भी समीक्षा करें। निरीक्षण के दौरान कार्यालय के साथ कर्मियों के लिए बने लॉगबुक की जांच करेंगे। उन्होंने सभी विभागीय पदाधिकारियों से भी कहा कि आप सभी प्रत्येक सप्ताह के लॉगबुक को सीन करें और जरूरी पत्रों को संचिका में उपस्थापित कर उस पर तत्संबंधी कार्रवाई का प्रतिवेदन साप्ताहिक बैठक के रिपोर्ट में अद्यतन कराएं। इसे गंभिरता से लें और कोई लापरवाही नहीं बरतें, प्राप्त आवेदनों का ससमय निष्पादन कराएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक साप्ताहिक बैठक में आरटीआई, मानवाधिकार, जन शिकायत, लोकायुक्त, सीएम डैशबोर्ड, लोक शिकायत आदि विभागों में प्राप्त आवेदनों के लंबित स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सीडब्लजेसी तथा एमजेसी के लंबित मामलों के निष्पादन में हर हाल में तेजी लाएं। प्रत्येक सप्ताह की समीक्षा बैठक में इनमें निष्पादन की संख्या का अवलोकन किया जाएगा, जिन विभाग/कार्यालय द्वारा निष्पादन में कमी देखी जाएगी उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। लिपिकों, राजस्व कर्मचारियों, जनसेवकों पर विभागीय कार्रवाई की गयी अनुशंसा के लंबित मामलों पर भी उन्होंने कार्रवाई के निर्देश दिए। सीएम डैशबोर्ड, सीपीग्राम में अधिक लंबित मामलों पर उन्होंने असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय से कहा कि पुलिस विभाग के विभिन्न थानों में सीएम डैशबोर्ड के कई मामले लंबित हैं, उसे तत्काल निष्पादन कराने की दिशा में कार्रवाई करें। जिलाधिकारी द्वारा बैठक में विगत दिनों हुए महिला संवाद कार्यक्रम में विभिन्न विभागों को भेजे गए ममलों से संबंधित अनुपालन प्रतिवेदन की भी समीक्षा की गयी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों द्वारा दिए गए प्रतिवेदन पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि निष्पादन की गति धीमी है, उस पर कार्रवाई करें।माननीय मुख्यमंत्री स्वयं इसकी समीक्षा कर रहे हैं, इस लिए इसे गंभिरता से लें। कृषि विभाग के लंबित आवेदनों पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कृषि पदाधिकारी को त्वरित निष्पादन के निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा श्रावणी मेला के दौरान कांवरिया मार्ग में पड़ने वाले सड़कों की स्थिति को लगातार मॉनिटरिंग करने तथा समस्याओं के त्वरित निष्पादन के भी निर्देश दिए। साथ ही विभिन्न विभागों में लंबित पड़े विद्युत विपत्र की राशि को तत्काल भुगतान करने का निर्देश दिया।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता




● सरकार की योजनाओं के बारे में जिला प्रशासन के आधिकारिक फेसबुक पेज पर फेसबुक लाइव के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का निर्देश

लखीसराय !जिला स्तरीय समन्वय समिति की समीक्षा बैठक में किसी भी विभाग का अन्य विभागों से समन्वय से संबंधित मामलों का निष्पादन किया जाता है। जिला स्तरीय पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि सरकार की योजनाओं के बारे में जिला प्रशासन के आधिकारिक फेसबुक पेज पर फेसबुक लाइव के माध्यम से लोगों को जागरूक करें। स्वास्थ्य विभाग का मूक बधिर बच्चों हेतु हियरिंग एड योजना हेतु सहायक निदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग से समन्वय स्थापित करने का निदेश दिया गया।

विभिन्न विभागों के पुरानी गाड़ियों के डिस्पोजल से संबंधित मामले हेतु जिला परिवहन पदाधिकारी से समन्वय हेतु निदेश दिया गया। लखीसराय जिला अंतर्गत विभिन्न कार्यालयों का लफ्टर 'स्त्र'ड्ढटी मैपिंग से संबंधित समीक्षा की गई, एवं जिस कार्यालय का 'स्त्र'ड्ढटी 'स्त्रह्लल्ॅ का कार्य हो गया है उनको बधाई दिया गया, एवं जिन ऑफिस का कार्य पूर्ण नहीं हुआ उनको निदेश दिया गया कि जल्द ही मैपिंग का कार्य पूर्ण किया जाए। महिला संवाद कार्यक्रम में प्राप्त आवेदनों का निपटारा जल्द से जल्द किए जाने का निदेश सभी संबंधितों को दिया गया। विभिन्न कार्यालयों एवं विभागों के द्वारा जमीन की मांग एवं ठडउ से संबंधित मामलों की समीक्षा की गई। शिक्षा विभाग में नए विद्यालय के निर्माण हेतु जमीन की उपलब्धता, प्रत्येक प्रखंड में डिग्री कॉलेज निर्माण हेतु जमीन की उपलब्धता आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण हेतु जमीन उपलब्धता की समीक्षा की गई। जमीन की उपलब्धता हेतु सम्बंधित पदाधिकारी को अंचलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर उसका निष्पादन करने का निदेश दिया गया। आज की बैठक में उप विकास आयुक्त सुमित कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी मुकुल पंकज मणी,अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर कुमार भूमि सुधार उप समाहर्ता सीतू शर्मा, उप निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार, वरीय उपसमाहर्ता शशि कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी जिला गोपनीय शाखा ओम प्रकाश सिंह,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी विनोद प्रसाद, जिला खेल पदाधिकारी श्री रवि कुमार, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी सुश्री प्राची कुमारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री यदुवंश राम, निदेशक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण नीरज कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी राजीव रंजन, पुलिस उपाधीक्षक साइबर के साथ अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# काला बिल्ला लगा समाहरणालय के लिपिक चरणबद्ध तरीके से आंदोलनरत

प्रात: किरण संवाददाता

सहरसा बिहार अनुसचिवीय कर्मचारी संघ संबद्ध बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के15 जून को राज्य कार्यकारिणी के बैठक के निर्णयानुसार पुरे बिहार के समाहरणालय के लिपिक संवर्ग के कर्मचारी अपने मांगों को लेकर चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करेंगे। जिसमें आज 23 से 25 जून तक काला बिल्ला लगाकर कर काम करेंगे। समाहरणालय संवर्ग के लिपिक संवर्ग में निम्न वर्गीय लिपिक को 2800 ग्रेड पे, उच्च वर्गीय लिपिक को 4200ग्रेड पे, प्रधान लिपिक को 4800 और सहायक प्रशासी पदाधिकारी को 5400 ग्रेड पे की मांग किए है। साथ ही समाहरणालय के कर्मचारियों का राज्यस्तरीय संवर्ग से मुक्त रखा जाए। सामुहिक बीमा के राशि को पचास लाख किया जाए। पुराना पेंशन योजना लागू किया जाए। इत्यादि मांगो को लेकर समाहरणालय के लिपिक चरणबद्ध तरीके से आंदोलनरत रहेंगे। महासंघ के अध्यक्ष प्रभात कुमार सिंह, समाहरणालय संघ के अध्यक्ष रमन कुमार, मंत्री समरेंद्र सिंह, सुरज कुमार, बलराम पासवान, प्रियंका भारती, सतीश, बमबम झा सहित सभी प्रशाखा प्रखंड के कर्मचारी काला बिल्ला लगाकर काम किए।

# प्रत्याशी के घर से नाग सांप का वनकर्मियों ने रेस्क्यू किया



प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर। हवेली खड्गपुर अनुमंडल के नगर परिषद वार्ड संख्या 12 के प्रत्याशी संगीता देवी के मकान से नाग सांप का रिस्क्यू शनिवार की रात के करीब एक बजे वनरक्षकों के द्वारा किया गया। वनरक्षक हैदर अली ने प्रेस को बताया कि फॉरेस्टर रंजन कुमार सर के मोबाइल पर सूचना मिला कि नगर परिषद वार्ड संख्या 12 के निवासी प्रत्याशी संगीता देवी के मकान के अंदर एक कमरा में विषैला सांप निकल आया है सूचना मिलते ही हम लोग फॉरेन रेस्क्यू टीम के साथ वार्ड 12 के प्रत्यक्ष संगीता देवी के घर पहुंचे और फोरी कार्रवाई करते हुए विषैला नाग सांप को पकड़ लिया और डिब्बे में बंद कर लिया। वनरक्षी ने बताया कि इस सांप को गंगटा थाना क्षेत्र के भीम बांध जंगल में छोड़ दिया जाएगा। इधर प्रत्याशी संगीता देवी ने बताई कि मेरा बेटा गोलू कुमार उसी कमरे में सोया था जहां विषैला सांप निकला है उन्होंने बताई कि रात करीब 12:00 बजे विषैला सांप कमरे में घुस आया उसके फन की आवाज से घर के सभी सदस्य उसे कमरे तक पहुंचा जहां सांप निकला हुआ था । उन्होंने बताया कि अभी चुनाव का माहौल है इसलिए घर के सभी सदस्य जाग रहे थे सांप के निकलने से सभी लोग भयभीत हो गया ।इस मौके पर समर्थक कुमार राज उर्फ मुरारी राजाराम पत्रकार सदानंद नायक पूर्व वार्ड पार्षद रूबी देवी आनंद कुमार सहित अन्य लोग मजूद थे।

# स्वाधीनता पार्टी ने रैली निकालकर धूमधाम से मनाया द्वितीय स्थापना दिवस

**सहरसा सुपौल मधेपुरा एवं खगड़िया के सभी 17 सीटों पर लड़ेगी चुनाव**

प्रात: किरण संवाददाता



सहरसा बिहार के आगामी विधानसभा चुनाव में सामाजिक नव निर्माण स्वस्थ और शिक्षित समाज, बुजुर्गों का सम्मान महिलाओं का उत्थान एवं बिहार को एक नई पहचान दिलाने के लिए स्वाधीनता पार्टी बिहार विधानसभा चुनाव मजबूती से लड़ेगी। साथ ही सहरसा मधेपुरा सुपौल एवं खगड़िया के सभी 17 सीटों पर पार्टी चुनाव लड़ेगी। साथ ही स्वाधीनता पार्टी अति पिछड़े दलित एवं बनिया वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित होकर काम कर रही है। उक्त बातें स्वाधीनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमर शंकर प्रभात ने प्रेस वार्ता के दौरान कही। स्वाधीनता पार्टी के द्वितीय स्थापना दिवस पर शहर के पूरब बाजार से स्वाधीनता रैली निकाली गई। जिसका समापन कार्यक्रम स्थल प्रेक्षागृह में सभा के रूप मे परिणत हुई। श्री शंकर ने कहा कि स्वाधीनता पार्टी बिहार विधानसभा का चुनाव मजबूती से एकजुट होकर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि बिहार के लगभग 50 सीटों पर पार्टी अपना उम्मीदवार खड़ा करेगी। उन्होंने कहा कि इस बार पार्टी ने इमामगंज चुनाव का उपचुनाव लड़ा जिसमें बेहतर प्रदर्शन रहा। श्री प्रभात अध्यक्ष कुमार ने कहा कि कोशी इलाका सदा से उपेक्षित रहा है जिसके कारण यह क्षेत्र काफी पिछड़ा हुआ है। यही क्षेत्र में उद्योग कल कारखाने नहीं रहने के कारण भारी संख्या में लोगों का पलायन हो रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी का प्रधान कार्यालय सहरसा को बनाया गया है। उन्होंने कहा कि सहरसा मधेपुरा खगड़िया सुपौल के सभी 17 सीटों पर विधानसभा में अपने प्रत्याशी खड़ा करेगी। इस मौके पर राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजीव कुमार एवं क्षेत्रीय प्रतिनिधि कृष्ण कन्हैया, त्रिवेणीगंज प्रखंड के मुखिया किरण देवी, मुखिया प्रतिनिधि अमरेंद्र कुमार अमर ने कहा कि देश की आजादी में भामाशाह का बहुमूल्य योगदान रहा है लेकिन आजादी के बाद राजनीतिक प्रतिनिधित्व के मामले में बनिया वर्ग को सदैव दरकिनार किया गया है हमारी जनसंख्या अधिक रहने के बावजूद प्रजातांत्रिक व्यवस्था में कोई भी उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिला है उन्होंने कहा कि बनिया वर्ग में राजनीतिक जागरूकता का काफी अभाव है। जिसके कारण यह वर्ग सत्ता की भागीदारी से अब तक वंचित रहा है। स्वाधीनता पार्टी इन्हीं उपेक्षित वर्गों को साथ लेकर चुनाव में मजबूती के साथ चुनाव लड़ेंगी। इस मौके पर मुन्नी देवी, पूजा शंकर, मन्नू कुमार, कार्यक्रम संचालक मिथुन महुआ, विजय आनंद, सुनील कुमार, जयकुमार सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

# प्रखंड सहित पंचायत स्तरीय आपदा प्रबंधन निगरानी कमिटी का गठन किया



प्रात: किरण संवाददाता

बरियारपुर (मुंगेर)। अम्बेदकर भवन के सभागार में अंचलाधिकारी रविना गुप्ता के अध्यक्षता में प्रखंड व पंचायत आपदा प्रबंधन निगरानी कमिटी के गठन किया गया। बाद के समय प्रखंड स्तर पर प्रखंड के सभी पदाधिकारियों को प्रखंड मुख्यालय पर से निगरानी के साथ साथ जिम्मेदारी दी गई है कि आप अपने अस्तर से समय निगरानी करेंगे वही पंचायत निगरानी कमिटी के सदस्य के रुप वार्ड सदस्यों के साथ साथ पराजित मुखिया व पंचायत समिति के सदस्यों का अहम भूमिका रहेगी।इस संम्बन्ध में अंचलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि तमाम सदस्यों के देख रेख मे सभी प्रकारो के कार्य संपादन किया जायेगा। बाढ आने के पुर्व आप अपना सुची अंचल कार्यालय को जमा कर देंगे। आप तमाम मुखिया व वार्ड सदस्यों के द्वारा चिन्हित कर बाढ के पूर्व ही सुची मे निरीह लोगों के नाम के सामने गृह विहिन व फुश के घरों को चिन्हित कर हमे अवगत करेंगे जिससे जिला आपदा प्रबंधन विभाग से हमे मांग रखने का अवसर मिल सके। इस अवसर पर उपस्थित अंचल नाजीर संजय कुमार, प्रखंड नाजीर कृष्ण कुमार, जदयु प्रखंड अध्यक्ष मिथलेश कुमार मंडल, श्रम प्रर्वतन पदाधिकारी दिलिप कुमार झा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा अनील कुमार सिन्हा, करहरिया पश्चिमी पंचायत के मुखिया अशोक कुमार मंडल,झोवा बहियार पंचायत के मुखिया चन्द्रशेखर रजक,करहरिया पुर्वी पंचायत के मुखिया नन्द लाल मंडल, पड़िया पंचायत के मुखिया सरिता कुमारी, पड़िया पंचायत के उप मुखिया संतोष कुमार,बरियारपुर दक्षिणी पंचायत के उप मुखिया करण कुमार साह,पंचायत समिति सदस्य मुकेश कुमार सिह, बरियारपुर उत्तरी पंचायत के उप मुखिया अखलेश कुमार वार्ड सदस्य ललीत नारायण रजक,के साथ अनेक वार्डसदस्य उपस्थित रहे।

# जिले के 865 एएनएम नें वेतन भत्ता में बढ़ोतरी की मांग को लेकर किया धरना-प्रदर्शन आयोजित

**महिला संविदागत 865 एएनएम के साथ सौतेला व्यवहार अपने आप में घोर आश्वर्य : अर्चना भारती**




प्रात: किरण संवाददाता

सहरसा बिहार चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के द्वारा संचालित बिहार राज्य संविदागत अरबन 865 एएनएम, संघर्ष समिति के राज्य कमिटी के निर्णयानुसार सोमवार को बिहार राज्य अन्तर्गत सभी सिविल सर्जन के समक्ष चिरलंबित मांगों की पूर्ति के लिए धरना-प्रदर्शन के माध्यम से माँग-पत्र समर्पित किया गया। ज्ञात हो कि सरकार आदर्श नियोजक होता है। समान कार्य का समान वेतन एक सुस्थापित नीति है। बिहार सरकार के द्वारा सरकारी क्षेत्रों में संविदा पर कार्यरत एएनएम को 15000/- (पन्द्रह हजार) रूपया मानदेय मिलता था। राज्य स्वास्थ्य समिति के द्वारा नियोजित एएनएम को 12500 रूपया नियुक्ति होने के पूर्व मिला करता था। स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार के द्वारा बिहार 865 संविदागत एएनएम को शहरी क्षेत्रों के लिए नियोजित किया गया। जिसको मात्र 11500 रूपया मानदेय मिलता है। फिलहाल राज्य स्वास्थ्य समिति के द्वारा संविदा पर नियोजित एएनएम को 35 प्रतिशत मानदेय में बढ़ोतरी किया गया तथा अभी फिलहाल राज्य सरकार के द्वारा आउटसोर्सिंग में कार्यरत कर्मियों को न्यूनतम मजदूरी देने का आदेश निर्गत हुआ है। खेद के साथ सूचित करना है कि संविदागत 865 एएनएम का मानदेय सरकारी स्तर पर नियुक्त एएनएम तथा राज्य स्वास्थ्य समिति के द्वारा नियोजित एएनएम से कम है जिसके कारण समान कार्य के बदले समान वेतन के सिद्धांत का उलंघन हो रहा है और सरकार के आदर्श नियोजक होने पर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर रहा है। अर्चना भारती ने बताया कि मानदेय में विभिन्नता है तो दूसरी तरफ बढ़ती हुई महँगाई को देखते हुए राज्य स्वास्थ्य समिति के भाँति इनके मानदेय में 35 प्रतिशत इजाफा भी नहीं किया जा रहा है। साथ हीं साथ इनके शर्तों में शामिल 05 प्रतिशत के दर से सालाना मानदेय वृद्धि को भी लागू नहीं किया जा रहा है जो विभागीय निष्क्रियता का ज्वलंत उदाहरण है। साथ ही साथ सभी महिला कर्मियों को 02 (दो) दिन का प्राकृतिक अवकाश दिया जाता है उस अधिकार से भी इन संविदागत ए०एन०एम० को बंचित कर दिया गया है। टीकाकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्य करने वाली अतिकुशल, कुशल, महिला संविदागत 865 एएनएम के साथ यह सौतेला व्यवहार अपने आपमें घोर आश्वर्य का विषय है। आप संवेदनशील पदाधिकारी हैं। हम आपसे अपेक्षा रखते हैं कि पत्र में उठाये गये समस्या का समाधान कर परमयश के भागी बनेंगे अन्यथा बाध्य होकर के कार्य बहिष्कार करने के लिए बाध्य होंगे जिसकी सारी जवाबदेही स्वास्थ्य प्रशासन की होगी।

# मजदूरों से मारपीट कर ठेकेदार से मांगी पांच लाख की रंगदारी



प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर। धरहरा प्रखंड के माताडीह पंचायत अंतर्गत निमियाटांड गांव में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य कर रहे मजदूरों पर रविवार की देर रात हथियारबंद नकाबपोश अपराधियों ने हमला कर दिया। अपराधियों ने मजदूरों के साथ बेरहमी से मारपीट की और ठेकेदार से पांच लाख रुपये की रंगदारी की मांग की। घटना में बेगूसराय जिले के नीरज साव, रंजीत यादव तथा जमुई जिले के चंदन यादव और चांदो राय गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सभी मजदूर अजीत सिंह कंस्ट्रक्शन कंपनी के लिए पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य कर रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार रविवार की रात करीब 11 बजे दो बाइक पर सवार चार नकाबपोश अपराधी निर्माण स्थल पर पहुंचे। मजदूरों के पास आते ही अपराधियों ने मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद अपराधियों ने ठेकेदार से पांच लाख रुपये की रंगदारी की मांग की। पैसे नहीं देने पर ठेकेदार और मजदूरों को जान से मारने की धमकी दी। अपराधियों के इरादे इतने खतरनाक थे कि उन्होंने मजदूरों के विरोध करने पर करीब आधा दर्जन राउंड फायरिंग की। गोलियों की आवाज से आसपास के ग्रामीणों में दहशत फैल गई। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल से दो खोखा बरामद किया है।घटना को अंजाम देने के बाद सभी अपराधी जमालपुर की ओर भाग निकले। घायल मजदूरों को इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी स्थिति सामान्य बताई जा रही है। धरहरा थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार पाठक ने बताया कि पीड़ित पक्ष के आवेदन पर मुकदमा दर्ज कर ली गई है। अपराधियों की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।घटना के बाद से मजदूरों और ठेकेदारों में भय का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने निर्माण स्थल की सुरक्षा की मांग की है।

# राजद द्वारा बाबा साहब के अपमान पर भाजपा नें अम्बेडकर प्रतिमा के समक्ष धरना-प्रदर्शन



प्रात: किरण संवाददाता

सहरसा जिलें में भारतीय जनता पार्टी द्वारा अंबेडकर चौक पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। यह विरोध धरना उस कथित घटना के विरोध में था, जिसमें राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव द्वारा अपने जन्म दिन के मौके पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की तस्वीर का अपमान किया गया। भाजपा नेताओं और कार्यकताओं ने इसे राष्ट्रनायक बाबा साहब के सम्मान पर सीधा आघात बताया। प्रदर्शन के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष साजन शर्मा के नेतृत्व में कार्यकताओं ने लालू यादव के खिलाफ नारेबाजी की और यह मांग की कि वे सार्वजनिक रूप से माफी मांगें। डॉ. अंबेडकर सिर्फ दलित समाज ही नहीं, बल्कि पूरे भारत के संविधान निमार्ता हैं, और उनका अपमान पूरे देश का अपमान है। एक तरफ राष्ट्रीय जनता दल के नेताओं द्वारा दलितों के बीच जाकर दलितों को प्रति झूठी प्रेम दिखता है। दूसरी तरफ दलितों के मसीहा का अपमान इनकी दोहरी मानसिकता को प्रदर्शित करता है। राष्ट्रीय जनता दल हमेशा दलित को अपमानित करने का कार्य किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महामंत्री मनोज यादव, जिला मंत्री पंकज पाठक, मीडिया प्रभारी सुमित कुमार सिन्हा, महिला मोर्चा के अध्यक्षा सुगामनी देवी, कुमार गौरव, नगर पश्चिम के अध्यक्ष आशीष गुप्ता, संजय कुमार शाह, अभिनव सिंह, छोटू प्रजापति, अखिलेश पांडे, सुशील कुमार, सुजीत कुमार, रोशन गांधी, संतोष गुप्ता सहित अन्य मौजूद थें।

# भाजपा ने मनाया डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस

प्रात: किरण संवाददाता

पुरैनी (मधेपुरा) मुख्यालय स्थित बूथ अध्यक्ष मंटू भगत के आवास पर भारतीय जनता पार्टी पुरैनी द्वारा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम कार्यकताओं द्वारा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रौशन कुशवाहा ने किया एवं संचालन महामंत्री धर्मेंद्र यादव ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष रौशन कुशवाहा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की अखंडता को अक्षुण्ण रखने के लिए अतुलनीय साहस और पुरुषार्थ का परिचय दिया। राष्ट्र निर्माण में उनका अमूल्य योगदान हमेशा श्रद्धापूर्वक याद किया जाएगा। डॉ. मुखर्जी ने निडर होकर पंडित नेहरू की नीतियों का विरोध किया और वैकल्पिक राजनीति की नींव रखी। उनका यह विचार आज भी भाजपा की प्रेरणा है। धारा 370 को हटाकर और राम मंदिर का पुनर्निर्माण कर प्रधानमंत्री मोदी ने उनके सपनों को साकार किया है। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला मंत्री मनोज सिंह ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का पुरोधा बताते हुए कहा कि डॉ. मुखर्जी ने जम्मू-कश्मीर और पश्चिम बंगाल को भारत का अभिन्न हिस्सा बनाए रखने के लिए आजीवन संघर्ष किया।

# बाल भवन में आयोजित 20 दिवसीय चक धूम धूम समर कैंप का समापन समारोह संपन्न

प्रात: किरण संवाददाता




सहरसा बिहार सरकार, शिक्षा विभाग द्वारा स्थापित संस्था बाल भवन में आयोजित 20 दिवसीय चक धूम धूम समर कैंप का समापन समारोह बड़े ही उत्साह एवं जोश के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर महापौर, नगर निगम बैन प्रिय, कला संस्कृति पदाधिकारी स्नेहा कुमारी, योगेंद्र योगी तथा मुक्तेश्वर सिंह उपस्थित थे। मुख्य अतिथि का स्वागत किलकारी की परंपरा के अनुसार बच्चों द्वारा तिलक लगाकर तथा हस्तनिर्मित पुष्प गुच्छ देकर किया गया। इस अवसर पर बाल भवन की सजावट बच्चों द्वारा बड़े ही सुसज्जित ढंग से की गई साथ ही चित्रकला व हस्तकला के बच्चों द्वारा कार्यशाला में तैयार पेंटिंग एवं क्राफ्ट की प्रदर्शनी लगाई। जिससे मुख्य अतिथि काफी प्रभावित हुई। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गई। तत्पश्चात अतिथियों के स्वागत में संगीत विधा के बच्चों ने अपने क्षेत्रीय भाषा में स्वागत गीत की प्रस्तुति दी। जिससे वातावरण गुंजायमान हो उठा। इसके बाद मुख्य अतिथि, बैन प्रिय ने अपने संबोधन में बच्चों को ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह बच्चों के लिए बहुत अच्छा स्थान है जहां बच्चों के सृजनात्मक विकास हेतु निः शुल्क प्रशिक्षण दी जाती है ताकि बच्चे अपना क्षमता वर्धन कर सके तथा बच्चों को मंच मिल सके, जिसकी सभी बच्चों को तलाश होती है। साथ ही उस मंच तक बच्चों को पहुंचाने के लिए किलकारी इतनी मेहनत करती है, यह सचमुच कबीले तारीफ है। हम चाहेंगे कि किलकारी आगे भी इसी प्रकार कार्य करती रहे ताकि बच्चों का ज्ञानवर्धन होता रहे और बच्चे इसका लाभ उठाए और भरपूर मनोरंजन करे।

# ग्रामीण विकास विभाग मंत्री की अध्यक्षता में संभावित बाढ़ के मद्येनजर आपदा प्रबंधन की हुई समीक्षात्मक बैठक

प्रात: किरण संवाददाता

मधेपुरा ग्रामीण विकास विभाग-सह-प्रभारी मंत्री श्रवण कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को संभावित बाढ़ के मद्येनजर आपदा प्रबंधन की समीक्षात्मक बैठक आहुत की गई। बैठक में नरेन्द्र नारायण यादव, उपाध्यक्ष, बिहार विधान सभा-सह-माननीय विधायक, आलमनगर विधान सभा, निरंजन मेहता, विधायक, बिहारीगंज विधान सभा, संतोश कुमार मल्ल, प्रभारी सचिव, आपदा विभाग, बिहार, पटना, श्रीमति मंजू देवी, जिला परिषद अध्यक्षा, मधेपुरा, तरनजोत सिंह, जिला पदाधिकारी, मधेपुरा, संदीप सिंह, पुलिस अधीक्षक, मधेपुरा, अनिल बसाक, उप विकास आयुक्त, मधेपुरा, अरूण कुमार सिंह, अपर समाहर्ता, मधेपुरा, मुकेश कुमार, अपर समाहर्ता (आपदा), अनुमंडल पदाधिकारी, मधेपुरा/उदाकिशुनगंज सहित अन्य जिलास्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में श्रवण कुमार, ग्रामीण विकास विभाग-सह-प्रभारी मंत्री के द्वारा एजेन्डावार संभावित बाढ़ पूर्व तैयारी यथा- बाढ़ राहत सामग्रियों के दर निर्धारण की स्थिति, जिला में पॉलिथीन सीट्स की उपलब्धता, नाव की व्यवस्था, बाढ़ राहत शिविर एवं सामुदायिक रसोई के संचालन हेतु की जाने वाली तैयारी, मानव दवा की उपलब्धता, अनुग्रहित अनुदान भुगतान की स्थिति आदि के विषय में समीक्षा की गई।

सम्पादकीय

# पश्चिम एशिया में फैला हुआ है अमेरिका के सैन्य अड्डा

जितेन्द्र कुमार सिन्हा



पश्चिम एशिया एक बार फिर युद्ध की आशंका के घेरे में है। अमरीका द्वारा की गई सैन्य कार्रवाई के बाद ईरान और उसके समर्थक समूहों में आक्रोश देखा जा रहा है। इस तनावपूर्ण वातावरण में सबसे अधिक खतरा उन अमरीकी सैन्य ठिकानों पर मंडरा रहा है जो इस क्षेत्र के कई देशों में फैला हुआ है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अमरीका ने इस्लामी दुनिया के हृदय स्थल माने जाने वाले पश्चिम एशिया में रणनीतिक सैन्य अड्डों की एक पूरी श्रृंखला खड़ी की है। यह बेस खुफिया संचालन, हवाई हमलों, रसद आपूर्ति, नौसेना गतिविधियों से लेकर ड्रोन मिशनों तक के लिए इस्तेमाल होता हैं। 1996 में बना अल उदीद एयर बेस, कतर की राजधानी दोहा से 30 किमी दूर स्थित है। यह अमरीका का सबसे बड़ा सैन्य बेस है जो 24 हेक्टेयर (60 एकड़) क्षेत्र में फैला हुआ है। यहां 100 से अधिक फाइटर जेट्स और ड्रोन तैनात हैं। 10,000 अमरीकी सैनिक तैनात हैं। इराक, सीरिया और अफगानिस्तान में हुए कई ऑपरेशन यहीं से संचालित हुए हैं। यह बेस सेंटकॉम के एयर ऑपरेशनों की रीढ़ है। ईरान जानता है कि यह अड्डा हमले की स्थिति में अमरीका की जवाबी कार्रवाई की प्राथमिक जगह होगा, इसीलिए यह उसका प्रमुख संभावित लक्ष्य भी है। बहरीन में स्थित यह नौसैनिक अड्डा ल्टर ख४प्रं१ के पुराने ब्रिटिश बेस पर विकसित किया गया है। इसमें 9,000 से अधिक सैन्य और नागरिक कर्मचारी कार्यरत हैं। अमरीकी नौसेना की पांचवीं फ्लीट (Fifth Fleet) की तैनाती है। फारस की खाड़ी, ओमान की खाड़ी और अरब सागर पर पैनी नजर रखता है। यह बेस जहाजों, विमानों और सैन्य टुकड़ियों को ईंधन, मरम्मत, सुरक्षा और खुफिया सूचना प्रदान करता है। फारस की खाड़ी में अमरीका की उपस्थिति ईरान को कूटनीतिक रूप से संतुलन में रखने का काम करता है। इराक के उत्तरी क्षेत्र कुर्दिस्तान की राजधानी एरबिल में स्थित यह एयर बेस अमरीकी सेना की हवाई गतिविधियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इसके अलावा अल-हरीर और अल-असद जैसे अन्य बेस भी इराक में मौजूद है। एरबिल से क्र के खिलाफ अभियान चलाया गया था। यह बेस सीरिया और ईरान की सीमा के करीब है, जिससे इसे रणनीतिक बढ़त मिलती है। ईरान समर्थित मिलिशिया गुट पहले भी इन बेसों को रॉकेट और ड्रोन हमलों से निशाना बना चुका है। कुवैत में अमेरिका के कई बेस हैं लेकिन सबसे अहम है कैंप आरिफजान, जो 1999 में बनाया गया था। यह बेस दक्षिण-पूर्व कुवैत में स्थित है। लॉजिस्टिक सपोर्ट, ट्रेनिंग और कमांड सेंटर का कार्य करता है। इसमें हजारों अमेरिकी सैनिक तैनात रहते हैं। इराक युद्ध के समय यह बेस युद्ध सामग्री के ट्रांजिट प्वाइंट के रूप में भी प्रयोग हुआ था। अबू धाबी के पास स्थित अल दहफरा एयर बेस में 10 विमान स्क्वाड्रन है। टद-9 रीपर ड्रोन, एफ-22 रैप्टर स्टील्थ फाइटर, अहअउर जैसे विमानों की तैनाती है। टोही, निगरानी और हवाई लड़ाई के लिए पूरी तरह सक्षम है। यह बेस अमेरिका के खुफिया नेटवर्क का एक अहम हिस्सा है, जिससे ईरान की गतिविधियों पर निगरानी रखा जाता है। अमरीका के कई बेस और फॉरवर्ड ऑपरेटिंग लोकेशंस (FOLs) जॉर्डन में जरका और अज-जरका है। सऊदी अरब में प्रिंस सुल्तान एयर बेस है। मिस्र में सिनाई प्रायद्वीप के पास छोटा बेस है। यह सभी अड्डा संभावित संघर्षों में सक्रिय भूमिका निभा सकता है। अमरीका ने सिर्फ एयरबेस और नौसैनिक अड्डा नहीं बनाया हैं, बल्कि रडार चौकियों और सैटेलाइट निगरानी केंद्रों की भी एक मजबूत श्रृंखला खड़ा किया है। उदाहरण के लिए तुर्किए (तुर्की) में इंकिरलिक एयर बेस, सीरिया के उत्तर-पूर्व में गुप्त चौकियां, लेबनान की सीमा के करीब खुफिया चौकियां। इन चौकियों का कार्य है, खतरे की पहचान, ईरान समर्थित गुटों की हलचल पर नजर रखना और आवश्यक स्थिति में तेजी से जवाब देना।

# सनातन संस्था की ओर से हिंदू राष्ट्ररत्न और सनातन धर्मश्री पुरस्कार



सनातन संस्था की ओर से 17 से 19 मई 2025 की अवधि में फोंडा, गोवा में आयोजित सनातन राष्ट्र शंखनाद महोत्सव में हिन्दू धर्म और राष्ट्र रक्षा के लिए विशेष कार्य करनेवाले अनेक व्यक्तियों को हिंदू राष्ट्ररत्न और सनातन धर्मश्री पुरस्कार घोषित किए गए थे। उनमें से पुरस्कार प्राप्तकताओं में दिल्ली स्थित हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस के अध्यक्ष पू. अधिवक्ता हरिशंकर जैन को हिंदू राष्ट्ररत्न, जबकि दिल्ली राज्य के कला व सांस्कृतिक मंत्री श्री कपिल मिश्रा, मुंबई के प्रसिद्ध फि ल्म निमार्ता-निर्देशक श्री विपुल शाह, मुंबई के हिंदू विधिज्ञ परिषद के राष्ट्रीय सचिव अधिवक्ता संजीव पुनाळेकर, ऋषिकेश स्थित गीता भवन के श्री गौरीशंकर मोहता और अहिल्यानगर के प्रसिद्ध भारतीय मूर्तिकार व चित्रकार श्री प्रमोद कांबळे को संतों के करकमलों से सनातन धर्मश्री पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया है। मंदिर मुक्ति हेतु संघर्ष : श्रीराम मंदिर सहित उत्तर प्रदेश के काशी, मथुरा तथा मध्यप्रदेश की भोजशाला जैसे मंदिरों की मुक्ति हेतु निःशुल्क न्यायालयीन संघर्ष करनेवाले प्रखर धर्माभिमानी अधिवक्ता (पू.) हरिशंकर जैन को हिंदू जनजागृति समिति के राष्ट्रीय मार्गदर्शक सद्गुरु (डॉ.) चारुदत्त पिंगळे के करकमलों से दिल्ली में हिंदू राष्ट्ररत्न पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पू. हरिशंकर जैन ने इस अवसर पर अपने विचार प्रकट करते हुए कहा, यह पुरस्कार प्राप्त होने से नया कार्य करने की ऊर्जा मिली है। जब तक जीवन है, तब तक अनेक मंदिरों की मुक्ति का कार्य करना यह मेरी ज़िम्मेदारी मानकर मैं उसे पूर्ण करूंगा। हिंदू इकोसिस्टम से संगठन निर्माण : हिंदू इकोसिस्टम के माध्यम से लेखक, प्राध्यापक, वैज्ञानिक, कलाकार, इतिहासकार और धर्मप्रेमियों को एकत्रित कर धर्म और राष्ट्र सेवा हेतु एक प्रभावशाली मंच निर्माण करनेवाले, तथा दिल्ली दंगों में हिंदुओं को सहायता करनेवाले दिल्ली के कला एवं संस्कृति मंत्री श्री कपिल मिश्रा को सद्गुरु (डॉ.) चारुदत्त पिंगळे के करकमलों से दिल्ली में ह्यसनातन धर्मश्रीह्ण पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अपने मनोगत में श्री कपिल मिश्रा ने कहा, गोवा में हुए महोत्सव में जो शंखनाद किया गया, उसकी ध्वनि वर्षों तक गूंजती रहेगी। ऐसा ही शंखनाद महोत्सव दिल्ली में भी होना चाहिए, ऐसी मेरी विनती है। इसी प्रकार ऋषिकेश स्थित गीता भवन के श्री गौरीशंकर मोहता का सद्गुरु (डॉ.) पिंगळे ने सनातन धर्मश्री पुरस्कार देकर सम्मान किया। सत्य व संवेदनशील विषयों पर फि ल्म निर्माण : श्री विपुल शाह ने द केरला स्टोरी और बस्तर : द नक्सल स्टोरी इन फि ल्मों के माध्यम से लव जिहाद और नक्सलवाद जैसे संवेदनशील सामाजिक विषयों पर प्रकाश डाला। इन सत्य घटनाओं पर आधारित फि ल्मों के माध्यम से उन्होंने न केवल व्यावसायिक सफलता अर्जित की, अपितु पूरे विश्व में जागृति लाने का कार्य भी प्रभावशाली रूप से किया। ऐसे सत्यनिष्ठ और राष्ट्रभक्त फि ल्म निमार्ता-निर्देशक श्री विपुल शाह को सनातन संस्था की धर्मप्रचारिका सद्गुरु अनुराधा वाडेकर ने ह्यसनातन धर्मश्री पुरस्कार देकर सम्मानित किया। अपने मनोगत में श्री विपुल शाह ने कहा, सनातन धर्मश्री पुरस्कार स्वीकार करते समय मैं भावविभोर और आनंदित हूं। यह पुरस्कार मुझे प्रेरणा देगा, जिससे मैं हिंदू समाज के लिए और अच्छे फि ल्में बना सकूं, तथा जागृति और सतत प्रयास जारी रहेगा। निरपराध हिन्दुओं व सामान्य लोगों को सहायता : कांग्रेस शासनकाल में हिंदू आतंकवादी सिद्ध करने के लिए भयावह षड्यंत्र रचकर हिंदुत्वनिष्ठों को विभिन्न प्रकरणों में फंसाया गया। ऐसे समय में अधिवक्ता संजीव पुनाळेकर ने मालेगांव बम विस्फोट, मडगांव बम विस्फोट सहित अनेक मुकदमों में हिंदुत्वनिष्ठ और सामान्य व्यक्तियों को निःशुल्क सहायता देकर सत्य पक्ष समाज में दृढता से प्रस्तुत किया। उनका सनातन संस्था की धर्मप्रचारिका सद्गुरु अनुराधा वाडेकर ने सनातन धर्मश्री पुरस्कार देकर सम्मान किया। इस अवसर पर अपने मनोगत में अधिवक्ता पुनाळेकर ने कहा, अब राष्ट्र और धर्म के लिए अनेक अधिवक्ता आगे आ रहे हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी का हर अभियान बना जन आन्दोलन

**स्वच्छता आन्दोलन के साथ देखते ही देखते तरह से राजनेता, अभिनेता, अधिकारी, कर्मचारी, व्यापारी व आमजन जुड़ गये वह अपने आप मे अद्वितीय ही रहा। अभियान पूरे देश में व्यापक असर तो दिखा ही साथ ही लोगों के दिलों-दिमाग में स्वच्छता के प्रति जागरुकता के प्रति अमिट छाप छोड़ गया। आज भी लोग सार्वजनिक व निजी स्थलों मे कचरा फेंकने, गंदगी करने के पहले सौ बार सोचते है। कोविड के समय स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता और जन सहयोग को मिशाल के रूप मे देश ने देखा है। सरकारी मदद इलाज के इतर जिस तरह से एक दूसरे की मदद के लिए लोग सामने आए और लाखो लोगों की जान सुरक्षित किए वह प्रधानमंत्री के आह्वान का ही नतीजा रहा है। मोदी सरकार ने 11 साल के कार्यकाल में कई उल्लेखनीय और अभूतपूर्व कार्य कर भारत को कई क्षेत्रो मे नई ऊंचाई पर पहुंचाया है। शौचालय पी.एम. आवास निर्माण के बाद बड़ी उपलब्धियों मे यदि किसी को गिना जाअगा तो वह है आयुष्मान भारत योजना, जिसने 50 करोड़ गरीबों को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया है।**






डॉ.राजेश मिश्र

लेखक

अपने पहले कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब गांधी जयंती पर स्वच्छता अभियान की शुरूआत की तो किसी को अंदाजा न रहा होगा की यह अभियान जन आन्दोलन का रूप ले लेगा। स्वच्छता आन्दोलन के साथ देखते ही देखते तरह से राजनेता, अभिनेता, अधिकारी, कर्मचारी, व्यापारी व आमजन जुड़ गये वह अपने आप मे अद्वितीय ही रहा। अभियान पूरे देश में व्यापक असर तो दिखा ही साथ ही लोगों के दिलों-दिमाग में स्वच्छता के प्रति जागरुकता के प्रति अमिट छाप छोड़ गया। आज भी लोग सार्वजनिक व निजी स्थलों मे कचरा फेंकने, गंदगी करने के पहले सौ बार सोचते है। कोविड के समय स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता और जन सहयोग को मिशाल के रूप मे देश ने देखा है। सरकारी मदद इलाज के इतर जिस तरह से एक दूसरे की मदद के लिए लोग सामने आए और लाखो लोगों की जान सुरक्षित किए वह प्रधानमंत्री के आह्वान का ही नतीजा रहा है। मोदी सरकार ने 11 साल के कार्यकाल में कई उल्लेखनीय और अभूतपूर्व कार्य कर भारत को कई क्षेत्रो मे नई ऊंचाई पर पहुंचाया है। शौचालय पी.एम. आवास निर्माण के बाद बड़ी उपलब्धियों मे यदि किसी को गिना जाअगा तो वह है आयुष्मान भारत योजना, जिसने 50 करोड़ गरीबों को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया है। इस योजना ने 6 करोड़ से अधिक लोगो का इलाज कराकर उन्हे वित्तीय संकट से बचाया। देखा जाए तो गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार के लिये इलाज पर होने वाला खर्च कमर तोड़ने वाला होता है। गम्भीर बीमारी के समय तो कई ऐसे परिवार रहे जो खर्च न उठा पाने की स्थिति मे मरीज को अपने हाल पर छोड़ देते थे। आयुष्मान भारत योजना ने अब सब कुछ आसान कर दिया है। सामान्य हो या असामान्य सभी तरह की बीमारियों की चिन्ता आयुष्मान भारत पर छोड़ी जा चुकी है। आयुष्मान भारत योजना के बाद डिजिटल इण्डिया का कदम क्रान्तिकारी रहा है। डिजिटल इण्डिया ने यूपीआई के माध्यम से भारत को वैश्विक डिजिटल भुगतान का नेतृत्वकर्ता बनाया जिससे 2025 तक 1.3 ट्रिलियन मासिक लेन-देन दर्ज किए गए। मेक इन इण्डिया विनिर्माण और निवेश को बढ़ावा दिया जिससे भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्था बना। जल जीवन मिशन ने 11.82 करोड़ ग्रामीण घरो को नल जल कनेक्शन प्रदान किया जिससे स्वच्छ पेयजल की पहुंच बढ़ी। मोदी सरकार ने अपने ग्यारह वर्ष के कार्यकाल मे ऐतिहासिक और साहसिक निर्णय लिए हैं। अनुच्छेद 370 का हटाया जाना ऐसा निर्णय रहा जिसे देश मान चुका था की यह सम्भव नही है। ह्यह नहीं हो सकताह्व की धारणा आम हो चुकी थी लोकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे यह धारणा टूट गई। अनुच्छेद 370 समाप्त हो गया और किसी तरह की चूं- चपड़ भी नही हुई। विपक्ष की यह आशंका भी निर्मूल साबित हुई की देश मे भू-चाल आ जाएगा। अनुच्छेद 370 के समाप्ति के बाद देश ने भी देखा की जब जम्मू-कश्मीर में लोकसभा चुनाव हुए तो 58.46 फीसद तक मतदान हुआ। यह परिवर्तन एक साहसिक निर्णय का असर रहा है। इसी तरह तीन तलाक की प्रथा जो मानवता के लिए त्रासदी थी जिस पर वर्षों तक चुप्पी छायी रही। सुप्रीम कोर्ट ने अपनी बात कही लेकिन कोई निर्णायक कदम नही उठाया गया। मोदी सरकार ने तीन तलाक को समाप्त कर यह साबित कर दिया कि वह महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध है। यह निर्णय तब और भी महत्वपूर्ण हो जाता है जब पता चलता है कि इस्लामिक देशों में तो तीन तलाक बहुत पहले ही समाप्त हो चुका है। प्रधानमंत्री ने गरीबों के कल्याण की सार्थक योजना चलाई जिसका असर देखने को मिला है। गरीबी हटाओ केवल पुराने नारे तक सीमित नहीं रहा बल्कि गरीबों के कल्याण को साकार रूप दिया गया। आंकड़े बताते हैं की 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा के उपर उठ चुके है। नीति आयोग और अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मंचों द्वारा प्रस्तुत किए गए आंकडे भी इसके गवाह है। भारत मे अत्यधिक गरीबी में 80 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत 80 करोड लोगो को प्रति व्यक्ति 5 किलो गेहूं व चावल निःशुल्क उपलब्ध कराया गया जिसे बडी उपलब्धि के रूप में माना जा सकता है। पी.एम. आवास योजना ने भी गरीबों की ना की दशा बदली बल्कि खुशहाली की राह दिखाआ है। पी.एम. आवास योजना के 4 करोड़ पक्के मकान बनाए जा चुके है और अगले पांच वर्षों में 3 करोड और मकानों के निर्माण का संकल्प लिया गया है। यदि आज आप गांवों की यात्रा करें तो पहले जहां खपरैल व घासफूस के घर दिखते थे अब वहां पक्के मकान खड़े है। सड़क नेटवर्क क्षेत्र में पहले जो सड़कें अधूरी व टूटी-फूटी रहती थीं वह अब हाइवे मे बदल चुकी हैं। यह आज के आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर का परिचायक है। पुलवामा व हाल में हुए पहलगाम आतंकी हमले से सभी वाकिफ हैं। आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री नेहवा-हवाई बातें नहीं की, बल्कि जो कहा वह करके दिखाया है। देश ने देखा कि किस तरह सेना ने घुस कर मारा। यह तभी संभव होता जब नेतृत्त मजबूत हाथो में हो, और कुछ कर दिखाने का जज्बा हो। मोदी सरकार ने देश की आंतरिक और वाह्य सुरक्षा फोकस करते हुए नक्सलवाद व आतंकवाद की कमर तोड़ने का काम किया है। पहले देश में 126 जिले नक्सल प्रभावित माने जाते थे जो अब घटकर 18 रह गए हैं। हिंसा मे 53 फीसद की कमी आई है। सुरक्षाबलों की हताहत संख्या में 72 फीद गिरावट दर्ज की गई है। इससे स्पष्ट होता है कि भारत अब नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करने की दिशा में तेजी से आगे बढ रहा है। संसदीय क्षेत्र सीधी के संदर्भ मेंः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ग्यारह वर्ष के कार्यकाल मे संसदीय क्षेत्र सीधी में एतिहासिक कार्य हुए हैं। ललितपुर- सिंगरौली रेल परियोजना की आधारशिला 1985 मे रखी गई। बाद में परियोजना को ठंडे बस्ते मे डाल दिया गया। केन्द्र मे कांग्रेस की सरकार होने और स्थानीय स्तर पर मजबूत व पहुंचवाले नेताओं के होने के बावजूद परियोजना को गतिमान बनाने एक धेला भी नही दिया गया। रेल परियोजना को गति देने का काम नरेन्द्र मोदी की सरकार बनने के बाद हुआ है। ग्यारह वर्ष के प्रयास का नतीजा रहा की रीवा से सीधी और सिंगरौली तक रेल लाइन बिछाने का काम तेज है। जगह-जगह स्टेशन, पुल आदि का कार्य तेजी से हो रहा है। बघवार तक तो पिछले महीने ट्रायल मे रेल आ चुकी है। जिला मुख्यालय मे भी शीघ्र बहुप्रतीक्षित रेल पहुंचने वाली है। पिछले 40 वर्ष से ठप पड़ी रेल परियोजना को जहां मोदी सरकार ने सजीव कर दिखाया वहीं सीधी-रीवा मार्ग पर कैमोर पहाड़ मे विश्वस्तरीय सुरंग का निर्माण कराकर समूचे विंध्य को बड़ी सौगात दी है। सुरंग बन जाने से सीधी और रीवा के बीच आवागमन सुगम व रोमांचित हो गया है। संसदीय क्षेत्र मे इसके अलावा बेहतरीन नेशनल हाइवे निमार्णाधीन हैं। गांव-देहात भी सड़क, पेयजल, बिजली की सुविधा से युक्त हो गए हैं।

# क्या पुरस्कार अब प्रकाशन-राजनीति का मोहरा बन गए

**प्रश्न यह है कि क्या हिंदी साहित्य का पुरस्कार अब केवल उन्हीं लेखकों को मिलेगा जो वाणी प्रकाशन या राजकमल प्रकाशन से प्रकाशित होंगे? पुरस्कारः साहित्यिक मान्यता या प्रकाशकीय गठजोड़? एक समय था जब किसी लेखक को पुरस्कार मिलने पर पूरे साहित्यिक समाज में उत्सव जैसा माहौल होता था। आज स्थिति यह है कि जैसे ही किसी लेखक को प्रतिष्ठित पुरस्कार मिलता है, सबसे पहला सवाल यह पूछा जाता है-कहाँ से छपे हैं? अगर जवाब वाणी या राजकमल है, तो चर्चा बदल जाती है-ह्चलो, सेटिंग होगी...!ह्व यह कटाक्ष नहीं, आज के साहित्यिक वातावरण का यथार्थ है। क्योंकि अब पुरस्कार प्रतिभा का नहीं, प्रकाशन और पहुंच का प्रमाण बनते जा रहे हैं। साहित्यिक ब्रांडिंग का दौर वाणी और राजकमल जैसे संस्थान निस्संदेह हिंदी के प्रमुख स्तम्भ हैं। उन्होंने उत्कृष्ट लेखकों को छापा है और साहित्य की सेवा की है। लेकिन अब समस्या यह नहीं है कि वे छाप रहे हैं**





डॉ. सत्यवान सौरभ

लेखक

साहित्य समाज का दर्पण होता है। यह वाक्य हमने न जाने कितनी बार पढ़ा और सुना है। परंतु आज साहित्य के दर्पण पर परतें चढ़ चुकी हैं-राजनीतिक, प्रकाशकीय और प्रतिष्ठान-प्रेरित परतें। प्रश्न यह नहीं है कि कौन किससे छप रहा है। प्रश्न यह है कि क्या हिंदी साहित्य का पुरस्कार अब केवल उन्हीं लेखकों को मिलेगा जो वाणी प्रकाशन या राजकमल प्रकाशन से प्रकाशित होंगे? पुरस्कारः साहित्यिक मान्यता या प्रकाशकीय गठजोड़? एक समय था जब किसी लेखक को पुरस्कार मिलने पर पूरे साहित्यिक समाज में उत्सव जैसा माहौल होता था। आज स्थिति यह है कि जैसे ही किसी लेखक को प्रतिष्ठित पुरस्कार मिलता है, सबसे पहला सवाल यह पूछा जाता है-ह्कहाँ से छपे हैं?ह्व अगर जवाब वाणी या राजकमल है, तो चर्चा बदल जाती है-ह्चलो, सेटिंग होगी... !ह्व यह कटाक्ष नहीं, आज के साहित्यिक वातावरण का यथार्थ है। क्योंकि अब पुरस्कार प्रतिभा का नहीं, प्रकाशन और पहुंच का प्रमाण बनते जा रहे हैं। साहित्यिक ब्रांडिंग का दौर वाणी और राजकमल जैसे संस्थान निस्संदेह हिंदी के प्रमुख स्तम्भ हैं। उन्होंने उत्कृष्ट लेखकों को छापा है और साहित्य की सेवा की है। लेकिन अब समस्या यह नहीं है कि वे छाप रहे हैं, समस्या यह है कि बाकी किसी को छापना, सुनना और पुरस्कृत करना साहित्यिक प्रतिष्ठानों को ह्जोखिमह्व जैसा लगता है। जिस तरह फिल्मों में केवल बड़े बैनर की फिल्में ही राष्ट्रीय पुरस्कार पाती हैं, उसी तरह अब साहित्य में भी ह्ब्रांडेड प्रकाशनह्व ही पुरस्कारों का टिकट बन चुके हैं। प्रतिभा बनाम पहुँच हिंदी साहित्य के छोटे लेखक, ग्रामीण पृष्ठभूमि के रचनाकार, स्वतंत्र प्रकाशनों से जुड़ी प्रतिभाएँ-सब धीरे-धीरे इस ह्पुरस्कार तंत्रह्व से बाहर हो चुके हैं। उनके पास न तो साहित्यिक लॉबियों से संपर्क हैं, न दिल्ली-मुंबई जैसे केन्द्रों में मौजूदगी, और न ही ब्रांडेड कवर पृष्ठ। तो फिर पुरस्कार किसके हिस्से आएंगे? जवाब स्पष्ट हैः उन्हीं के जो पहले से स्थापित हैं, और एक खास प्रकाशकीय घेरे में फिट होते हैं। पुरस्कार चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल जब पुरस्कारों की चयन समितियों में उन्हीं संस्थानों के प्रतिनिधि बैठें जिनके लेखक पुरस्कार जीतते हैं, तो यह नैतिकता की नहीं, तंत्र की समस्या बन जाती है। क्या कोई लेखक इसलिए श्रेष्ठ है क्योंकि वह किसी प्रसिद्ध प्रकाशन से छपा है? क्या एक गाँव की लड़की की कहानी इसलिए उपेक्षित है क्योंकि वह ह्स्व-वित्तपोषितह्व किताब में छपी है? क्या साहित्य केवल महानगरों में लिखा जा रहा है? यह सवाल मात्र भावुकता नहीं, साहित्य के लोकतंत्र की माँग है। सेटिंग और गैटिंगह्व का साहित्यिक संस्करण अब साहित्यिक पुरस्कार भी वैसी ही ह्यलॉबिंगह्ण का हिस्सा बन चुके हैं जैसे राजनीति या सिनेमा में होता है। कोई वरिष्ठ आलोचक पुरस्कार समिति में बैठता है और उसी साल उसका शिष्य पुरस्कार पाता है। कोई लेखक चर्चित होता है क्योंकि उसके प्रकाशक ने किताब के विमोचन में ह्यनामचीन लोगोंह्ण को बुला लिया। समीक्षाएँ छपती हैं-पर लेखन नहीं पढ़ा जाता, सिर्फ प्रकाशक का नाम देख लिया जाता है। स्वतंत्र प्रकाशकों की उपेक्षाः एक अन्यायपूर्ण प्रवृत्ति हिंदी में आज कई स्वतंत्र, ईमानदार, मेहनती प्रकाशक सक्रिय हैं। वे बिना किसी शोर-शराबे के अच्छे लेखकों को प्रकाशित कर रहे हैं, नए विषय ला रहे हैं, जोखिम ले रहे हैं। लेकिन उन्हें पुरस्कारों की सूची में शायद ही जगह मिले। क्या इसलिए कि उनके पास प्रचार का पैसा नहीं है? या इसलिए कि वे किसी पुरस्कार समिति के सदस्य के ह्यप्रकाशकीय मित्रह्ण नहीं हैं? पुरस्कार नहीं, पाठक चाहिए आज कई लेखक इस पुरस्कार-तंत्र से परेशान होकर कहते हैं-ह्हमें पुरस्कार नहीं चाहिए, हमें पाठक चाहिए।ह्व यह बदलाव एक क्रांतिकारी सोच है। क्योंकि एक समय ऐसा आएगा जब पाठक पूछेगा-ह्क्या यह लेखक अच्छा है, या बस पुरस्कार मिला हुआ है? क्या राजकमल या वाणी में छपना गुनाह है? बिलकुल नहीं। वाणी, राजकमल या अन्य बड़े प्रकाशकों से छपना एक उपलब्धि हो सकती है, लेकिन वह एकमात्र रास्ता नहीं होना चाहिए। समस्या तब होती है जब पुरस्कार देने वाले संस्थान यह मान बैठते हैं कि अच्छा साहित्य वहीं छपता है। इस मानसिकता को बदलना होगा, क्योंकि एक समाज का साहित्य उसकी विविधता, भूगोल, बोली और संघर्षों का समुच्चय होता है-न कि केवल दिल्ली की प्रेस या कॉफी टेबल रीडिंग। नवलेखकों के लिए क्या संदेश है? आज का नवलेखक यह देख रहा है कि अगर उसकी किताब किसी ह्ब्रांडेडह्व प्रकाशक से नहीं छपी, तो उसके पुरस्कार पाने की संभावना लगभग समाप्त है। यह मानसिक अवसाद और हतोत्साहन की स्थिति है। उसे यह समझाना जरूरी है कि - पुरस्कार अंतिम सत्य नहीं हैं। साहित्य एक दीर्घकालीन संवाद है, जिसमें पाठक का प्रेम, समाज की प्रतिक्रिया और लेखकीय ईमानदारी सबसे महत्वपूर्ण है। साहित्यिक लोकतंत्र की आवश्यकता हमें ऐसे मंचों और पुरस्कार संस्थाओं की आवश्यकता है जो छोटे, स्वतंत्र, स्थानीय और डिजिटल प्रकाशकों से छपने वाली पुस्तकों को भी समान अवसर दें। हमें ह्साहित्यिक समानताह्व की बात करनी होगी, जहाँ प्रकाशन का नाम नहीं, रचना की संवेदना और सामाजिक प्रासंगिकता मूल्यांकन का आधार हो। प्रश्न जो रह गए हैंः क्या साहित्यिक संस्थाएँ पुरस्कार चयन से पहले अंधभक्ति की परत हटा पाएँगी? क्या आलोचक अपने संपर्कों से ऊपर उठकर नए साहित्य को खोजने का साहस दिखाएँगे? क्या हम अपने बच्चों को बताएँगे कि सच्चा साहित्य पुरस्कारों से नहीं, अनुभवों से उपजता है? पुरस्कार नहीं, ईमानदारी चाहिए पुरस्कार मिलना अच्छा है, लेकिन ईमानदारी से लेखन करना उससे कहीं ज्यादा बड़ा पुरस्कार है। वह पुरस्कार जो आत्मा देती है, पाठक देते हैं, और समय देता है। साहित्य वह नहीं जो पुरस्कार पाता है, साहित्य वह है जो मनुष्य को भीतर से झकझोर दे-चाहे वह किसी भी प्रकाशक से छपा हो।

# माँ की शक्ति, बच्चों का भविष्यः योग से बदलता परिदृश्य

अन्नपूर्णा देवी

चाहे वह बोर्डरूम हो या युद्धभूमि –मानसिक और शारीरिक रूप से सशक्त महिलाएँ ही बदलाव की वाहक होती हैं; महिलाओं के लिए अपनी वास्तविक शक्ति को पहचान कर उसे विकसित करना अत्यंत आवश्यक है, और योग इसकी कुंजी है। योग की जन्मस्थली भारत में आज भी इस प्राचीन जीवनशैली को केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मन, शरीर और आत्मा के पोषण के लिए एक दार्शनिक पद्धति के रूप में स्वीकार किया जाता है। भगवद्गीता (अध्याय 2, श्लोक 50) में कहा गया है-ह्योगः कर्मसु कौशलम्ह्व, अर्थात ह्ययोग कर्मों में कौशल है।ह्य भगवान श्रीकृष्ण का स्पष्ट संदेश है कि- सच्चा योग शारीरिक आसन या ध्यान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह इस बात में परिलक्षित होता है कि हम अपने दैनिक कर्तव्यों को कितनी कुशलता और ध्यानपूर्वक निभाते हैं। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री के रूप में, मेरा दृढ़ विश्वास है कि योग में परिवर्तनकारी क्षमता है, विशेष रूप से महिलाओं को सशक्त बनाने और बच्चों के पोषण में, जो हमारे समाज की नींव हैं। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में योग ने वैश्विक मंच पर एक कल्याणकारी और सामाजिक परिवर्तन के साधन के रूप में पहचान प्राप्त की है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2014 में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया, जो भारत की महान आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत की वैश्विक मान्यता सिद्ध करता है। इस वर्ष, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम,ह्एक धरती, एक स्वास्थ्य के लिए योगह्व है ' जो कि योग की सर्वसमावेशी और सार्वभौमिक अपील को रेखांकित करती है। माननीय प्रधान मंत्री जी ने भी इस बात पर जोर दिया है कि ह्योग किसी कॉपीराइट, पेटेंट या रॉयल्टी से मुक्त है। यह लचीला है – आप इसे अकेले, समूह में, गुरु से या स्वयं भी सीख सकते हैं।ह्व जैसे-जैसे हमारा राष्ट्र विकसित भारत बनने की दिशा में अग्रसर हो रहा है, यह आवश्यक हो जाता है कि योग को महिलाओं और बच्चों के जीवन का अभिन्न अंग बनाया जाए। भारत की कुल आबादी में महिलाओं और बच्चों की संख्या लगभग दो-तिहाई है, और वे स्वास्थ्य से जुड़ी चुनौतियों के प्रति बेहद संवेदनशील होते हैं। अतः उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना हम सबका कर्तव्य है, और योग की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका है। योग महिलाओं के लिए मानसिक और शारीरिक दोनों दृष्टि से अनेक लाभ प्रदान करता है। यह हार्मोनल संतुलन को बेहतर बनाता है, मानसिक तनाव को कम करता है, और मांसपेशियों एवं हड्डियों को मजबूत बनाता है। विभिन्न आयु वर्ग की महिलाओं की विशिष्ट शारीरिक आवश्यकताओं के अनुसार योग एक समग्र और प्रभावी समाधान प्रदान करता है। योग को अपनाकर महिलाएँ गर्भावस्था से पूर्व और बाद के परिवर्तनशील समय की स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना करने में सक्षम बनती हैं। प्रसव पूर्व योग, अपने विशेष आसनों और ध्यान तकनीकों के साथ, गर्भावस्था की परेशानियों को कम करता है, दर्द प्रबंधन में सहायता करता है, और ऊर्जा को बढ़ाता है। यह गर्भवती माताओं को शारीरिक और भावनात्मक रूप से प्रसव के लिए तैयार करता है। प्रसवोत्तर योग, स्तनपान कराने वाली माताओं को उनकी रिकवरी, भावनात्मक सहायता, स्तनपान को बढ़ावा देने और माँ-बच्चे के रिश्ते को मजबूत करने में मदद करता है। महिलाओं में योग के अभ्यास को बढ़ावा देने के लिए, भारत में 25 लाख से अधिक आंगनवाड़ी कार्यकताओं का एक सशक्त नेटवर्क है, जो योग को महिलाओं और बच्चों के दैनिक जीवन में अपनाने के लिए जानकारी, प्रशिक्षण और सहायता प्रदान कर रहा हैं। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने लगातार महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास की वकालत की है। वे कार्यबल में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी का सक्रिय रूप से समर्थन करते हैं, जो किसी भी अर्थव्यवस्था के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। विश्व बैंक का यह अनुमान है कि महिला श्रम बल की भागीदारी में वृद्धि से भारत के औद्योगिक उत्पादन में 9% तक की वृद्धि हो सकती है और 2047 तक हम एक उच्च आय वाले विकसित राष्ट्र का दर्जा प्राप्त करने में मदद मिल सकती है। यह सब तभी हासिल किया जा सकता है जब हमारे पास शारीरिक और भावनात्मक रूप से स्वस्थ महिला कार्यबल हो।आज की तेजी से बदलती दुनिया में, बच्चे भी जीवनशैली संबंधी विकारों, स्क्रीन पर निर्भरता और शैक्षणिक दबावों से तेजी से प्रभावित हो रहे हैं। योग इन चुनौतियों के लिए साक्ष्य-आधारित, समयबद्ध और सांस्कृतिक रूप से निहित प्रतिक्रिया प्रदान करता है। यह एकाग्रता, याददाश्त बढ़ाने, भावनात्मक विनियमन, नींद की गुणवत्ता और तनाव के प्रबंधन को बेहतर करता है - जो समग्र बचपन के विकास के प्रमुख घटक हैं। मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के माध्यम से, हमारा मंत्रालय योग को बच्चों की प्रारंभिक देखभाल और विकास में शामिल कर रहा है, जो आजीवन स्वास्थ्यवर्धक आदतों की नींव रख रहा है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में एक बहुआयामी रणनीति के अंतर्गत योग को महिलाओं और बच्चों के जीवन के अभिन्न अंग के रूप में अपनाने की दिशा में कार्य कर रहा है। हमारी प्रमुख योजनाएँ, जैसे- आंगनवाड़ी केंद्र, वन स्टॉप सेंटर और बाल देखभाल संस्थान आदि न केवल पोषण और कल्याण सम्बन्धी सेवाएँ प्रदान करते हैं,

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, मंगलवार, 24 जून, 2025



# जिलाधिकारी के आदेश पर जल- जमाव, साफ-सफाई को ले विशेष बैठक की गई आयोजित

## बैठक में वार्ड पाषर्दो ने अपनी समस्याओं को खुलकर रखा, नगर आयुक्त ने दिया त्वरित कार्रवाई का निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। जिलाधिकारी अमन समीर के निर्देश के आलोक में नगर आयुक्त सुनील कुमार पाण्डेय द्वारा सोमवार को विशेष बैठक बुलाई गयी। जिसमें शहर में चल रहे साफ -सफाई, जल -जमाव, स्ट्रीट लाइट लगाने पर चर्चा सभी वार्ड पार्षद के समक्ष की गयी कबैठक में नगर आयुक्त में कहा कि शहर के जिस वार्ड में पार्षद हैं, उस वार्ड में नाला से सम्बंधित, जल- जमाव, स्ट्रीट लाइट आदि की समस्या पर त्वरित कार्रवाई की जाए बैठक में वार्ड पार्षद 35 के श्यामबाबू ने कहा की मेरे वार्ड में छोटा पुलिया टूट गया है,जिसके कारण रोड पर जल- जमाव लग जा रहा है,जिससे आम जनों को आने- जाने में दिक्कत हो रही है कनगर आयुक्त सुनील कुमार पाण्डेय ने बैठक हीं सहायक अभियंता




को निर्देश देते हुए एक सप्ताह मे पुलिया का निर्माण कराना सुनिश्चित करें वार्ड 35 के पार्षद एवं सशक्त स्थायी समिति के सदस्य द्वारा बताया गया कि खनुआ नालों का निर्माण होने से जल- जमाव मेरे वार्ड मे हो गया है,जल निकासी नहीं हो रही है। सफाई एजेंसी के कार्यों पर नाराजगी व्यक्त की गयी बैठक में सभी वार्डो के पार्षद ने अपनी- अपनी बाते रखी कजिसकी समस्या रजिस्टर में दर्ज की गयी, और उस पर त्वरित कार्य करने के लिए सम्बंधित पदाधिकारी को नगर आयुक्त ने आदेश दिया कवार्ड 22 के रामाकांत सिंह उर्फ डब्लू सिंह ने कहा की हम सब एक परिवार हैं, सभी मिलकर चलेंगे तो शहर की सभी समस्याओ को खत्म कर सकते है क सभी पार्षद ने अपने- अपने वार्ड की समस्या नगर आयुक्त के समक्ष रखी बैठक में महापौर लक्ष्मीनारायण गुप्ता, उप महापौर रागिनी कुमारी, नगर आयुक्त सुनील कुमार पाण्डेय, उप नगर आयुक्त सुनील कुमार, सशक्त स्थायी समिति के सदस्य, वार्ड पार्षद, जाकिर अली, संतोष कुमार, श्याम बाबू, रमाकांत सिंह, प्रहलाद राम, राजू श्रीवास्तव, हेमंत कुमार,डॉ संतोष कुमार आदि वार्ड पार्षद एवं नगर निगम से स्वछता पदाधिकारी संजीव कुमार मिश्रा, सुमित कुमार, सिटी मैनेजर वेद प्रकाश वर्णवाल एवं अरविन्द कुमार आदि उपस्थित थे।

# बरसात में शहर को जलजमाव मुक्त बनाए रखना नगर निगम प्रशासन की पहली प्राथमिकता: गरिमा

## नगर निगम क्षेत्र के मुख्य नालों की बरसात पूर्व साफ सफाई अभियान का महापौर ने किया निरीक्षण



● सफाई निरीक्षक और वार्ड जमादारों को युद्ध स्तर सफाई उड़ाही का दिया निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने कहा कि अबकी बार की बरसात में सघन शहरी क्षेत्र को जलजमाव मुक्त बनाए रखना नगर निगम प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। इसके लिए जरूरी है कि नालों की जारी तल से जारी सफाई को युद्ध स्तर पर पूरा किया जाए। महापौर श्रीमती सिकारिया नगर के बसंत बिहार से रेलवे लाईन होकर गुजरने वाले मुख्य नाला की सफाई का निरीक्षण के बाद मौके पर मौजूद सफाई निरीक्षक और अन्य को निर्देश दे रहीं थीं। उन्होंने बताया कि सभी वार्ड जमादारों को अपने अपने वार्ड के सभी नाला नालियों की तल से सफाई अभियान को पूरा करने के आदेश दिए गए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### दिया गया कर्ज मांगने पर चाकू से किया जख्मी

बनियापुर । थाना क्षेत्र के हरपुर गाव में अपने दिए हुए कर्ज की राशि मांगने गए अधेर को चाकू मार कर जख्मी कर दिया । जिसके बाद जख्मी का इलाज रेफरल अस्पताल के बाद सदर अस्पताल में कराया गया, जहा से पीएमसीएच रेफर कर दिया गया, जिसके ब्यान पर प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है घटना के पीड़ित बिपिन सिंह ने प्राथमिकी मे बताया है की पड़ोसी रमेश सिंह से बकाया राशि मांगने गए थे जहा उक्त व्यक्ति ने गाली गलौज करते चाकू से जख्मी कर दिया। जिस मामले मे प्राथमिकी के बाद पुलिस करवाई मे जुट गयी है।

### युवक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

परसा।थाना कांड संख्या 194/25 नबालिक लड़की के अपहरण के मामले को लेकर चाँदपुरा गाव निवासी लड़की के पिता ने परसा थाने लिखित आवेदन देर एक युवक पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया है.दर्ज प्राथमिकी मीं बताया गया है कि मेरी पुत्री 20 जून को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसा में इंटरमीडिएट में एडमिशन लेने आई हुई थी आई देर शाम हो जाने तक घर नहीं लौटी तो अपने अस्तर से काफी खोजबीन किया तो पता चला कि गाव के ही एक युवक द्वारा अपहरण कर लिया गया है. वही दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है.

### पुलिस ने तीन शराबी को किया गिरफ्तार

परसा। बिहार में पूर्ण शराबबंदी के बावजूद शराबी पीने से बाज नहीं आ रहे हैं इसी क्रम में पुलिस ने थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव में छापेमारी करते हुए शराब पीकर हंगामा कर रहे हैं तीन शराबियों को गिरफ्तार कर सन्हा दर्ज करते हुए भेजो छपरा व्यवहार न्यायालय. गिरफ्तार शराबी पट्टी मुजौना गांव निवासी रघुनाथ राउत का पुत्र किशोर राउत,मिजार्पुर गाव निवासी स्व भजन माँझी का पुत्र बिहारी पासवान, आजमपुर गाव निवासी मनदेव राम का पुत्र अनिल कुमार बताया जाता है.

### नामजद महिला अभियुक्त गिरफ्तार

परसा। थाना कांड संख्या 192/25 नाबालिग लड़की के अपहरण के मामले में नामजद महिला अभियुक्त को परसा पुलिस ने बिशनपुर गांव में छापेमारी करते हुए गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया. गिरफ्तार नामजद महिला अभियुक्त स्थानीय थाना क्षेत्र के विशनपुर गांव निवासी जयनाथ ठाकुर की पत्नी लखपतिया देवी बताई जाती है पुलिस ने अन्य को गिरफ्तारी के लिए लगतार छापेमारी कर रही है.

### इसुआपुर : पंचायत उप चुनाव में दो महिला समेत सात ने किया नामांकन

इसुआपुर । पंचायत उप चुनाव में प्रखंड में रिक्त पड़े पांच पदों के लिए दो महिला समेत सात ने नामांकन किया है। बीडीओ सह प्रखंड निर्वाचि पदाधिकारी वीणा पाणी ने बताया कि प्रखंड में पांच रिक्त पदों के लिए नामांकन प्रक्रिया समाप्त हो गई है। वहीं समीक्षा 25 जून को तथा मतदान 9 जुलाई को और मतगणना 11 जुलाई को किया जाएगा। वही प्रखंड में रिक्त पड़े अगौथर सुंदर पंचायत के वार्ड संख्या 13 में रिक्त पड़े वार्ड सदस्य का पद,लौवा पंचायत में रिक्त पड़े ग्राम कचहरी सदस्य पंच का पद 14 और 15 तथा केरवा पंचायत के वार्ड संख्या 11 में ग्राम कचहरी सदस्य पंच का पद। वही निपानिया पंचायत के वार्ड संख्या 10 में रिक्त पड़े वार्ड सदस्य के पद के लिए नामांकन प्रक्रिया समाप्त हो गई है।

# मध्य विधालय धनौरा में बच्चों के साथ स्थान्तरित शिक्षिकाओं का स्वागत



डोरीगंज। गरखा प्रखण्ड के राजकीय मध्य विधालय धनौरा में ग्रीष्मावकाश के बाद विधालय खुलने के अवसर पर विधालय स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सभी उपस्थित बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया साथ ही मिष्ठान खिलाया गया। सहरसा के मेहषी प्रखण्ड से स्थांतरित शिक्षिका कुमारी रिंकु जो इस विधालय की पूर्व छात्रा भी रह चुकी है उन्हें योगदान के साथ शिक्षकों एवं बच्चों ने फूलमाला एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया । वहीं 20 वर्षों से पदस्थापित शिक्षिका कुमारी बिन्दु मिश्रा मध्य विधालय तेलपा में स्थांतरित होने पर उन्हें विधालय के शिक्षकों ने मिठाई एवं फूलमाला से सम्मानित किया। इस मौके पर विधालय के प्रधानाचार्य अरूण कुमार, राकेश कुमार सिंह, धर्मेन्द्र कुमार सिंह, देवेश उपाध्याय, शिवम कुमार, मृत्युंजय मांझी, सौरभ कुमार के साथ बच्चें शामिल रहे।

# डीएम ने बिनटोलिया पथ का किया निरीक्षण, एजेंसी को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का दिया निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। सोमवार को जिलाधिकारी अमन समीर द्वारा कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, छपरा के साथ खैरा - बिनटोलिया पथ चौड़ीकरण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चयनित एजेंसी को गुणवत्तापूर्वक कार्य करने का निर्देश दिया गया। साथ ही कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल को पूरे पथ भाग में दोनों तरफ अधिक से अधिक मिट्टी भराई का कार्य करते हुए नियमानुसार जितना अधिक चौड़ा हो सके, निर्माण कार्य करने तथा जिला परिषद के अभियंताओं से समन्वय स्थापित कर निर्माण किए जाने वाले नए बस स्टैंड के प्रवेश एवं निकासी मार्ग को ध्यान में रखते हुए पथ चौड़ीकरण का कार्य करने का निदेश दिया गया। बुडको के अभियंताओं से समन्वय स्थापित कर नाला का निर्माण कराने के मद्देनजर विचार विमर्श कर नाला के संपर्क के अनुसार पथ चौड़ीकरण कार्य का संचालन करने का निदेश दिया गया। डीएएम ने अंचलाधिकारी सदर को कार्यपालक अभियंता से समन्वय स्थापित कर उक्त पथ भाग अंतर्गत छोटे- छोटे अवैध अस्थाई अतिक्रमण को अविलंब हटवाने तथा 2 - 3 अमीन की प्रतिनियुक्ति कर संदर्भित पथ के शेष भाग की मापी कराने का निदेश दिया ।

# देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने : संतोष पाठक

छपरा कार्यालय। सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के मुख्य कार्यालय पर भाजपा सारण के दोनों संगठन जिला पूर्वी एवं पश्चिमी द्वारा संयुक्त रूप से श्री श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया एवं बूथ सशक्तिकरण के कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह ने किया एवं पश्चिमी जिला अध्यक्ष बृजमोहन सिंह की उपस्थिति थे। संचालन महामंत्री विवेक कुमार सिंह ने किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश के उपाध्यक्ष एवं क्षेत्रीय प्रभारी संतोष पाठक ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि श्रद्धेय श्यामा प्रसाद मुखर्जी भाजपा के सदैव मार्गदर्शन रहे हैं। उन्होंने कश्मीर के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। एक देश एक निशान एक विधान के लिए उन्होंने अपने प्राणों कि आहुति दी थी। आज उन्हीं की देन है कि कश्मीर में अमन चैन कायम हो सका है। प्रधानमंत्री उनके सपनों को पूरा करने का कार्य कर रहे हैं। सारण पूर्वी भाजपा के सह प्रभारी अशोक सहनी ने कहा कि देश के लिए श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने उस समय के मंत्री पद को भी लात मार दी एवं देश की सेवा में लग गए क्योंकि उन्हें कांग्रेस के तुष्टिकरण की नीति को उस समय जान गए थे, उन्होंने देश के लिए अपने बलिदान देने का काम किया। तरैया विधायक एवं पार्टी के मुख्य सचेतक जनक सिंह ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी आज भी युवाओं के लिए मार्गदर्शन बने हुए हैं। श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरा करने का कार्य कर रहे हैं। सोनपुर के पूर्व विधायक विनय सिंह उनके जीवन पर चर्चा करते हुए कहा कि आज हर कार्यकर्ता को उनसे सीखना चाहिए उनके जीवन दर्शन से बहुत कुछ पाया जा सकता है।

# पेट्रोल बम हमले में एक व्यवसायी गंभीर रूप से हुए जख्मी, सदर अस्पताल में चल रहा है इलाज

● पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है, मामला भूमि विवाद से संबंधित बताया जा रहा है

● एक व्यक्ति को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है





प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। शहर के मौना चौक गुरहट्टी में भूमि विवाद को लेकर एक मकान पर पेट्रोल बम से हमले किए जाने का मामला प्रकाश में आया है, जिसमें एक कपड़ा व्यवसाई दिवाकर प्रसाद गुप्ता गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं, इनका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। इस घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जख्मी व्यवसायी नगर थाना क्षेत्र के मौना मोहल्ला निवासी स्वर्गीय गोपाल प्रसाद गुप्ता के 65 वर्षीय पुत्र दिवाकर प्रसाद गुप्ता बताए गए हैं। यह घटना अहले सुबह लगभग तीन- चार बजे के बीच का है। घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना अध्यक्ष दल-बल के साथ घटना स्थल पहुंचकर मामले की जांच में जुट गए है सीसीटीवी फुटेज को भी खगाला जा रहा है। इस संबंध में जख्मी दिवाकर प्रसाद गुप्ता का कहना है कि उनके भाई राजेंद्र गुप्ता से पूर्व से भूमि विवाद चल रहा है, जिनका सारा मामला उनके केयर टेकर फेसबुक रिपोर्टर देख-रेख करता है। इससे पहले भी उनके परिवार को डराया धमकाया जा चुका है, और यह घटना उसी के इशारे पर एक प्लानिंग के तहत घर में आग लगाने और उनकी हत्या की साजिश रची गई थी। दिवाकर प्रसाद गुप्ता का यह भी बताया कि जागने के बाद दरवाजे के बाहर धारदार हथियार भी बरामद किया गया है, जिसे पुलिस द्वारा जप्त कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि घर में धुआं भरने लगा तो बाहर निकलना चाह रहे थे, तभी उनके ऊपर पेट्रोल बम से हमला किया गया। उन्होंने कहा कि घटनास्थल से ट्यूब में भरा गया पेट्रोल और एक भरने वाले ज्वलनशील गैस भी गैलन में बरामद किया गया है। जख्मी दिवाकर प्रसाद गुप्ता द्वारा नगर थाने में दिए गए आवेदन में इस हमले का सीधा आरोप फेसबुकिया रिपोर्टर पर लगाया है। इस मामले में सारण पुलिस प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को नगर थाना को सूचना प्राप्त हुई कि मौना चौक पुरानी गुड़हट्टी के पास दिवाकर प्रसाद गुप्ता के आवास पर करीब 3 बजे सुबह तीन अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा पेट्रोल छिड़कर इनके आवास के दरवाजे के गेट पर एवं आवास के पीछे आग लगा दिया है, इस क्रम में पटाखों का भी इस्तेमाल किया गया । इस दौरान घर से बाहर निकलने के क्रम में दिवाकर प्रसाद गुप्ता का पैर झुलस गया है। इस घटना की सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए नगर थाना पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल पर पहुँचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। पीड़ित को इलाज हेतु सदर अस्पताल, छपरा में भर्ती करवाया गया है। जहाँ इलाजोपरान्त वर्तमान में उनकी स्थिति सामान्य है। पीड़ित से घटना के संबंध में आवश्यक पूछताछ की गयी तो उनके द्वारा आशंका जताई गई है कि इनका भाई राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता एवं उनके दोस्त जितेन्द्र तिवारी द्वारा पूर्व के विवाद को लेकर इस घटना को अंजाम दिया गया है। इस संबंध में जितेन्द्र तिवारी को आवश्यक पूछताछ हेतु हिरासत में लिया गया है। घटना से जुड़ी सभी बिन्दुओं पर गहन जाँच की जा रही है, और सीसीटीवी फुटेज को भी खगाला जा रहा है। साथ ही प्राथमिकी दर्ज करने हेतु फर्दब्यान प्राप्त करने की कार्रवाई की जा रही है। शीघ्र ही दोषियों को गिरफ्तार कर सख्त कानुनी कार्रवाई की जाएगी।

### डीएम धर्मेन्द्र कुमार के नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर लोगों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजे जाने के मामले में होगी कार्रवाई

बेतिया(घनश्याम)।जिलापदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण धर्मेन्द्र कुमार के नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर लोगों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजे जाने की सूचना विभिन्न माध्यमों से जिला प्रशासन को प्राप्त हुई है।
जिला प्रशासन द्वारा इस प्रकार के कृत्य को संज्ञान में लेकर साइबर थाना को सूचित कर दिया गया है। इस प्रकार के कृत्य को करने वाले लोगों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।
ऐसा करने वालों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ऐसे तत्वों को सख्त चेतावनी देता है कि इस प्रकार का कृत्य आपराधिक प्रवृत्ति का है तथा दंडनीय है। साथ ही जिला प्रशासन लोगों से अपील करती है कि इस प्रकार के फ्रेंड रिक्वेस्ट को कदापि एसेप्ट/कन्फर्म नहीं करें। ऐसे झांसों में बिल्कुल भी नहीं आएं। ये साइबर अपराधियों की चाल हो सकती है।

# डीएम ने डीआरसीसी केंद्र का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए निर्देश



प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। जिलाधिकारी सारण अमन समीर द्वारा सोमवार को जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र में चल रहे भवन मरम्मति तथा विद्युत मरम्मति कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में जिला योजना पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता विद्युत कार्य प्रमंडल एवं जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र के प्रबंधक उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान डीएम ने अधिकारियों को प्रत्येक सप्ताह मरम्मति कार्य का भौतिक सत्यापन कर कार्य की गुणवत्ता की समीक्षा करते हुए साप्ताहिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करने तथा चयनित एजेंसी को उच्च गुणवत्ता पूर्ण भवन मरम्मति एवं विद्युत मरम्मति कार्य करने का निदेश दिया ।

# पुलिस कप्तान का खौफ 63 अपराधी गिरफ्तार

## पुलिस दबिश में भरी मात्रा में शराब जब्त

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। सारण पुलिस कप्तान डॉ कुमार आशीष के निर्देश पर जिले के सभी थाना क्षेत्र में असामाजिक तत्वों, अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी एवं शराब के सेवन, शराब बिक्री, शराब भण्डारण, शराब निर्माण, अपहरण, चोरी एवं परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने तथा देशी शराब भट्टी ध्वस्त करने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। विशेष अभियान के तहत 63 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। जिसमें सात शराब कारोबार, बारह शराब सेवन, दो अपहरण, एक एससी/एसटी एक्ट , तीन हत्या के प्रयास,इकतीस वारंट,एक हत्या,एक दहेज अधिनियम,चार आर्म्स एक्ट एवं अन्य में मामले में एक अभियुक्त शामिल हैं। पुलिस कप्तान डॉ कुमार आशीष ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि जिले में 63 अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया, साथ ही 365 वारंट, 256 सम्मन, 88 इश्तेहार एवं 23 कुर्की का निष्पादन किया गया। सारण जिले में अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के दृष्टिकोण से कुल 40 वाहनों से 71 हजार पांच सौ रुपए जुमार्ना राशि वसूली गई। साथ ही जिला अंतर्गत में देशी शराब 130 लीटर, विदेशी शराब 11 लीटर, स्प्रीट 34.2 लीटर, ड्राम दो, एक चूल्हा, एक सिलेंडर, एक देशी कट्टा, एक कारतूस, तीन मोटरसाइकिल, एक मोबाइल एवं दो अपहता की बरामदगी हुई है।

# बीजेपी महिला मोर्चा द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



रक्सौल। भाजपा महिला मोर्चा संगठन जिला रक्सौल की जिलाध्यक्ष ज्योतिराज गुप्ता द्वारा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर एक श्रद्धांजलि सभा आयोजन किया गया, जिसमें उनके बलिदान दिवस पर उन्हें याद किया गया तथा उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी। इस श्रद्धांजलि सभा में ज्योति राज गुप्ता ने प्रकाश डाला कि मुखर्जी जी का बलिदान देश के लिए अतुलनीय है, उन्होंने कश्मीर मुद्दे पर अपनी आवाज उठाई थी, धारा 370 के विरोध में उन्होंने एक नारा दिया था एक देश मे दो निशान, दो प्रधान, दो विधान नहीं चलेगा। धारा 370 का हटाना उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करना है। उन्होने जनसंघ की स्थापना की थी जो कि बाद में भारतीय जनता पार्टी बनी। उन्होंने भारत के पहला मंत्रिमंडल में उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री के रूप में काम किया। भारत की सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण्ण रखने का अपनी अंतिम सांस तक प्रयास करने वाले महान शिक्षाविद एवं प्रखर राष्ट्रवादी तथा जनसंघ के संस्थापक श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर अनेक अतुलनीय योगदान को देश हमेशा याद रखेगा। कार्यक्रम में मीरा कुशवाहा, अनुराधा शर्मा, प्रिया गुप्ता, संगीता मिश्रा, मीतू गुप्ता, प्रिया गुप्ता, रेणु गुप्ता, कविता कुशवाहा, अमृता शर्मा, आशा देवी, अंशु देवी, पार्वती तिवारी, नीता कुमारी, रीता देवी के साथ भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

# विद्यालय का ताला तोड़ एक लाख पचपन हजार रुपए की चोरी,दो गिरफ्तार

बेतिया(घनश्याम)।भंगहा थाना क्षेत्र के महात्मा गांधी इंटरनेशनल स्कूल सबेया-भंगहा से कार्यालय का ताला तोड़ एक लाख पचपन हजार रूपए की चोरी कर ली गई है. इसको लेकर प्रधानाध्यापक अनिल कुमार गिरि ने पुलिस को लिखित आवेदन दिया है. प्रधानाध्यापक ने बताया कि शनिवार की संध्या सब्जी खरीदने के लिए वे इनरवा बाजार गए थे. बाजार से जब वापस विद्यालय लौटे तो देखा कि कार्यालय का ताला टूटा हुआ है. कार्यालय के अंदर प्रवेश किया तो देखा कि अलमिरा का ताला तोड़ कैश पेटी जिसमे एक लाख पचपन हजार रुपए रखा गया था उसकी चोरी कर ली गई है. घटना की जानकारी प्रधानाध्यापक ने पुलिस को दूरभाष पर देकर स्थानीय लोगों की सहयोग से जांच पड़ताल करना शुरू कर दी. जांच पड़ताल के क्रम में पता चला कि घोड़पकडी.निवासी नुरूल इस्लाम व समसुल होदा ने चोरी की घटना का अंजाम दिया है. प्रधानाध्यापक व स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों के घर जाकर पूछताछ की गई. पूछताछ के क्रम में दोनों ने चोरी की घटना को स्वीकार किया. नुरुल इस्लाम के पास से चोरी हुई सिक्का बरामद किया गया समसुल होदा के पास से 1900 रुपया व कैस पेटी बरामद हुआ. दोनों युवको ने स्थानीय लोगों के समक्ष स्वीकार किया की बीते दिनों सड़कीया भंगहा निवासी जटहा राम के घर से तीन मोबाइल तथा जदूनंदन राम के घर से ज्वेलरी की चोरी की है. प्रधानाध्यापक ने मामले की सभी लिखित जानकारी भंगहा थाना को दी है. शिकायत के आलोक में भंगहा पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. थानाध्यक्ष दीपक प्रसाद ने बताया कि प्रधानाध्यापक के आवेदन के आलोक मे प्राथमिक दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली गई है. पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है. वहीं दूसरी तरफ दोनो आरोपीयों द्वारा मोबाइल चोरी व ज्वेलरी चोरी की बात स्वीकार किए जाने पर सड़कीया भंगहा निवासी यदुनंदन राम कि पत्नी मीना देवी ने भी पुलिस को लिखित शिकायत दी है.

# 22 दिनों बाद दिवाकालीन सत्र में खुले विद्यालय, पनटोका में ईको क्लब द्वारा हुआ पौधारोपण

प्रात : किरण संवाददाता




रक्सौल। सूबे सहित प्रखण्ड व नगर क्षेत्र के सभी विद्यालय सोमवार से दीवाकालीन खुल गए। विद्यालय खुलते ही विद्यालयों में बच्चों की भीड़ उमड़ गयी। इस मौके पर राजकीय मध्य विद्यालय, पनटोका के ईको क्लब के नोडल शिक्षक सुभाष प्रसाद यादव, कुंदन कुमार व मो. सैफुल्लाह ने विद्यालय के नर्सरी में ईकोमा प्रजाति के तीन पौधे लगाए। मौके पर उपस्थित बच्चों को शिक्षकों ने विशेष दिन या अवसर पर अपने आस पड़ोस में पौधरोपण करने के लिए प्रेरित किया तथा कहा कि पर्यावरण संरक्षण व संवर्द्धन के लिए पौधरोपण करना बहुत जरूरी है। इससे हमें स्वच्छ ऑक्सिजन मिलेगा तथा हम सभी स्वस्थ रहेंगे। मौके पर एचएम मुनेश राम ने शिक्षकों द्वारा किये गए पौधरोपण को विद्यालय परिसर को हरा-भरा बनाने का बेहतर प्रयास बताते हुए धन्यवाद दिया तथा बच्चों द्वारा ग्रीष्मावकाश के बीच तैयार प्रोजेक्ट का अवलोकन भी किया। वही गमले में बच्चों द्वारा गैंहू व चना के तैयार पौधों के प्रोजेक्ट को पर्यावरण को जानने समझने का बेहतर विकल्प करार दिया। मौके पर वर्ग पांचवें की रूपा कुमारी, अंजलि कुमारी, आरती कुमारी व विवेक कुमार की हौसला अफजाई किया। वही,वरीय शिक्षक प्रवीण कुमार श्रीवास्तव,कुंदन कुमार,सुभाष प्रसाद यादव, मो. सैफुल्लाह, वर्ग शिक्षिका कविता कुमारी, बबिता कुमारी, दीक्षा कुमारी, आसमां प्रवीन ने भी अपने- अपने वर्गो के बच्चों का स्वागत करते हुए उनके द्वारा तैयार प्रोजेक्ट वर्क के बारे में विशद् जानकारी दी।

# 5 वां विशाल भंडारे की सामग्री ले ट्रक जम्मू-कश्मीर रवाना हुआ

छपरा कार्यालय। जय भोले भंडारी सेवा दल रजिड्ड छपरा, बिहार के अध्यक्ष, पप्पू चैहान एवं अन्य सदस्यों ने विधिवत पूजा अर्चना कर हरी झंडी दिखा ट्रक को उधमपुर, जम्मू-कश्मीर के लिए रवाना किया। भंडारे की सामग्री लदे ट्रक को दूल्हे की तरह सजाकर, बैण्ड-बाजा व मनमोहक झाकियों के साथ पुरे शहर में घुमाया गया। जय भोले, हर हर महादेव, जय बाबा अमरनाथ बफार्नी, बोल बम के नारों से पूरा शहर गूंज उठा। यह नजारा देख भोले के भक्त, शहरवासी हर्ष उल्लास से भड़ गए। अमरनाथ जाने वालों के साथ अन्य शिव भक्त भी इस सोभा यात्रा में बड़ी संख्या में शामिल हुए। नगर भ्रमण यात्रा में शामिल भक्तों के लिए शहर में जगह-जगह पर पानी, सरबत, लस्सी, बिस्कुट, पुरी-सब्जी आदि खाने पिने की व्यवस्था की गई थी। मालूम हो की इस सेवा दल के द्वारा श्री बाबा अमरनाथ जी यात्रा मार्ग उधमपुर, जम्मू-कश्मीर में भंडारा लगाया जाता है कवहां अमरनाथ यात्रियों के लिए निःशुल्क भोजन, पानी, चाय-नास्ता, शौचालय, स्नानघर, यात्रियों के ठहरने व प्राथमिक उपचार की व्यवस्था किया जाता है। यह बिहार का पहला और एकमात्र भंडारा है जो श्री अमरनाथ जी की यात्रा मार्ग पर लगता है। इस वर्ष 5 वां विशाल भंडारा लग रहा हैं। पूर्व में इस भंडारे में लगभग 400 यात्रियों के ठहरने व खाने-पीने आदि की व्यवस्था किया जाता था। इस वर्ष उसे बढ़ाकर 800 व्यक्तियों का किया जा रहा है। उक्त ट्रक के साथ सेवा दल के अध्यक्ष पप्पू चौहान एवं कुछ सेवादार भी जा रहे हैं जो भंडारे की तैयारियां शुरू करेंगे। आज के इस आयोजन में सेवादल के सदस्य- दिलीप गुप्ता, राजेश रिबॉक, संजय प्रसाद वार्ड पार्षद, अमित कुमार मेडिकल, अशोक गुप्ता, नर्मदेश्वर प्रसाद, विकाश कुमार, रवि सोनी, जयंत गुप्ता, मंटू बाबा, लालबाबू राय, फूटी जी, सुधीर सिंह, नीरज कु धंन्नू, बबलू गुप्ता, गुड्डु गुप्ता, आदित्य कुमार लड्डू, अवनीश कुमार, राज अमिष, रिशु कुमार, मुकेश कुमार, अनिल कुमार गुप्ता, किशन गुप्ता, संजय प्रसाद, हेमंत कुमार, रंजीत कुमार, मुकेश कुमार, विकास कुमार, केदार प्रसाद, शिवजी रस्तोगी, संत रस्तोगी बिट्टू सिंह, राकेश, मनीष सिंह, सोनू सिंह, राजेश बम, रामजी प्रसाद, भीम चौरसिया, राजू कुमार आदि ने भाग लिया।

# स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 के लोगों का लोकार्पण जिलाधिकारी के द्वारा किया गया

प्रातः किरण संवाददाता




जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, भोजपुर (जिला जल एवं स्वच्छता समिति) के द्वारा ह्लस्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण (ररत्र्) 2025ह्व का लोगो का लोकार्पण जिलाधिकारी भोजपुर उप विकास आयुक्त भोजपुर, के द्वारा किया गया । जिसका मुख्य उदेश है कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण (ररत्र्) के माध्यम से प्रत्येक वर्ष में डञ्जह्लढ'४२ स्थिति का आकलन करने हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वेक्षण कराया जा रहा है। इसके अंतर्गत गाँव में खुले में शौच से मुक्ति के साथ ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित विभिन्न सुविधाओं एवं वर्तमान स्थिति का आकलन निर्धारित प्रक्रिया के तहत किया जाएगा है। इस सर्वेक्षण में संबद्ध विभाग ग्रामीण विकास विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज, क्कक्रढ्ढ एवं जीविका अपने अपने निर्मित संरचनाओं को कार्यरत कराना सुनिश्चित करेंगें।स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) द्वितीय चरण के विविध मापदंड पर सभी राज्यों एवं जिलों की राष्ट्रीय स्तर पर रैंकिंग की जायेगी।जिलाधिकारी भोजपुरी ने कहा कि आप सभी को यह मिशन स्तर पर लगा होगा जिससे जिले को राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर अच्छे मानक और मापदंडों में सम्मिलित किया जा सके विशेष कर स्कूल आंगनबाड़ी केंद्र बाजार चौक चौराहा सामुदायिक भवन धार्मिक स्थल इत्यादि का जिक्र जल शक्ति मंत्रालय के द्वारा किया गया है उन सभी विभागों को अपने-अपने विभाग के मानकों पर खड़ा उतरना होगा इस बैठक मेंजिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक जिसकी अध्यक्षता जिला अधिकारी भोजपुर ने किया ,इस मौके पर उप विकास आयुक्त भोजपुर जिला अनुमंडल पदाधिकारी आरा सदर ,जिला चिकित्सा पदाधिकारी, निदेशक जिला ग्रामीण अभिकरण ,जिला शिक्षा पदाधिकारी,सभी अनुमंडल पदाधिकारी , उप समाहर्ता भूमि सुधार , जिला समन्वयक भोजपुर , कार्यपालक पदाधिकारी जिला परियोजना पदाधिकार , मनरेगा के कार्यक्रम पदाधिकारी ,बाल विकास परियोजना पदाधिकारी , कार्यपालक अभियंता अन्य उपस्थित रहें।

## छोटे गांव इंजीनियर का चयन बी ए आर सी भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र में साइंटिस्ट ऑफिसर पद पर हुआ, गांवों में खुशी की लहर

प्रातः किरण संवाददाता

गया जी।गया के मोहड़ा प्रखंड के अरई पंचायत के खड़उआ गांव के एक युवा एवं प्रतिभाशाली इंजीनियर साकेत कुमार सिन्हा का चयन बी ए आर सी भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र में साइंटिस्ट ऑफिसर के पद पर हुआ है । यह पद प्रतिष्ठित गजेटेड ऑफिसर ए ग्रेड कैटेगरी में आता है । साकेत, धर्मेन्द्र कुमार सिन्हा एवं सपना देवी के पुत्र हैं । उन्होंने पंजाब विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बीटेक स्नातक 2024 में पूरा किया है ।

साकेत अपने इस उपलब्धि के पीछे अपना दादा दादी स्मृतिशेष अवधेश कुमार सिन्हा एवं जयमंती देवी को अपना प्रेरणा श्रोत मानते हैं।

इस सफलता को इन्होंने अपने परिवार माता पिता, भैया रवि कुमार सिन्हा सौरव कुमार सिन्हा को समर्पित किया है । छोटे से गांव से लेकर साइंटिस्ट ऑफिसर तक का सफर कठिन था। उनके पिता एक किसान हैं और परिवार साधारण आर्थिक स्थिति से था। लेकिन उन्होंने कभी संसाधनों की कमी को अपनी कमजोरी नहीं बनने दिया है।गांव के एक साधारण लड़के ने देश के प्रतिष्ठित अनुसंधान संस्था में अपना स्थान प्राप्त करके यह बता दिया कि सफलता सिर्फ शहरों की मोहताज नहीं होती.ये जिले के महत्वाकांक्षि युवाओं के लिए प्रेरणा के श्रोत हैं । इसके पीछे है लगन, हिम्मत, जज्बा और विपरीत हालातों में कुछ कर गुजरने का जुनून ।पूरे गाँव में हर्षोल्लास एवं गर्व के साथ सफलता का जश्न मनाया जा रहा है ।

## गया कॉलेज के प्रबंधन विभाग में प्लेसमेंट ड्राइव का सफल आयोजन

गया कॉलेज, गयाजी के प्रबंधन विभाग में दिनांक २३ जून, २०२५ को बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के सहयोग से एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया है। यह बात की जानकारी देते हुए गया कॉलेज गया के जनसंपर्क पदाधिकारी डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार ने बतलाया कि इस अवसर पर एमबीए एवं बीबीएम के कुल 40 विद्यार्थियों ने सहभागिता की, जिनमें से कंपनी द्वारा प्रारंभिक रूप से 15 विद्यार्थियों को अगले चरण के लिए चयनित किया गया है।चयन प्रक्रिया के अंतर्गत रिलेशनशिप मैनेजर, एग्जीक्यूटिव सेल्स मैनेजर , असिस्टेंट टेरिटरी मैनेजर , सीनियर फाइनेंशियल सर्विस मैनेजर आदि पदों के लिए साक्षात्कार लिए गए। चयनित विद्यार्थियों को 2.6 लाख से 3.5 लाख वार्षिक सी.टी.सी. प्रस्तावित की गई है।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सतीश सिंह चंद्र ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दिया। यह प्रारंभिक सफलता हमारे विद्यार्थियों की लगन, विभागीय शिक्षकों के मार्गदर्शन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की देन है।

## डीसी ने जनता दरबार में फरियादियों की सुनी समस्याएं, समाधान का दिया निर्देश



प्रातः किरण संवाददाता

गया।जिला पदाधिकारी, गया शशांक शुभंकर के दैनिक जनता दरबार में आज लगभग 80 आवेदकों के समस्याओं का निदान हेतु संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए है। उनके निजी जमीन को बिना किसी नोटिस के तोड़ा जा रहा है। डीएम ने सम्बंधित अंचलाधिकारी को मामले की जांच करते हुए कारवाई करने का निर्देश दिया गया है। सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा किया गया है। डीएम ने भूमि सुधार उप समाहर्ता, अंचलाधिकारी को जांच करते हुए नियमानुसार कारवाई करने का निर्देश दिया गया है। जमीन मापी के लिए आवेदन दिया हुआ है, मापी कार्य के लिए अभी तक तिथि निर्धारित नहीं किया गया है। डीएम ने सीओ को यथाशीघ्र नियमानुसार मापी की तिथि देना सुनिश्चित करेंगे। आपसी बटवारा नहीं हो पा रहा है। डीएम ने दोनों पक्षों को थाना स्तर के जनता दरबार या सक्षम न्यायालय में वाद दायर कराने की सलाह दी है।जनता दरबार में अन्य आवेदनों की समस्याओं का निदान हेतु सम्बंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है।

## सम्मान समारोह एवं संगठन विस्तार का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता



डीपीएस इंटरनेशनल स्कूल, मौलाबाग,आरा के प्रांगण में प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशंस के बैनर तले एक सम्मान समारोह सह संगठन विस्तार का आयोजन अध्यक्ष ,डॉक्टर स्मिता सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ स्मिता सिंह, साथ में रविकांत राय, निर्मल सिंह, राजेंद्र सिंह, नागेंद्र सिंह, शाहबाज वारिस खान, रब नवाज खान, राजीव रंजन, उदय कुमार, राजन गुप्ता, शनि सिंन्हा ,संजय सिन्हा ,सुजीत सिंह, अंकुर आनंद ,उमाशंकर सिंह, विनोद शाह, उपस्थित रहे इन सभी पदाधिकारी द्वारा संगठन विस्तार पर विचार विमर्श हुआ। इस बैठक में अध्यक्षा डॉ स्मिता सिंह ने यह कहा कि जो पहले जिस पोस्ट पर हैं वह वही रहेंगे ,कुछ नए पदों पर विस्तार किया गया जिसमें सर्वसम्मति से उपाध्यक्ष के पद पर -विनोद शाह, सचिव -के पद पर निर्मल सिंह, रब नवाज खान ,सलाहकार -राजेंद्र सिंह, उमाशंकर सिंह,उपसचिव-राजिव रंजन, संजय सिन्हा , उपकोषाध्यक्ष -उदय नरायण कुमार, राजन गुप्ता, संयोजक-नागेंद्र राय ,मीडिया प्रभारी-अंकुर आनंद सभी सदस्यों द्वारा एक स्वर में समर्थन देकर संगठन का विस्तार किया गया अध्यक्ष- डॉ स्मिता स्मिता सिंह ने सभी पदाधिकारीगण को किए गए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि हम सभी को एक साथ मिलकर जिला में कार्यों को करना चाहिए और आगे सभी मिलकर कुछ प्रखंडों में बाकी कमेटी को जल्द से जल्द गठित कर हम अपने कार्य को पूर्ण करे।

## कन्या मध्य विद्यालय बिहिया में छात्राओं एवं शिक्षकों का किया गया भव्य स्वागत



प्रात : किरण संवाददाता

ग्रीष्म अवकाश के उपरांत विद्यालय खुलने पर कन्या मध्य विद्यालय बिहिया में आए सभी छात्राओं को विद्यालय के प्रवेश द्वार पर भव्य स्वागत किया गया। प्रधानाध्यापक सर्वेश राम ने बताया कि ग्रीष्म अवकाश के उपरांत आज विद्यालय खुलने पर विद्यालय आयी सभी छात्राओं को विद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार पर तिलक लगाकर, हाथ मिलाकर, हाई-फाई देकर, नमस्ते आपका स्वागत है बोलकर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। जिससे छात्राएं काफी प्रसन्न एवं खुश थी। प्रधानाध्यापक द्वारा चेतना सत्र एवं वर्ग शिक्षकों द्वारा वर्ग कक्ष में भी छात्राओं का स्वागत किया गया। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (प्राङ्ग शिङ्ग एवं सर्व शिक्षा अभियान) भोजपुर के आदेशानुसार एक वर्ष के अंतर्गत विद्यालय में बेहतर शैक्षणिक कार्य ,स्वच्छता, नवाचार के साथ-साथ अन्य कार्यों को बेहतर करने वाले शिक्षक लक्ष्मण चौधरी को पुरस्कृत करने का निर्णय लिया गया है को फूल-माला देकर सम्मानित किया गया तथा जहानाबाद से स्थानांतरित होकर आए कक्षा 6 से 8 के अंग्रेजी की शिक्षिका प्रियंका जिन्होंने आज विद्यालय में योगदान दी को प्रधानाध्यापक सर्वेश राम द्वारा द्वारा फूल-माला देकर स्वागत किया गया। सम्मानित हुए शिक्षक लक्ष्मण चौधरी द्वारा अपने संबोधन में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को अपने जिम्मेवारियों, कार्यों एवं दायित्वों को ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने एवं सभी छात्राओं को मन लगाकर अनुशासित तरीके से पढ़ने की सलाह दिया। उक्त अवसर पर वरीय शिक्षक दिनेश्वर ओझा, लक्ष्मण चौधरी, कुमारी अनिता शर्मा, तृप्ति सिंहा, फिरदौस जवीं, पवनसुत कुमार, जयप्रकाश मिश्रा, प्रमोद कुमार, सुनीता कुमारी, साजन, रश्मि कुमारी, छात्रा शिवानी कुमारी, रागिनी कुमारी, कंचन कुमारी, जूही कुमारी, अंशिका कुमारी, अदिति, नाजिया सुल्ताना सहित सैकड़ो छात्राएं एवं रसोईया उपस्थित थीं ।

## सक्रिय पुलिसिंग के तहत सारण पुलिस की बड़ी कार्रवाई



छपरा कार्यालय।सोमवार को नगर थाना को गुप्त सूचना मिली कि थानान्तर्गत अड्डा नं0-02 के पास झाड़ी में अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी की मोटरसाइकिल छुपा कर रखा गया है। उक्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए नगर थाना पुलिस टीम द्वारा टीम गठित कर संदर्भित स्थल पर पहुँच कर छापामारी किया गया। छापामारी के क्रम में उक्त स्थल से चोरी के 10 मोटरसाइकिल को बरामद किया गया। साथ ही उक्त स्थल से 110 ली० देशी शराब भी बरामद किया गया। इस संबंध में नगर थाना कांड सं0-363/25, दिनांक-23.06.25, धारा-317 (5) बी०एन०एस० एवं 30 (ए) बि०म०नि०उ० दर्ज किया गया है। गिरहो में संलिप्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापामारी की जा रही है। अग्रतर विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

## इसुआपुर में बंदरी का आतंक : दर्जनों को काटकर किया घायल

इसुआपुर । थाना क्षेत्र के इसुआपुर गांव में एक बंदरी ने आतंक मचा रखा है। पिछले दो दिनों से वह राह चलते दर्जनों लोगों को काटकर घायल कर दी है। घायलों में विक्की कुमार,मंजू देवी, धनंजय कुमार, प्रवीण कुमार राय, रुखसाना खातून, बाल्मीकि कुमार समेत दर्जनों लोगों को काटकर घायल कर दिया है। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इसुआपुर में एन्टी रैबीज का इंजेक्शन लगाया गया है। इसुआपुर में बंदरीयों के काटने के डर से लोगों में दहशत व्याप्त है।

## खैरा पुलिस ने अवैध हथियार के साथ चार युवक को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

नगरा सारण। खैरा थाना पुलिस ने रविवार को रात्रि गश्ती के दौरान अवैध हथियार के साथ चार युवक को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अनीमा राणा ने बताया कि रविवार की रात्रि गश्ती दल को तकरीबन दस बजे एक मोटरसाइकिल पर चार सवार व्यक्ति जो नगरा की तरफ से आ रहे थे, तभी गश्ती दल के पुलिस ने रोकने का प्रयास किया गया तो चारों व्यक्ति मोटरसाइकिल घुमा कर भागने लगे। जिसे पुलिस टीम के द्वारा पीछा कर के पकड़ लिया गया। पकड़े गए चारो व्यक्तियों की तलाशी ली गयी तो तलाशी के दौरान में एक देशी कट्टा, एक जिन्दा कारतुस, एक चाकू, चार मोबाइल एवं एक मोटरसाइकिल बरामद किया गया। बरामद अवैध हथियार एवं मोटरसाइकिल के बारे में पकड़े गए व्यक्तियों से पूछताछ की गयी तो उसके द्वारा कोई संतोषजनक जबाव नही दिया गया। तत्पश्चात बरामद सभी सामानों को विधिवत जप्त करते हुए पकड़े गए चारों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इस संबंध में खैरा थाना कांड संख्या 133/25, धारा-25 (1-बी) ए/26/35 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त में गौरा थाना क्षेत्र के अखिलेश राम का पुत्र किशन कुमार, गौरा थाना क्षेत्र के निवासी गोविंदा राम का पुत्र आकाश कुमार, बनियापुर थाना क्षेत्र के कन्हौली गांव निवासी स्व. सुरेश प्रसाद का पुत्र अंकित कुमार, बनियापुर थाना क्षेत्र के कन्हौली मनहर गांव निवासी राजू राम का पुत्र राकेश कुमार शामिल है।

## सत्य साई भगवान का मासिक भजन , कीर्तनऔर परिचर्चा का हुआ आयोजन

शहर के वरिष्ठतम साहित्यकार, राज नारायण महाविद्यालय के अंग्रेजी के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर जितेन्द्र नाथ के मस्जिद और नखास चौक के बीच स्थित परिसर में नारायण सेवा संस्थान के वैनर तले सत्य साई भगवान का मासिक भजन , कीर्तनऔर परिचर्चा का आयोजन हुआ। आयोजित गोष्ठी की अध्यक्षता साहित्यकार सह अध्यात्मवादी प्रो0 जितेन्द्र नाथ ने किया ।जब किसंचालन सक्रिय समाजसेवी ओम प्रकाश साह ने किया । मुख्य वक्ता के रूप में अवकाशप्राप्त बैंक अधिकारी ,शहर के हिन्दी बज्जिका के वरिष्ठ साहित्यकार रवीन्द्र कुमार रतन थे।

## कुर्था में एंबुलेंस चालक के साथ असामाजिक तत्वों ने की मारपीट

प्रातः किरण संवाददाता

कुर्था। स्थानीय थाना क्षेत्र के कुर्था सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डायल 102 के एंबुलेंस चालक के साथ रविवार की देर रात हरपुर गांव के पास असामाजिक तत्व के लोगों ने मारपीट की प्राप्त जानकारी के अनुसार डायल 102 के एंबुलेंस चालक सुधीर कुमार एंबुलेंस ब सहकर्मी एमटी राजेश गिरी के साथ नदौरा पंचायत के सहवाजपुर गांव से मरीज लेकर कुर्था सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ला रहे थे तभी असामाजिक तत्वों ने हरपुर गांव के समीप एंबुलेंस को रोककर एंबुलेंस चालक के साथ मारपीट करने लगे इस संबंध में एंबुलेंस चालक सुधीर कुमार ने बताया कि डायल 102 पर कॉल आया इसके बाद हम मरीज को रिसीव करने के लिए सहवाजपुर गांव गए थे सहवाजपुर गांव से लौटने के क्रम में हरपुर गांव के पास शराब के नशे में धुत एक युवक आकर मेरे साथ गाली गलौज करने लगा और हमें एंबुलेंस से खींचकर गाब के बधार में ले जाने लगा और मारपीट कर मेरे कपड़े फाड़ दी उन्होंने बताया कि शराब के नशे में धुत एक युवक एंबुलेंस के पास आया और बोला कि तुम गाड़ी में लाल बत्ती क्यों जलाए हुए हैं इसके बाद उन्होंने हमें उतार कर जमकर मारपीट की ।

इस संबंध में एंबुलेंस चालक ने बताया कि मामले की जानकारी आवेदन के माध्यम से कुर्था थाने को दी गई है वही एंबुलेंस चालक ने बताया कि सारे घटनाक्रम को हमारे एंबुलेंस में बैठे एम टी राजेश गिरी द्वारा वीडियो बनाई गई है जिसे साक्ष के रूप में थाने को भी दी गई है इस संबंध में पूछे जाने पर कुर्था थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने बताया कि एंबुलेंस चालक के साथ मारपीट की घटना को लेकर एंबुलेंस चालक द्वारा थाने में आवेदन दी गई है मामले की जांच की जा रही है इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एसयूसीआई ने ईरान पर हमले के खिलाफ निकाला विरोध मार्च

प्रातः किरण संवाददाता




कुर्था, सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट) पार्टी की कुर्था इकाई द्वारा अमेरिकी साम्राज्यवाद द्वारा ईरान पर अकारण किए गये बर्बर सैन्य हमले के खिलाफ कुर्था में प्रतिवाद मार्च निकाला गया। यह मार्च अपने पार्टी कार्यालय से निकलकर बस स्टैंड में पहुंचकर सभा में बदल गई सभा को संबोधित करते हुए पार्टी जिला सचिव रूपेश कुमार ने कहा कि ईरान पर अमेरिकी साम्राज्यवाद द्वारा किए गए बर्बर सैन्य हमले की जितनी भी निंदा की जाये कम है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने इस हमले में सभी अंतरराष्ट्रीय मानदंडों का उल्लंघन किया है, यहां तक कि अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की चेतावनियों को भी नजरअंदाज किया है और शांतिपूर्ण विश्व जनमत का तिरस्कार किया है। अमेरिकी साम्राज्यवादी दरिंदों ने पहले मध्य पूर्व में अपने फ्रंट ऑफिस इजराइल को गजा में नरसंहार करने के लिए उकसाया और लाखों निर्दोष व असहाय फिलिस्तीनीयों को मार डाला और अब ईरान पर अकारण घातक सैन्य हमला किया है ताकि ईरान उनके हुक्म के आगे झुक जाये, जिससे क्षेत्र पर उसके वर्चस्व का विस्तार हो सके।सभा को संबोधित करते हुए एसयूसीआई (सी) पार्टी के जिला कमेटी सदस्य उमेश प्रसाद मंडल ने कहा कि इजराइल द्वारा किये गये सैन्य हमले में ईरान को काबू में करने में विफल होने के बाद, अमेरिका ने अब सीधे ईरान पर हमला कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह हमला केवल ईरान पर नहीं, बल्कि पूरी मानवजाति पर हमला है और यह विश्व शांति के खिलाफ है।

सभा को दीपक कुमार, विकी कुमार, रंजीत कुमार,आदित्य नन्दन ने भी संबोधित किया।वक्ताओं ने दुनिया के सभी शांतिप्रिय लोगों से एकजुट होने और अमेरिकी साम्राज्यवादी दरिंदों के इस जघन्य आक्रमण के खिलाफ विरोध की आवाज बुलंद करने की अपील की।

## पाटलिपुत्र-गया स्पेशल के समय सारणी में संशोधन

हाजीपुर : तत्काल प्रभाव से गाड़ी सं. 05553 पाटलिपुत्र-गया स्पेशल के समय सारणी में संशोधन किया जा रहा है जिनका विवरण निम्नानुसार है । गाड़ी सं. 05553 पाटलिपुत्र-गया स्पेशल अब पाटलिपुत्र से 10.30 बजे के बजाए 10.00 बजे ही खुलेगी तथा संशोधित समयानुसार 10.09 बजे फुलवारीशरीफ, 10.35 बजे पटना, 11.15 बजे पुनपुन, 11.24 बजे पोठही, 11.36 बजे तारेगना, 11.53 बजे जहानाबाद, 12.10 बजे मखदूमपुर गया, 12.26 बजे बेला स्टेशनों पर रूकते हुए 14.00 बजे गया पहुंचेगी ।

## लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम द्वारा 19 मामलों की सुनवाई की गई

गया।लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 द्वितीय अपील के तहत जिला पदाधिकारी, गया द्वारा कुल 19 मामलों की सुनवाई की गई, जिसमें कुछ मामलों का निष्पादन ऑन द स्पॉट किया गया। रंजीत मांझी, ग्राम- डिहुरी, थाना- अतरी के द्वारा परवाना से प्राप्त भूमि से बेदखल करने के संबंध में वाद दायर किया गया था। सुनवाई के क्रम में भूमि सुधार समाहर्ता, नीमचक बथानी को निर्देश दिया गया कि स्थलीय जांच कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए सुनवाई की तिथि को उपस्थित रहेंगे।डॉक्टर भीष्म नारायण एवं अन्य ग्राम- टेकुना, बोधगया के द्वारा रैयती भूमि से अवैध दखल कब्जा हटाने के संबंध में वाद दायर किया गया था। सुनवाई के क्रम में जिला पदाधिकारी ने भूमि सुधार उप समाहर्ता, सदर, गया को स्थलीय जांच करते हुए जांच प्रतिवेदन के साथ सुनवाई की तिथि को उपस्थित रहने हेतु निदेश दिया गया है वही बजरंगी सिंह, ग्राम- जलालपुर, टिकारी के द्वारा नगर परिषद टिकारी द्वारा कराई जा रहे नाली निर्माण के संबंध में वाद किया गया था। सुनवाई के क्रम में जिला पदाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी, टिकरी से जांच कर जांच प्रतिवेदन के साथ सुनवाई में उपस्थित रहने हेतु निर्देश दिया गया है।

## 47 वीं राष्ट्रीय बालिका जूनियर हैंडबॉल में बिहार को विजेता बनाने में शामिल सारण की पांच बेटियां

■ विजेता बिहार टीम की कैप्टन सारण की तृप्ति जबकि टूर्नामेंट की बेस्ट गोलकीपर निधि

प्रातः किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। 47 वी राष्ट्रीय बालिका जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता में विजेता ट्रॉफी हासिल कर बिहार की महिला खिलाड़ियो ने इतिहास रच दिया। महिला वर्ग में पहली बार स्वर्ण पदक के साथ चैम्पियन बनने वाली बिहार टीम में सारण से 5 स्टार खिलाड़ी शामिल थे जिन्होंने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में बिहार हैंडबॉल संघ एवम मॉडर्न स्कूल समूह द्वारा नवादा जिला के कुंती नगर मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के प्रांगण में 18 से 22 जून तक आयोजित प्रतियोगिता में शामिल बिहार टीम फाइनल मैच तक अपने सभी मैच जीते।बिहार टीम में शामिल सारण की राष्ट्रीय खिलाड़ी निधि कुमारी पिता विनोद दास को टूर्नामेंट के बेस्ट गोलकीपर का अवार्ड बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार ने दिया। वहीं सारण की तृप्ति कुमारी पिता रामबीरेश राय विजेता बिहार टीम की कैप्टन थी , मुस्कान कुमारी पिता राकेश प्रसाद , पम्मी कुमारी पिता विनोद दास सभी बनियापुर एवम दूजा कुमारी पिता श्यामबहादुर साहनी पानापुर प्रखंड निवासी ने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। तृप्ति और मुस्कान ने विरोधी टीम में कई गोल दागे। विजेता सभी खिलाड़ियो को मॉडर्न शैक्षणिक समूह नवादा के अध्यक्ष डॉ अनुज सिंह ने 51 सौ रुपए प्रत्येक खिलाड़ी को दिया। बिहार हैंडबॉल संघ के सचिव ब्रजकिशोर शर्मा ने बताया कि बिहार टीम का यह प्रदर्शन राज्य संघ द्वारा लगातार चलाए जा रहे प्रशिक्षण शिविर का परिणाम है । विजेता बिहार टीम के लिए सारण के संत जलेश्वर एकेडमी लौवा बनियापुर एवम मॉडर्न इंग्लिश स्कूल नवादा में लगाए गए आवासीय प्रशिक्षण शिविर का प्रतिफल है।

सारण जिला हैंडबॉल संघ के सचिव सह बिहार हैंडबॉल के उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि सारण में बिहार हैंडबॉल के चेयरमैन सह सारण हैंडबॉल संघ के मुख्य संरक्षक विधान पार्षद इंजीनियर सच्चिदानंद राय के सहयोग से लगातार बिहार के चयनित बालिकाओ का प्रशिक्षण शिविर चलता है। बिहार ने इस वर्ष हरियाणा को एक गोल से शिकस्त देकर चार वर्ष पूर्व सारण में हुए जूनियर राष्ट्रीय बालिका हैंडबॉल का हिसाब चुकता कर लिया। जिसमे फाइनल में पहुँची बिहार टीम का सामना हरियाणा से हुए और संघर्षपूर्ण मुकाबले में बिहार हरियाणा से एक गोल से पराजित हो उपविजेता रजत पदक से संतोष किया। इस बार उसी टीम को बिहार ने एक गोल से पराजित कर विजेता का ताज अपने नाम किया । दोनों ही बार बिहार टीम में सारण से पांच खिलाड़ी शामिल रहे। सारण की निधि दोनों में बेस्ट गोलकीपर अवार्ड ली।

बिहार टीम में शामिल सारण के खिलाड़ियो के इस उपलब्धि पर राज्य संघ के चेयरमैन सह सारण जिला हैंडबॉल संघ के बिहार हैंडबॉल संघ के महासचिव ब्रजकिशोर शर्मा , सारण हैंडबॉल अध्यक्ष कृष्णमोहन सिंह , चेयरमैन डॉ हरेन्द्र सिंह , सचिव संजय कुमार सिंह , इंजीनियर ललित सिंह , कोषाध्यक्ष प्रिंस कुमार , उपाध्यक्ष मुखिया अजीत सिंह , राकेश कुमार सिंह , डॉ जितेन्द्र सिंह , ठाकुर विनोद सिंह अप्पू जी, सच्चिदानन्द ओझा, मनोकामना सिंह, राष्ट्रीय खिलाड़ी रितेश कुमार सिंह , प्रशिक्षक अभिषेक कुमार सिंह , संजीव कुमार सहित अन्य खेल प्रेमियों ने बधाई दी है।

## अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर खेल व मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

आरा। अंतर्राष्ट्रीज्ञय ओलंपिक दिवस के अवसर पर खेल प्रतियोगिता एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया,उप विकास आयुक्त, गुंजन सिंह एवं उपस्थित पदाधिकारियों के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई,जो ओलंपिक मूल्यों और राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक रहा। इस अवसर पर वुशू प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रथम बार मतदाता भी उपस्थित रहे। जिला पदाधिकारी भोजपुर द्वारा उपस्थित युवाओं को मतदाता शपथ दिलाई गई एवं फॉर्म-6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में शामिल कराने हेतु प्रेरित किया गया। उन्होंने आगामी चुनाव में सहभागिता के माध्यम से लोकतंत्र को सशक्त बनाने की अपील भी की। साथ ही उन्होंने पंचायत स्तर पर अभिभावकों एवं अन्य मतदाताओं से भी अपने मताधिकार का प्रयोग करने और दूसरों को प्रेरित करने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया, जिसमें जिलाधिकारी सहित उप विकास आयुक्त, स्वीप नोडल पदाधिकारी,उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी एवं अन्य अधिकारियों ने भाग लेकर मतदान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई।

# धर्म सभा भवन में सिंदूर महायज्ञ के दूसरे दिन 3 करोड़ हुई सिंदूर अर्चना

## सनातन धर्म को पुनर्जीवित करने के लिए आगे आए महिलाएं: लेशी

प्रातः किरण संवाददाता



गयाजी ।सर्वजन हिताय और देश की प्रगति, खुशहाली और उन्नति के लिए गया जी के धर्म सभा भवन में स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी के सानिध्य में चल रहे तीन दिवसीय से श्री विद्या त्रिकोटी कुमकुमार्चन महायज्ञ के दूसरे दिन रविवार को धर्मसभा भवन में सुहासिनी महिलाओं के द्वारा विशेष अनुष्ठान किया गया। सर्वप्रथम दक्षिण भारत से पधारे ब्राह्मणों ने देवी सूक्त पाठ के साथ माता ललिता की प्रतिमा पर पुष्पांजलि दुर्वाभिषेक, पुष्पाभिषेक कर पूरे विधि विधान के साथ मंगल आरती की गई। मां ललिता की चल रही विशेष पूजा में राष्ट्र के प्रगति खुशहाली और कल्याण के लिए प्रार्थना की गई।इसके बाद सुहासिनी महिलाओं ने श्री यंत्र पर सिंदूर अर्चना शुरू किया। धर्म सभा भवन का पूरा परिसर देवी सूक्त पाठ और मंत्रोंच्चारण से गुज रहा है। सुहासिनी महिलाओं और युवतियों में विशेष उत्साह देखा गया। धर्म के प्रति आस्था और श्रद्धा पहली बार गया में आयोजित सिंदूर महायज्ञ में देखा जा रहा है। रविवार को महिलाओं की अपार भीड़ से धर्म सभा भवन का हॉल खचाखच भरा था। सबके मन में राष्ट्र की समृद्धि और परिवार में सुख शांति के ध्येय मानकर सिंदूर अर्चना किया। कई महिलाएं तीन दिनों तक उपवास रखकर इस कार्यक्रम में अनुष्ठान कर रही है। रविवार को बड़ी संख्या में महिलाएं अनुष्ठान में शामिल हुई। इस कार्यक्रम के दूसरे दिन की शुरूआत खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेसी सिंह, पूर्व विधान पार्षद लाल बाबू प्रसाद, विधायक वीरेंद्र सिंह, उत्तर प्रदेश के बलिया से सांसद नीरज शेखर, वरिष्ठ संत अभिषेक ब्रह्मचारी रामानुजाचार्य मठ के महंत श्री वेंकटेश प्रपन्नाचार्य जी महाराज, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक अनिल ठाकुर, राजेश पांडेय, उमेश कुमार, उपेंद्र त्यागी,समाजसेवी शिव कैलाश डालमिया ,पूर्व विधान पार्षद संजीव श्याम सिंह, युवा चेतना के संयोजक रोहित कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया है ।खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेसी सिंह ने कहा कि माता ललिता से भारत के प्रगति हेतु प्रार्थना करता हूं। सनातन धर्म की रक्षा और राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में सिंदूर अर्चना का कार्यक्रम सराहनीय प्रयास है। जिसमें महिलाएं पूरे श्रद्धा और विश्वास के साथ भाग ले रही हैं। महिलाओं से कहा कि धर्म के प्रति आस्था व्यक्त कर अपने सनातन संस्कृति और परंपरा को जीवंत रखने का प्रयास करें तभी हमारा राष्ट्र विकास के पथ पर अग्रसर हो सकता है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि देश के सभी राज्यों में सिंदूर अर्चना का कार्यक्रम होना चाहिये। पीएम नरेंद्र मोदी ने सिंदूर ऑपरेशन कर राष्ट्र को सशक्त बनाया है ठीक उसी तरह सिंदूर अर्चना आज का माताओं- बहनों को सशक्त बना रही है ।बलिया के सांसद नीरज शेखर ने कहां की गयाजी में हो रही सिंदूर महायज्ञ पूरे देश में सनातन धर्म संस्कृति का एक अद्भुत संदेश दे रहा है। पहली बार धर्मनगरी गया जी में इस तरह का कार्यक्रम आयोजित होना अपने आप में एक अद्भुत सहयोग है ।रामानुज मठ के महंत स्वामी वेंकटेश प्रपन्नाचार्य जी महाराज ने कहा की माता मंगला गौरी के रूप में मां ललिता की पूजा पूरे विधि विधान से चल रही है। रात्रि में ब्राह्मणों के निर्देशन में 10 महाविद्याओं में एक त्रिपुरा सुंदरी ललिता की तांत्रिक विधि से पूजा हुई है। दो दिनों में श्री ललित सहस्त्रनाम के 1000 मंत्रों से लगभग 5 करोड़ सिंदूर से आहुतियां हुई है। गया जी में पहली बार इस तरह का कार्यक्रम किया गया है।

# डीएम ने विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक किया

■ निर्वाचक सूची और मतदान केन्द्रों अर्धसैनिक बलों और बुनियादी सुविधाओं समेत विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा

प्रात: किरण संवाददाता




अरवल। समाहरणालय के सभा कक्ष में जिला पदाधिकारी अरवल कुमार गौरव द्वारा बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्वाचक सूची के सतत अद्यतन और चुनाव से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। मतदान केन्द्रों पर आश्वस्त न्यूनतम सुविधा की व्यवस्था के लिए पहले से कार्रवाई शुरू करने का निदेश दिया गया। अर्धसैनिक बलों के आवासन स्थलों पर बुनियादी सुविधाएँ उपलब्ध कराने को कहा गया।

पिछले चुनावों में कम मतदान प्रतिशत वाले केन्द्रों का विश्लेषन कर मतदान बढ़ाने के लिए केन्द्रवार कार्य योजना बनाने का निदेश दिया गया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी हैण्डबुक, मैनुअल और चेकलिस्ट का गहन आध्ययन कर सभी कार्य तय समय सीमा में पूरे करने को कहा गया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि योग्य नागरिकों का पंजीकरण हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। अरवल और कुर्था विधानसभा क्षेत्रों में महिला लिंगानुपात कम है। ऐसे में महिला मतदाताओं के पंजीकरण पर विशेष ध्यान देने को कहा गया।

90 वर्ष या उससे अधिक आयु के मतदाताओं का बीएलओ. के माध्यम से सत्यापन कर, मृत पाए जाने पर नाम हटाने और आयु सुधार की जरूरत होने पर संशोधन करने का निदेश दिया। मृत, दोहरी प्रविष्टि और स्थायी रूप से स्थानांतरित मतदाताओं के नामों के नियम के अनुसार हटाने और सुधार करने को कहा गया। ईआरओ. नेट पर प्राप्त फॉर्म 6, 7 और 8 के आवेदनों का समय पर निष्पादन सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता, जिला बंदोवस्त पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकरी, पंचायती राज पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी के साथ जिला एवं प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारी व अन्य उपस्थित रहे

# दुष्कर्म आरोपी को आजीवन कारावास

प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में स्पेशल पोक्सो जज लक्ष्मीकांत मिश्रा ने महिला थाना कांड संख्या -66/23, जी.आर.-145/23 में सजा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए काराधिन अभियुक्त कोशल कुमार उर्फ नटवर हसामपुर उपहारा को कड़ी सजा सुनाई है, स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि प्राथमिक अभियुक्त कोशल कुमार उर्फ नटवर को 20/06/25 को भादंवि धारा 376 ए बी और पोक्सो एक्ट की धारा -06 में दोषी करार दिया गया था आज सजा के बिन्दु पर अभियुक्त को आजीवन कारावास और पचास हजार रुपए जुमार्ना लगाया गया है जुमार्ना न देने पर तीन माह अतिरिक्त कारावास होगी, जिला विधिक सेवा प्राधिकार औरंगाबाद को भी आदेश दिया गया है कि पीड़िता को तीन लाख रुपए प्रतिकर दिलवायें, अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक ने प्राथमिकी 29/11/23 को दर्ज कराई जिसमें कहा था कि नाबालिग लड़की घास काटने गई थी तो अभियुक्त ने हाथ पकड़ पटक दिया और मूंह चापकर गंदा काम किया जिससे पीड़िता के पेंट से खुन बहने लगा, अभियुक्त घटना के समय से एक साल छः महीने 21 दिनों से जेल में बंद हैं, आज सजा के बिन्दु पर बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने कहा कि अभियुक्त सम्पन्न परिवार से हैं, अपराधिक इतिहास नहीं है इसका भविष्य भी है इसलिए कम सजा दी जाए, स्पेशल अभियोजक शिवलाल मेहता ने कहा कि अभियुक्त की अपराध की प्रकृति और पीड़िता के कम उम्र देखते हुए अधिकतम सजा दी जाए, दोनों पक्षों को सुनने के उपरांत न्यायधीश ने सजा सुनाई,इस वाद में आई. ओ-पु. अ. नि.अनीता कुमारी, डॉ सहित पांच गवाही हुई थी बचाव पक्ष से भी तीन गवाही हुई थी, अभियुक्त पर आरोप गठन 28/06/24 के होने के बाद एक साल के अंदर सजा सुनाई गई है।

# तेलपा बजार जाम एवं अतिक्रमण से जूझ रही है, लोग हो रहे परेशान

प्रातः किरण संवाददाता

करपी। शहर तेलपा बाजार जाम की समस्या एवं अतिक्रमण हटवाना प्रशासन के लिए बना सिरदर्द। यह राजमार्ग शिवगंज से होकर बैदराबाद गुजरती है। ऐसे जाम की समस्या उत्पन्न होने पर आम लोगों ने प्रशासन से ही उम्मीद रखते हैं कब तक प्रशासन जाम से मुक्ति दिलाती है। विदित हो कि कुछ दिनों से लगातार शहर तेलपा बाजार जाम की समस्या से जूझ रही है वहीं सड़क की दोनों ओर फुटपाथ की दुकान लगे रहते है साथ ही दोपहिया वाहन भी लगा दिए जाते हैं जिसे और भयंकर जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है जिसके चलते घंटो देर लोग जाम में फंसे रहते हैं। प्रशासन बाजार में अतिक्रमण को लेकर कभी गंभीर नहीं दिखे ।

**घंटों जाम से आमलोग परेशान, सायरन वाली गाड़ियों को राहत**

अतिक्रमण के वजह से तेलपा बाजार में कब जाम लग जाए इसका कुछ कहा नहीं जा सकता। यहां प्रतिदिन घंटों घंटों तक जाम लगी रहती है। अधिकारी, पुलिस, एम्बुलेंस व जनप्रतिनिधि भी जाम में फंसते हैं। लेकिन यहां पर पुलिस की वर्दी और सायरन के सहारे इन्हें थोड़ी राहत मिलती है। ये गाड़ियां कुछ ही देर जाम झेलकर बाहर निकल जाती हैं। लेकिन सवाल है आम लोगों का जो बेचारे बेवजह घंटों फंसे रहते हैं। इनकी देखनहार कोई नहीं है। जब स्थिति भयावह हो जाती है तो शहर तेलपा पुलिस दलबल के साथ सड़क पर उतरती है और काफी मशक्कत के बाद जाम को हटावकर आवागमन सुचारू रूप से बहाल करती है।



स्थानीय लोग का कहना है कि शहर तेलपा बाजार में लगे फुटपाथ की दुकानों की प्रशासन ने कभी हटाने की पहल नहीं किया अगर हटाया जाता है तो जाम से निजात मिल सकता है :-अखिल भारतीय छात्र संघ जिला सेक्रेटरी अरवल, राकेश राही। बाजार निवासी का क्या कहना है। यहां के स्थानीय सांसद और विधायक ने कभी जाम की समस्या पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।

चुनाव के समय आने पर बड़े-बड़े दावे करते हैं और जीत कर चले जाते हैं फिर दूसरे बार क्षेत्र में विकास देखने नहीं आते हैं, राष्ट्रीय जनता दल नेता , कृष्णा यादव ने कहा कि शहर तेलपा बाजार में समस्या से निजात के लिए बाईपास की आवश्यकता है।

## लोजपा (रा)के राष्ट्रीय महासचिव सह पूर्व अतरी विधानसभा प्रत्याशी ने मृतक लोगों को सरकारी मदद दिलवाई

गया ।लोक जनशक्ति पार्टी(रामविलास) के अतरी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी राष्ट्रीय सचिव शह झारखण्ड प्रभारी अरविन्द कुमार सिंह अतरी विधानसभा मे क्षेत्र भ्रमण के दौरान अतरी प्रखंड के चकरा पंचायत में चंद्रशेखर नगर 2 वार्ड नंबर 4 पूर्व वार्ड सदस्य सुनीता देवी के पति मृतक पप्पू राजवंशी के परिवार से मिलकर शोक संतावाना देते हुऐ और अतरी बीडीओ से पारिवारिक लाभ, विधवा पेंशन के लिए बात किए और जनता का समस्या भी सुने हैं इनके साथ लोजपा रामविलाश के जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह चकरा पंचायत के उप मुखिया इंदल पासवान, वार्ड सचिव अप्पू यादव, करण राजवंशी,मुखिया जी सोहन यादव,आदि लोग शामिल हुए हैं।

## उपेंद्र कुशवाहा कुशवाहा समाज को बेचने का काम किया है :विनय

गया जी ।राष्ट्रीय जनता दल के प्रांतीय सचिव विनय कुशवाहा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री उपेंद्र कुशवाहा आज तक सिर्फ कुशवाहा समाज को बेचने का काम किया है इनकी राजनीति अपने हित परिवार एवं धन उपार्जन तक सीमित है ।विनय कुशवाहा ने कहा कि 2007 से उपेंद्र कुशवाहा ने कुशवाहा समाज एवं उनके साथ जो कार्यकर्ता तन मन धन से साथ रहे उनके साथ उन्होंने सिर्फ दगाबाजी नहीं बल्कि उसका भविष्य को बर्बाद किया है। विनय कुशवाहा ने कहा कि आखिर कैसी राजनीति करते हैं उपेंद्र कुशवाहा जी कुशवाहा समाज ने उन्हें तन मन धन से आगे बढ़ाया और राष्ट्रीय लोक समता पार्टी का निर्माण 2013 में किया था लेकिन उपेंद्र कुशवाहा ने अपनी महत्वाकांक्षा के लिए पार्टी को खत्म कर नीतीश कुमार से हाथ मिला लिया था जिस नीतीश कुमार के खिलाफ लगातार 15 वर्षों तक कार्यकताओं को सड़क पर लाकर संघर्ष करवाया फिर उन्हीं से समझौता किया ।लगातार उपेंद्र कुशवाहा ने पार्टी बनकर तीन बार विलय किया और तीन बार गठबंधन बदले इन्होंने सिर्फ कुशवाहा समाज के युवा साथियों को भविष्य बर्बाद करने का काम किया है कुशवाहा समाज ने लाखों करोड़ चंदा देकर उपेंद्र कुशवाहा को आगे बढ़ने का काम किया था लेकिन इन्होंने पार्टी बनाना पार्टी बेचना इतना तक की जमीनी कार्यकताओं को टिकट नहीं देकर धन कुबेरों को करोड रुपए में टिकट को बेचने का काम किया है। विनय कुशवाहा के अनुसार उपेंद्र कुशवाहा राजनीतिक ठग हैं और ऐसे राजनेताओं से कुशवाहा समाज एवं पिछड़ा दलित समाज को सावधान रहने की जरूरत है ऐसे नेताओं को कुशवाहा समाज एवं बिहार की जनता जानकारी चुकी है यह सिर्फ राजनीति के अपनी महत्वाकांक्षा एवं धन उपार्जन के लिए करते हैं(

## सरकार के दावों की निकल रही हवा:कच्चा रास्ता ग्रामीणों की टूटी उम्मीदें

करपी। प्रखंड मुख्यालय स्थित करपी डीह पर जाने के लिए आजादी के 78 साल बाद एक संपर्क पथ नहीं बना। अहम समस्या ने अब तूल पकड़ लिया है। सरकार भले ही ह्लमुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजनाह्व के तहत प्रत्येक गांव और बसावट को पक्की सड़कों से जोड़ने का दावा करती हो, लेकिन हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। न जाने कितने जनप्रतिनिधि बने सभी से आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिला चाहे वह मुखिया हो पंचायत समिति हो जिला परिषद हो विधायक या सांसद हो जिसका जीता जागता उदाहरण ग्रामीण आज भी मुख्य मार्ग सड़क तक पैदल भी आने जाने को मजबूर है, काफी दिक्कत से आते जाते हैं जिसकी जानकारी पदाधिकारी से लेकर जनप्रतिनिधि तक ग्रामीणों द्वारा बराबर दी जा जाती है लेकिन आश्वासन के सिवा कुछ हाथ नहीं लगा। जिससे ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए धान कच्ची सड़क पर धान रोपण कर विरोध जताया। वही ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों के नसीहत भी दिया। ग्रामीणों ने कहा कि आने वाला विधानसभा में हिसाब किताब लिया जाएगा। वहीं बारिश होने पर बारिश की पानी भरने से तालाब का रुप ले लेता है।

## अभाविप के जिला संयोजक अमर कृति व जिला सह संयोजक अमर कांत यादव मनोनीत हुए

अरवल। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अरवल जिले का जिला संयोजक अमर कृति ,जिला सह संयोजक अमर कांत यादव को मनोनीत किया गया, यह घोषणा अभाविप दक्षिण बिहार के प्रदेश अभ्यास वर्ग सासाराम में हुआ ,जिला संयोजक बनाए जाने की घोषणा पर अरवल जिले के कार्यकर्ताओं ने बंदे मातरम और भारत माता की जयघोष के साथ खुशी जताई,अमर कृति छात्र राजनीत में 2014 से ही सक्रिय रूप से कार्य करते आ रहे हैं, स्कूल और कॉलेज से अपनी छात्र राजनीत शुरू की।

# यात्री को बचाने की कोशिश में आरपीएफ के एक आरक्षी की हुई मौत, देरी से पहुंची मेडिकल टीम

प्रातः किरण संवाददाता

गया जी ।गया जंक्शन पर एक यात्री की मृत्यु हो गई। यात्री हृदय रोग से ग्रसित थे। प्लेटफॉर्म पर ड्यूटी पर रहे आरपीएफ के जवान आशीष कुमार ने तत्परता दिखाई। फुट ओवर ब्रिज पर ही सीपीआर दिया गया है। अन्य यात्रियों के सहयोग से टांग कर यात्री को सीढ़ियों पर चलकर प्लेटफॉर्म तक लाया गया लेकिन यात्री की जीवन रक्षा करने की तमाम कोशिशें विफल रही और शिव कुमार शर्मा(60) नामक यात्री की सांसें थम गई। एक सुखद यात्रा का दुखांत। मृतक मूल रूप से गया जिले के टिकारी के रहनेवाले थे। इसके साथ में पत्नी विमला देवी भी धनबाद जाने के लिए गया जंक्शन पहुंची थी।आरपीएफ के पोस्ट प्रभारी निरीक्षक बनारसी यादव ने बताया कि आरक्षी आशीष कुमार ने जब देखा कि यात्री की तबीयत ज्यादा बिगड़ रही है तो तत्काल उन्होंने शाम 18:30 बजे इसकी सूचना डिप्टी एसएस और चिकित्सक को दी लेकिन गया रेल अनुमंडल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विकास कुमार के साथ मेडिकल की टीम शाम 19:10 पहुंचती है और तब तक यात्री की मौत हो चुकी होती है। डॉक्टर मृत होने की पुष्टि कर देते हैं। सवाल यह उठता है कि अस्पताल से स्टेशन तक पहुंचने में 40 मिनट का समय लग जाता है। यदि और जल्दी मेडिकल की टीम पहुंच जाती तो हो सकता था कि यात्री को समय से चिकित्सीय सुविधाएं मुहैया कराई जा सकती थी। उनका जीवन बचाया जा सकता था ।चिकित्सा पदाधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियों को समझना होगा। पिछले दिनों चलती ट्रेन हावड़ा-बीकानेर सुपरफास्ट एक्सप्रेस में छट्ठू जायसवाल नामक यात्री की तबीयत बिगड़ने की सूचना रेल मदद एप्प के जरिए रेलवे अस्पताल को मिलती है लेकिन इमरजेंसी ड्यूटी में रहे मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संदीप कुमार यात्री को स्वयं अटेंड नहीं कर पाते हैं। एक ड्रेसर विजय कुमार एम्बुलेंस से स्टेशन पहुंचते हैं और यात्री को दवा देते हैं। जब सीएमएस से पूछा गया था तो उन्होंने अपनी व्यस्तता की वजह बताकर जिम्मेदारियों के साथ कर्तव्यों से पल्ला झाड़ लिए थे। उसी दिन उन्होंने बताया था कि कम से कम अस्पताल को सूचना 20 मिनट पहले मिल जाता है ।

# भव्य साप्ताहिक स्तोत्र पाठ का किया गया आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। सनातन धर्म की परंपराओं का निर्वहन करते हुए ओजस मागधी मंच के तत्वावधान में 16 जून से 22 जून तक अनवरत विविध स्तोत्रों का ऑनलाइन पाठ किया गया। इनमें प्रस्तुतकताओं के द्वारा गणेश पंचरत्न स्तोत्र, गंगाधर स्तोत्र, रुद्राष्टक, कनकधारा स्तोत्र, शिव तांडव स्तोत्र, राधा कृपा कटाक्ष स्तोत्र और मंगल गीत की प्रधानता रही। गयाजी से वाणी वंदना, गणेशदत्त मिश्र, कुंदन कुमार मिश्र, औरंगाबाद से चंदन कुमार पाठक,अजय कुमार पाठक और पटना जिला बिक्रम से श्रेया मिश्रा की भावपूर्ण लयात्मकता प्रस्तुति दी गई।ओजस मागधी मंच के अध्यक्ष डॉ हेरम्ब कुमार मिश्र ने बताया कि लोगों में संस्कारों के विकास के लिए और उन्हें आध्यात्मिक भावनाओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से इस मंच का यह एक प्रयास है जिससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें।सचिव उदय भास्कर ने कहा कि यह मंच आध्यात्मिक, साहित्य और संगीत के माध्यम से संस्कारों के प्रसारीकरण के लिए सदैव अग्रसर है ।मंच के मुख्य संरक्षक डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्र ने बताया कि ओजस मागधी मंच शुरू से ही संस्कारों के साथ-साथ सदस्यों एवं इससे जुड़े लोगों में सांगीतिक और सांस्कृतिक भावनाओं के विकास के लिए तत्पर है ।कार्यक्रम की सफलता में श्याम सुंदर मिश्र गयाजी, कौशल मिश्र मुंबई, सुशील कुमार मिश्र पुणे, विमल मिश्र कोलकाता, आशुतोष पाठक पटना, मुकुंद वत्स पटना, मनोज कुमार मिश्र औरंगाबाद, दुर्गेश पाठक औरंगाबाद, अजय कुमार मिश्र गयाजी का भरपूर सहयोग रहा।




**गया के होनहारों ने निफ्ट परीक्षा में दिखाया जलवा**

# कला संस्कार डिजाइन स्टूडियो के छात्रों ने फिर रोशन किया शहर का नाम

प्रातः किरण संवाददाता



गया। फैशन की दुनिया में नाम कमाने का सपना देखने वाले गया के छात्रों ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि मेहनत, मार्गदर्शन और लगन से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। हाल ही में घोषित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (निफ्ट) की राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा में शहर के गेवाल बिगहा स्थित कला संस्कार डिजाइन स्टूडियो के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे देश में शहर का नाम रौशन किया है।

जारी परिणाम के अनुसार संस्था की इशिता वर्णवाल ने एआईआर-17 रैंक हासिल किया है। वहीं प्रियांशु कुमारी ने एआईआर-54, माही कुमारी ने एआईआर-120, अलिशा ने एआईआर-178, अनन्या कुमारी ने एआईआर-212 एवं लोकेश कुमार ने एआईआर-231 रैंक हासिल किया है।

इन विद्यार्थियों की सफलता सिर्फ व्यक्तिगत नहीं बल्कि गया शहर और संस्थान के लिए भी गौरव का विषय है। इन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि छोटे शहरों से भी बड़े सपने साकार किए जा सकते हैं।इस वर्ष 42 विद्यार्थियों ने कला संस्कार डिजाइन स्टूडियो से परीक्षा दी। इनमें से 35 छात्र-छात्राएं निफ्ट में चयनित हुए हैं। कुछ छात्रों का चयन एनआईडीनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन में हुआ। वहीं एक छात्रा यूसीड अंडरग्रेजुएट कॉमन एंट्रेंस एक्जामिनेशन फॉर डिजाइन में सफल रहीछात्रों की इस उपलब्धि पर शहर के गणमान्य लोगों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने हार्दिक बधाई दी है। संस्था के संस्थापक राजेश राठौर और निदेशक अरुण सिंह, नीलेश कुमार सहित समर्पित शिक्षकों की टीम को भी इस सफलता का श्रेय दिया गया है। सभी ने इन उभरते डिजाइनर्स के उज्जवल भविष्य की कामना की और उन्हें आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया है ।गया के ये होनहार छात्र-छात्राएं यह दिखा रहे हैं कि फैशन और डिजाइन की दुनिया में बिहार के युवा भी अपना लोहा मनवा सकते हैं। यह सफलता सिर्फ संख्याओं की नहीं, बल्कि सपनों को सच में बदलने की कहानी है।

## मुख्यमंत्री का ऐतिहासिक निर्णय, बढ़ाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशी:पटवा

गया जी ।जदयू व्यवसाय एवं उद्योग प्रकोष्ठ, गया जिला अध्यक्ष प्रकाश राम पटवा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन में की गई ऐतिहासिक बढ़ोतरी का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय राज्य के करोड़ों वृद्धजनों, विधवा महिलाओं एवं दिव्यांगजनों के जीवन में सम्मान और आत्मनिर्भरता का नया अध्याय लिखेगा। पटवा ने कहा अब बूढ़-बुजुर्ग के दिन सचमुच पलट गए हैं। पहले जिन्हें 400 की पेंशन मिलती थी, अब उन्हें सीधे 1100 हर महीने मिलेगी। यह न केवल आर्थिक सहायता है, बल्कि उनके आत्म-सम्मान की रक्षा का भी एक सराहनीय प्रयास है ।उन्होंने आगे कहा कि नीतीश कुमार जी की सरकार ने हमेशा समाज के अंतिम व्यक्ति तक कल्याण की रोशनी पहुंचाने का कार्य किया है। यह पेंशन बढ़ोतरी उसी सोच का परिणाम है। यह निर्णय दिखाता है कि ह्लनीतीशे किए हैं, नीतीशे करेंगे ।जदयू गया जिला व्यवसाय एवं उद्योग प्रकोष्ठ इस निर्णय के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी को हार्दिक धन्यवाद और आभार प्रकट करता है और यह अपेक्षा करता है कि आगे भी समाज के सभी वर्गों के हित में इसी प्रकार निर्णय लिए जाते रहेंगे।

## 02 नाबालिग बच्चों का किया गया रेस्क्यू

गया जी ।गया रेलवे स्टेशन पर ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत दो नाबालिग बच्चों का रेस्क्यू किया गया है। इनमें एक 10 वर्षीय लड़का और एक नाबालिग लड़की शामिल है ।लड़के का रेस्क्यू- गाड़ी संख्या 12817 की पैंट्री कार में टीटीई नौदीप कुमार ने एक नाबालिग लड़के को रोका हुआ था।

लड़के की उम्र लगभग 10 वर्ष है और वह कोडरमा जिला, झारखंड का रहने वाला है ।टीटीई ने लड़के को आरपीएफ को सुपुर्द किया, जिसे रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गया पर लाया गया है ।लड़की का रेस्क्यू- रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गया की टीम ने गस्त के दौरान प्लेटफार्म संख्या 01 पर एक नाबालिग लड़की को डरी और सहमी अवस्था में बैठे हुए पाया ।लड़की से पूछताछ की गई और उसका नाम पता किया गया ।आगे की कार्रवाई- दोनों नाबालिग बच्चों को रेलवे चाइल्ड हेल्प डेस्क गया को सुपुर्द किया जाएगा ।आरपीएफ टीम द्वारा बच्चों की सुरक्षा और कल्याण के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## राजगीर में लोजपा आर का बहुजन भीम संकल्प समागम कार्यक्रम ऐतिहासिक होगी:सत्येन्द्र रंजन

अरवल। आगामी 29 जून को राजगीर में आयोजित लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास का बहुजन भीम संकल्प समागम कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सह पटना पूर्वी क्षेत्र अंतर्गत खुसरूपुर प्रखंड पर्यवेक्षक सत्येन्द्र रंजन ने प्रेस ब्यान जारी कर कहा कि लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास का बहुजन भीम संकल्प समागम कार्यक्रम ऐतिहासिक होगी । उन्होंने कहा कि कल खुसरूपुर प्रखंड के लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के कार्यकताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक कर उक्त समागम कार्यक्रम में खुसरूपुर प्रखंड से बड़ी संख्या में लोगों को शामिल कराने के लिए विचार विमर्श किये जायेंगे । बहुजन भीम संकल्प समागम कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान संबोधित करेंगे । बहुजन भीम संकल्प समागम कार्यक्रम में बिहार संगठन प्रभारी सह जमुई लोकसभा के लोकप्रिय सांसद अरुण भारती , सांसद वीणा देवी , सांसद राजेश वर्मा , सांसद शाम्भवी चौधरी , प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी , पार्टी केन्दीय नेता सहित प्रदेश के सम्मानित नेता शामिल होंगे ।

## जिला कांग्रेस कमिटी के भू-संपदा से संबंधित बैठक मे जानकारी दिया गया

गया जी ।गया जिला कांग्रेस कमिटी के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार के अध्यक्षता में बिहार प्रदेश कांग्रेस भू-संपदा कमिटी के अध्यक्ष जितेन्द्र गुप्ता एवं वरिष्ठ नेता कांग्रेसी जमाल अहमद उर्फ भल्लू , प्रमोद कुमार सिंह, वैधनाथ शर्मा, संजय कुमार भारती एवं वकील प्रसाद गुप्ता के साथ गया जिला कांग्रेस कार्यालय राजेन्द्र आश्रम के सभागार मे समीक्षा बैठक कि गई, गया जिला कांग्रेस कमिटी के भू-संपदा से संबंधित बैठक मे जानकारी दिया गया है कि गया जिला मे कांग्रेस पार्टी का अपनी जमीन राजेंद्र आश्रम, बोधगया, रानीगंज,खिजरसराय मे कांग्रेस पार्टी का जमीन अपना है, इस बैठक मे निम्नलिखित कांग्रेसीजन उपस्थित हुए। कार्यकारी अध्यक्ष शाहाब उद्दीन रहमानी , पूर्व जिलाध्यक्ष श्री राम उदय प्रसाद, पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव,पूर्व प्रत्याशी ओंकारनाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव,धर्मेन्द्र कुमार निराला, रजनीश कुमार, धर्मेंद्र शर्मा, दामोदर गोस्वामी, गिरेंदर कुमार, लालसा देवी, विकास यादव, शिवकुमार चौरसिया, अब्दुल रकीब, संजय कुमार, सम्भु कुमार, शिवनाथ प्रसाद, गुडू कुमार, कार्यालय प्रभारी कमलेश चंद्रवंशी, कार्यालय सचिव अशोक प्रसाद भारती आदि थे।

## संक्षिप्त खबरें

### वज्रपात की चपेट में आने से चार मवेशियों की मौत

मसौढ़ी।प्रखंड के पकड़ी गांव में वज्रपात से एक मवेशी की मौत हो गई।यह घटना उस वक्त हुई जब मवेशी बधार में घास चरने के लिए गई हुई थी,मृत मवेशी पशुपालक मसौढ़ी थाना क्षेत्र पकड़ी गांव निवासी आमिर प्रसाद के पुत्र विनय प्रसाद की थी।इसी दौरान ठनका गिरने से मवेशी उसके चपेट में आ गये और मौके पर ही मौत हो गई।ग्रामीणों ने कहा कि पशु के मरने से पीड़ित किसान को हजारों रुपये का नुकसान हुआ है।मवेशियों की मौत से किसान मर्माहत है।पीड़ित किसान ने प्रशासन से मदद की गुहार लगायी है।

### 9 बोतल विदेशी शराब व 16बोतल केन बियर जब्त

मसौढ़ी।थाने की पुलिस ने नगर के बढ़ई टोला मुहल्ले में छापेमारी कर बियर और विदेशी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि रविवार की रात्रि में गुप्त सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के बढ़ई टोला मुहल्ले में दीपू कुमार के घर से शराब की तस्करी की जाती है।पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए उसके घर पहुंची। दरवाजे पर खड़ा युवक पुलिस की गाड़ी देखते ही भागने लगा।पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में अपना नाम ऋषभ कुमार और पिता का नाम दीपू कुमार बताया। वही उसके निशानदेही पर घर के से 16बोतल केन बियर व 9लीटर 375' का रॉयल स्टैग बरामद किया गया।गिरफ्तार शराब तस्कर को सोमवार को जेल भेज दिया गया है।

### पंकज श्री पटनदेवी जी गौ सेवा संस्थान के संगठन सचिव बने

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

श्री पटनदेवी जी गौ सेवा संस्थानम् की कार्यकारिणी की बैठक विगत दिनों संपन्न हुई। इसमें 51 शक्तिपीठ स्थापना निर्माण के चौथे तल्ले की ढलाई के मद में आय-व्यय प्रस्तुति के साथ पांचवें तल्ले के निर्माण की रूपरेखा और संगठनात्मक विषयों पर चर्चा हुई। सर्वसम्मति से संस्थान के युवा समाजसेवी पंकज कुमार पांडेय को संगठन सचिव का दायित्व सौंपा गया। बैठक में हर जिले से समाजसेवियों को जोड़कर सेवा कार्य को आगे बढ़ाने पर बल दिया गया। अभी संस्थान में 5500 युवा समाजसेवी और व्यवसायी जुड़े हैं। संस्थापक अध्यक्ष बाबा विवेक द्विवेदी ने कहा कि पंकज पांडेय के जुड़ने से युवा समाजसेवी सदस्यों की संख्या और बढ़ेगी। साथ ही संस्थान का सामाजिक दायित्व भी बढ़ेगा। बैठक में वरीय अधिवक्ता राजीव पांडेय, अरुण मिश्रा, दिलीप कुमार, राजेश सिंह , प्रदीप यादव , संतोष पांडेय, उदय शंकर शर्मा, अरुण खत्री, संजय कुमार सिंह, रंजीत यादव, संजीव सिंह, जय हिंद, व्यवसाय प्रकोष्ठ के प्रदीप सिंह यादव और वरीय संयोजक शिव प्रसाद मोदी ने पंकज पांडेय को संगठन सचिव का दायित्व मिलने पर अपनी शुभकामनाएं दीं।

### ओड़िशा डिप्टी सीएम ने तख्त साहिब में टेका मत्था

पटना सिटी (प्राकि)। ओड़िसा के उप मुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंह देव तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब पहुंचे। यहां दरबार साहिब में उन्होंने मत्था टेका। प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जगतोत सिंह सोही ने स्वागत किया। इस दौरान दरबार साहिब में ग्रंथी की ओर से गुरुघर का आशीष सिरोपा दिया गया। उन्हें गुरु महाराज के पवित्र वस्तुओं का दर्शन करवाया गया। अध्यक्ष ने गुरु महाराज के जीवन दर्शन से अवगत कराते हुए तख्त साहिब के इतिहास को बता प्रतीक चिह्न प्रदान किया।

### मां गंगा की प्रतिमा की पूजा व क्षमा मांग किया विसर्जन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

कंगन घाट पर सनातनी गंगा फाउंडेशन, मां गंगा सेवा समिति और आईडीपीटीएस के द्वारा संयुक्त रूप से 11 दिवसीय गंगोत्सव का आयोजन किया गया था। इसके समापन के बाद 18 जून को वहां रखी 40 फीट से ऊंची प्रतिमा को क्रेन की मदद से विसर्जन करने के दौरान प्रतिमा क्षतिग्रस्त हो गई थी। इसके बाद सनातनी गंगा फाउंडेशन के द्वारा मां गंगा की मिट्टी की प्रतिमा बनाकर रविवार को पूजा अर्चना की गई। जजमान सतीश गुप्ता सपत्नीक थे। इसके बाद सोमवार की सायं में प्रतिमा को नाव की मदद से गंगा नदी में विसर्जित कर दिया गया। आयोजन के दौरान विजय गुप्ता, बबलू कुमार, राजू कुमार, पिंकू शुक्ला, राजेश शुक्ला टिल्लू आदि मौजूद थे। 18 को प्रतिमा क्षतिग्रस्त होने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने खासा नाराजगी का इजहार किया था। इसके दूसरे दिन 19 जून को अपराह्न में आक्रोशित लोगों के द्वारा आक्रोश मार्च निकालकर शहीद भगत सिंह चौक के पास आयोजकों का पुतला दहन किया गया था।

# खगड़िया के पसरहा में 50,000 मीट्रिक टन क्षमता वाले अत्याधुनिक साइलो गोदाम का भव्य उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता




खगड़िया । जिले के पसरहा में निर्मित अत्याधुनिक साइलो गोदाम का उद्घाटन आज केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण तथा नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने किया।इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए मंत्री श्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि इस साइलो गोदाम का कुल क्षमता 50,000 मीट्रिक टन है। साथ ही साथ इस तरह के साइलो गोदाम के निर्माण से कम जगह में अनाज भंडारण बेहतरीन तरीके से संभव हो पाता है। इसके अतिरिक्त अनाज की सुरक्षा भी अत्याधुनिक यंत्रों के उपयोग से कई गुना बढ़ जाती है।इस तरह के गोदाम माननीय प्रधानमंत्री के आकांक्षा के अनुरूप है। उन्होंने सम्बद्ध अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से गोदाम के सफल निर्माण के लिए बधाई दिया। उद्घाटन समारोह के अवसर पर श्री जोशी ने कहा कि यह साइलो पूरी तरह यंत्रीकृत है तथा स्टील से निर्मित है, जिससे कम जगह में अधिक अनाज संग्रहित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस सुविधा में भंडारण के दौरान अनाज खराब नहीं होगा तथा इससे स्टोरेज लॉस में कमी आएगी। इस अवसर पर केंद्रिय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने इस बात का उल्लेख भी किया कि इस तरह के साइलो गोदाम के निर्माण की अवधारणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 2014 मे रखा गया। उन्होंने वर्ल्ड बैंक की एक रिपोर्ट का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 11 वर्ष के कार्यकाल मे इक्स्ट्रीम पॉवर्टी रेट 27% से घटकर लगभग 5% ही रह गई है। लगभग 26 करोड़ लोगों का गरीबी रेखा से बाहर निकलना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कल्याणकारी नीतियों का परिणाम है प्रधानमंत्री के दूरदर्शिता को दर्शाता है । केंद्रिय मंत्री ने केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना का जिक्र करते हुए कहा की इसके तहत लगभग 80 करोड़ देशवासियों को मुफ़्त अनाज दिए जा रहे हैं। यह संख्या कई यूरोपीय देशों के सामूहिक जनसंख्या से भी ज्यादा है। केन्द्रीय मंत्री ने पीएम सूर्य घर योजना, पीएम कुसुम योजना संबंधी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसी नीतियों की के वजह से भारत आज सबसे तेजी से विकास करते वाली अर्थव्यवस्था बन गया है। कल्याणकारी नीतियों की कड़ी मे उन्होंने न्यूनतम समर्थन मूल्य का उल्लेख करते हुए कहा कि आज 48 घंटे के अंदर मे किसान के खाते मे पैसा पहुँच रहा है। 3,80,000 करोड़ रुपये सीधे प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के लाभार्थियों के खाते मे पारदर्शी तरीके से पहुँच दिए गए हैं। बिहार राज्य के अंदर केंद्र सरकार के कार्यों का उल्लेख करते हुए केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि कोसी महासेतु जैसी 20 वर्ष से अटकी परी परियोजनाएँ प्रधानमंत्री के सफल मार्गदर्शन मे आज समय से पूरे किए जा रहे हैं। साथ ही साथ मखाना बोर्ड का गठन प्रधानमंत्री के बिहार के प्रति विशेष प्रेम को दर्शाती है। इस ऐतिहासिक अवसर पर बिहार के खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्रीमती लेसी सिंह भी उपस्थित रही। इसके अतिरिक्त, अन्य वरिष्ठ गणमान्य व्यक्ति, स्थानीय जनप्रतिनिधि, और प्रशासनिक अधिकारी भी इस अवसर पर मौजूद रहे।

# उपराष्ट्रपति आज आएंगे मुजफ्फरपुर ,सुरक्षा व्यवस्था रहेगी चौकस

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर |उपराष्ट्रपति जगदीप धनखर का मुजफ्फरपुर जिला के सदर थाना अंतर्गत एल एन मिश्रा कॉलेज ऑफ बिजनस मैनेजमेंट भगवानपुर में 24 जून को स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम निर्धारित है। जिला प्रशासन ने चयनित कार्यक्रम स्थलों को अस्थाई रूप से रेड जोन घोषित करते हुए ड्रोन एवं गुब्बारा उड़ाने पर प्रतिबंध लगा दिया है।इस स्थलों से 2 किलोमीटर की परिधि तक किसी भी प्रकार की ऐसी गतिविधि प्रतिबंधित रहेगी। उपराष्ट्रपति के मुजफ्फरपुर आगमन के अवसर पर जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन एवं वरीय पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार द्वारा संयुक्तादेश जारी किया गया है। इसके लिए महत्वपूर्ण स्थलों को चिन्हित करते हुए पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी,पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी अधिकारियों को अपनी-अपनी ड्यूटी पर ससमय उपस्थित होने तथा प्रदत्त निदेश के अनुरूप पूरी सतर्कता के साथ विधि व्यवस्था संधारित रखने एवं अपने कर्तव्य का जिम्मेदारी से निष्पादन करने का निर्देश दिया गया है। अधिकारीद्वय ने कार्यक्रम स्थल एलएन मिश्रा कॉलेज में बैठक का आयोजन कर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग की तथा अधिकारियों को भिन्न-भिन्न स्थलों पर निर्धारित कार्य का पूरी जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था तथा प्रभावी मॉनिटरिंग हेतु पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी एवं वीडियोग्राफी की व्यवस्था की गई है। अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी टू को लगातार पर्यवेक्षण करने तथा अवगत कराते रहने का निर्देश दिया गया है। असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। इस अवसर पर यातायात, पार्किंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। एल एन मिश्रा कॉलेज में माननीय उपराष्ट्रपति का कार्यक्रम पूर्वाह्न 11:00 बजे से है बैठक में अपर समाहर्ता राजस्व श्री संजीव कुमार अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था श्री सुधीर कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी पश्चिमी श्रीमती श्रेयाश्री, अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी श्री अमित कुमार पुलिस उपाधीक्षक श्री नीलाभ कृष्ण सहित कई अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जेपीविवि में कार्यरत नवनियुक्त शिक्षकों को एक वर्ष से नही मिला वेतन

छपरा ।जयप्रकाश विश्विद्यालय के विभिन्न पीजी विभाग एवं महाविद्यालयों में कार्यरत विभिन्न विषयों के नवनियुक्त शिक्षकों को एक वर्ष बीत जाने के बाद भी वेतन नही मिल पाया है।बिहार लोकसेवा आयोग तथा बिहार विश्वविद्यालय सेवा आयोग से बहाल होकर विभिन्न महाविद्यालयों में कार्यभार ग्रहण किये हुए नव नियुक्त शिक्षको को 6 से 12 माह तक हो गए हैं। वे अपनी सेवा लगातार दे रहें हैं, परंतु विश्वविद्यालय की लापरवाही कहें या और एक वर्ष बीतने के बाद भी वेतन नही मिलने से शिक्षकों के आर्थिक स्थिति को समझा जा सकता है।वहीं राज्य के अन्य विश्वविद्यालयों में मई माह तक सभी शिक्षकों को वेतन प्राप्त हो चुका है, लेकिन जेपीविवि के शिक्षकों को अब तक वेतन नही मिलना विश्वविद्यालय के कार्यशैली को दशार्ता है।हालांकि जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो प्रमेन्द्र वाजयेपी ने सभी कॉलेजों के प्राचार्य को पत्र लिखकर यह निर्देश जारी किया था कि अनुभव प्रमाण-पत्र एवं दिव्यांग का जिनको लाभ नही मिला है उन सभी शिक्षकों को पदभार ग्रहण करने से पचास प्रतिशत राशि या पचास हजार प्रति माह की दर से महाविद्यालय अपने आंतरिक स्रोत से शिक्षकों को वेतन भुगतान करें।लेकिन कई कॉलेजों द्वारा फंड नही होने या इकच्छाशक्ति के अभाव में शिक्षकों को वेतन जारी नही किया गया। राजेन्द्र महाविद्यालय प्रशासन द्वारा शिक्षकों को केवल एक माह का पचास हजार रुपये का भुगतान किया गया है। वहीं कुछ महाविद्यालय विश्वविद्यालय के पत्र के आदेश का पालन करते हुए शिक्षकों को पचास प्रतिशत राशि आंतरिक स्रोत से भुगतान किए हैं।राजेन्द्र महाविद्यालय जंतु विज्ञान विभाग में कार्यरत डॉ रंकेश कुमार जायसवाल को योगदान किये हुए एक वर्ष हो गए लेकिन उन्हें अब तक वेतन नही मिला है।उनका कहना है कि एक वर्ष बीतने के बाद भी विश्वविद्यालय स्तर से उनका डिटेल एचआरएमएस पोर्टल पर अपलोड नही किया गया है।इसी तरह ससमय पे आईडी, प्राण नंबर आदि आवश्यक दस्तावेज विश्वविद्यालय स्तर से नही बनने की वजह से शिक्षकों को वेतन भुगतान में देरी होने का प्रमुख कारण बताया जा रहा है।शिक्षकों ने विश्वविद्यालय प्रशासन से गुहार लगाई है कि उनकी आर्थिक समस्या को देखने हेतु शीघ्र वेतन भुगतान करने की दिशा में कार्यवाही करें।

# भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, अवैध शराब जब्त

## एसएसबी-पुलिस की रात में बड़ी कार्रवाई, मालवाहक वाहन से शराब का जखीरा जब्त

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी जिले के भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में सोमवार की देर रात सशस्त्र सीमा बल एसएसबी की 48वीं वाहिनी और बिहार पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध विदेशी मदिरा की एक भारी खेप जब्त की। यह संयुक्त जाच अभियान पिपरौन सीमा चौकी क्षेत्र के अंतर्गत सीमा स्तम्भ संख्या 287/26 से लगभग 4.5 किलोमीटर भीतर भारतीय भूभाग में चलाया गया था। कार्रवाई के दौरान रात्रि लगभग 2 बजकर 20 मिनट पर एक संदिग्ध मालवाहक वाहन (पंजीकरण संख्या एनएल-06ए8000) को जाँच बिंदु पर आते हुए देखा गया। वाहनचालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए भागने की कोशिश की, जिससे वाहन का धुरी (एक्सल) टूट गया और वह वाहन छोड़कर भाग गया। एसएसबी और पुलिस की संयुक्त टीम ने आसपास के क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान चलाया, किंतु आरोपी का कोई सुराग नहीं लग सका। इसके पश्चात मालवाहक वाहन की गहन जांच के दौरान उसमें एक विशेष रूप से बनाई गई तहखाना गुप्त कक्ष पाई गई, जिसमे बड़ी मात्रा में विदेशी मदिरा छिपाकर रखी गई थी। जब्त मदिरा में ऑफिसर्स चॉइस ब्रांड की 750 मिलीलीटर की 892 शीशियां (669 लीटर), 375 मिलीलीटर की 1088 शीशियां (408 लीटर) तथा 180 मिलीलीटर की 1886 शीशियां (339.48 लीटर) शामिल हैं। कुल जब्त मदिरा की मात्रा 1416.48 लीटर है। साथ ही अवैध परिवहन में प्रयुक्त मालवाहक वाहन को भी जब्त किया गया है।जब्त की गई समस्त सामग्री को विधिसम्मत प्रक्रिया के अंतर्गत हरलाखी थाना को सुपुर्द कर दिया गया है। इस संबंध में 48वीं वाहिनी के कमांडेंट गोविन्द सिंह भण्डारी ने कहा कि सीमा क्षेत्र में हर प्रकार की अवैध गतिविधियों पर एसएसबी की पैनी नजर है और इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

# आयुक्त की अध्यक्षता में इंदिरा गाँधी हृदय रोग संस्थान के रोगी कल्याण समिति के शासी निकाय की बैठक

पटना,। आयुक्त, पटना-सह-अध्यक्ष, रोगी कल्याण समिति, इंदिरा गाँधी हृदय रोग संस्थान, पटना डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने कहा है कि नागरिकों को सुगम, विश्वसनीय, गुणवत्तापूर्ण एवं सुदृढ़ स्वास्थ्य-सेवा उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। वे आज इंदिरा गाँधी हृदय रोग संस्थान, पटना के सभाकक्ष में इंदिरा गाँधी हृदय रोग संस्थान की रोगी कल्याण समिति के शासी निकाय की बैठक में पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। आयुक्त.डॉ. सिंह ने कहा कि इंदिरा गाँधी हृदय रोग संस्थान राज्य में स्वास्थ्य विभाग के तहत विशेष कार्डियक केयर के लिए राज्य का पहला अस्पताल है। यह सुपरस्पेशलिटि कार्डियोलॉजी हॉस्पिटल यूनिक विशिष्ट सरकारी अस्पताल है। उन्होंने कहा कि संस्थान द्वारा रोगियों के हित में अच्छा कार्य किया जा रहा है। दस मंजिले भवन में संचालित इस विशिष्ट सरकारी अस्पताल में हृदय रोग से संबंधित बीमारियों के इलाज के लिए रोगियों को सस्ते दर पर सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध है। सुविधाओं की गुणवत्ता बरकरार रखने के लिए सभी को सजग, तत्पर तथा प्रतिबद्ध होना पड़ेगा। आयुक्त डॉ. सिंह ने कहा कि विकसित बिहार एवं आत्मनिर्भर बिहार के सात निश्चय में सभी के लिए उत्तम स्वास्थ्य सुविधा का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसे प्रभावी, कुशल एवं जवाबदेह प्रणाली से ही हासिल किया जा सकता है। सभी स्टेकहोल्डर्स (हितधारक) इसके लिए प्रयत्नशील रहें। आज के बैठक में आयुक्त डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने इंदिरा गाँधी हृदय रोग संस्थान द्वारा मरीजों के कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की तथा अद्यतन प्रगति का जायजा लिया। रोगी कल्याण समिति द्वारा प्रस्तुत एजेंडा पर सदस्यों ने एक-एक कर चर्चा की। अस्पताल के प्रबंधन एवं संचालन पर विस्तृत विमर्श किया गया। मरीजों के हित में दवाओं एवं यंत्रों की उपलब्धता, ओपीडी तथा आईपीडी का संचालन, चिकित्सकों एवं कर्मियों की उपस्थिति, शौचालय, स्वच्छता सहित विभिन्न बिन्दुओं पर संस्थान के निदेशक-सह-सदस्य-सचिव, रोगी कल्याण समिति डॉ. सुनील कुमार द्वारा उपस्थापित प्रस्तावों पर समिति के सदस्यों ने चर्चा की। संस्थान के निदेशक ने आयुक्त के संज्ञान में लाया कि रोगी के कल्याण हेतु सरकार के द्वारा उपलब्ध मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष, बाल हृदय योजना, प्रधानमंत्री जन-आरोग्य योजना- आयुष्मान भारत, राष्ट्रीय बाल सुरक्षा स्वास्थ्य कार्यक्रम योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों और रोगियों के लिए पेसमेकर/बीएमवी/सीएमवी/वॉल्व रिप्लेसमेन्ट/सीएबीजी और कई अन्य कार्डियक प्रक्रियाओं के लिए मुफ्त जाँच एवं इलाज की जाती है। शिशु हृदय चिकित्सा एवं शिशु हृदय शल्य चिकित्सा की सुविधाओं को उन्नत किया गया है।

# पंचायत समिति की बैठक में अनियमितता व भ्रष्टाचार का छाया रहा मुद्दा, बैठक में चलता रहा भ्रष्टाचार का आरोप प्रत्यारोप का दौर

प्रात : किरण संवाददाता



मसौढ़ी ! प्रखंड मुख्यालय के सभा भवन में पंचायत समिति सदस्यों की बैठक आयोजित की गई ।बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख मोहम्मद सद्दाम हुसैन ने की ।बैठक की निगरानी कर रहे बीडीओ प्रभाकर कुमार ने सदन की कार्यवाही शुरू की एवं पंचायत समिति सदस्यों एवं प्रतिनिधियों द्वारा विकास कार्यों से जुड़े उठाए गए समस्याओं को गंभीरता से बैठक में लेकर उनके निदान का प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया ।बैठक में मुख्यालय के संबंधित विभागों से जुड़े प्रतिनिधियों के द्वारा लोक हित में उठाए गए सवालों पर विभागीय स्तर पर क्रियात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त की गई ।वहीं प्रखंड में लगभग आठ महीने से जेई नहीं हैं। जेई को जल्द प्रतिनियुक्ति किया जाए ।पंचायत के मुखिया ने बिचौलिया व भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाते हुए सदन से कहा कि आम जन उपरोक्त परेशान से ग्रस्त हैं, बिचौलियों के माध्यम से कोई भी कार्य आसानी से हो जाता है जबकि कोई आमजन उसी कार्य को लेकर महीनो चक्कर लगाते रहते हैं इस पर लगाम लगाई जाएं ।वही भगवानगंज पंचायत के मुखिया नरेंद्र कुमार ने सीडीपीओ पर आरोपी लगाते हुए बताया कि पंचायत बहुत से ऐसे भी आंगनबाड़ी केंद्र हैं जहां पर सेंटर नहीं खुलता है ।उन्होंने आरोप लगाया कि आंगनबाड़ी केंद्र लूट का अड्डा बन गया है। सभी पंचायत का रोस्टर बनाकर प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्रों की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करें ।उन्होंने कहा कि इस विभाग में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार व्याप्त है ।इस बैठक में मुख्य रूप से भ्रष्टाचार का मुद्दा छाया रहा। कई सदस्यों ने आरोप था कि आंगनबाड़ी केंद्र संचालकों से अवैध वसूली की जा रही है ।जब तक भ्रष्ट सीडीपीओ यहां रहेंगे तब तक इनके कार्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्र से भ्रष्टाचार नहीं मिटेगा। बैठक में स्थानीय विधायिका रेखा देवी उप प्रमुख मिल्टन सिंह मुखिया संघ के अध्यक्ष पिंकी कुमार रवि प्रकाश पिंटू कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे

# मग महामंडलेश्वर : डॉ श्रीदेव मिश्र ने किया दहेज छोड़ो, संस्कार जोड़ो का आह्वान

आरा। मग धर्म संसद की कार्यकारिणी बैठक महामंडलेश्वर डॉ. श्रीदेव मिश्र के आवास पर आयोजित किया गया इसमें करीब 12 सदस्यों के अलावा गुगल मीट के माध्यम से करीब 20 अन्य लोगों ने भाग लिया ।इस दौरान श्री मिश्र ने समाज के समक्ष एक अत्यंत संवेदनशील एवं आवश्यक विषय पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए दहेज जैसी सामाजिक कुरीति को समूल समाप्त करने का आह्वान किया। श्री मिश्र ने कहा कि आज समाज आर्थिक और शैक्षणिक रूप से प्रगति कर रहा है, लेकिन यदि विवाह जैसी पवित्र संस्था में धन का लेन-देन और सौदेबाजी का चलन बना रहेगा, तो हम सांस्कृतिक पतन की ओर बढ़ेंगे। डॉ. मिश्र ने यह भी कहा कि विवाह केवल दो व्यक्तियों का नहीं, दो परिवारों का भी पवित्र बंधन होता है, जिसे टिकाऊ और संस्कार आधारित बनाना समय की मांग है। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि विवाह की सफलता दहेज की रकम पर नहीं, बल्कि आपसी समझ, समर्पण और पारिवारिक मूल्यों पर निर्भर करती है। ब्रजधाम में सौर धर्म सम्मेलन दिनांक 14-15 मार्च 2026 को लेकर कई सुझाव दिया। विशेष उत्साह वर्धन करते हुए बैठक में आपने आगामी ब्रजधाम में आयोजित सौर धर्म सम्मेलन को सौर संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए एक ऐतिहासिक अवसर बनाने का विचार दिया। श्री मिश्र का सुझाव था कि यह सम्मेलन समाज को दिशा देने, संस्कारों का पुनर्जीवन दे और युवा पीढ़ी को धर्म, नीति और कर्तव्य से जोड़ने का एक प्रभावशाली मंच बने। अयोध्या सम्मेलन में चयनित सभी पदाधिकारी यथावत रहेंगे ।इस दौरान ब्रजधाम में आगामी सौर धर्म सम्मेलन आयोजन समिति का गठन किया गया। जिसके साथ पूर्व के सभी चयनित पदाधिकारी एवं सदस्य गण सहयोगी रहेंगे। उन्होंने कहा झ ह्लयदि हम चाहते हैं कि हमारी आने वाली पीढ़ियाँ गर्व से कहें कि हम सनातन संस्कृति के वारिस हैं, तो हमें अपनी आंतरिक बुराइयों से पहले लड़ना होगा। दहेज उन्मूलन और विवाह की पवित्रता की पुनर्स्थापना, इस दिशा में पहला कदम होगा ।ब्रजधाम में सम्मेलन की सफलता के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, सेवा और स्वाबलंबन पर सभी उपस्थित लोगों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। सुधार का मंत्र- समाज जागे, संगठित हो और साहस करे। श्री मिश्र का यह वक्तव्य समाज के लिए न केवल एक चेतावनी है, बल्कि एक दिशासूचक दीपक भी है। सौर धर्म संसद के मंच से यह उद्घोष कि ह्लअब समय आ गया है जब शादी में दिखावा नहीं, दीक्षा हो; लेन-देन नहीं, सेवा-संस्कार होंह्व, यह समाज में एक नए युग की ओर संकेत करता है।

# मुख्यमंत्री का निर्णय समाज के वंचित वर्गों के लिए एक बड़ा सहारा साबित होगा : पप्पू सिंह

अलीनगर। बिहार सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत बड़ा कदम उठाया है। अब विधवा महिलाओं, वृद्धजनों और दिव्यांगजनों को 400 रुपये की जगह 1100 रुपये पेंशन मिलेगी, जिससे 1 करोड़ 9 लाख 69 हजार 255 लाभार्थियों को लाभ होगा ।इस मौके पर संगठनात्मक जिला दरभंगा पूर्वी जिला महामंत्री संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आभार जताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का यह निर्णय समाज के वंचित वर्गों के लिए एक बड़ा सहारा साबित होगा ।महामंत्री श्री सिंह ने मुख्यमंत्री के इस निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि इससे समाज के सबसे कमजोर वर्गों को आर्थिक सुरक्षा और समर्थन मिलेगा। यह निर्णय न केवल आर्थिक सहायता प्रदान करेगा, बल्कि समाज के इन वर्गों को सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर भी प्रदान करेगा ।इस निर्णय से समाज में सकारात्मक बदलाव आएगा और वंचित वर्गों को अपने जीवन में सुधार लाने का अवसर मिलेगा।

# मारपीट की प्राथमिकी दर्ज

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर थाना क्षेत्र के महथी निवासी चंद्रभूषण सिंह के पुत्र कृष्णेश कुमार ने मारपीट की प्राथमिकी दर्ज करवाया है। जिसमें गांव के ही विमल सिंह , हेमंत सिंह,निर्मल कुमार, सुभाष रंजन सिंह, प्रशांत रंजन सिंह, आदित्य कुमार, अमरजीत कुमार, अनिरुद्ध कुमार को नामजद किया है ।घटना के संबंध में बताया है कि 17 जून की रात्रि मैं पूरे परिवार खाना खाकर सो गया था। तभी उपर्युक्त लोगों ने हरवे हथियार एवं लाठी डंडा से लैस होकर आया और मेरे घर की किवाड़ की छिटकी तोड़कर घर में प्रवेश कर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। बीच बचाव करने मेरी पत्नी आए तो उसके साथ भी मारपीट किया एवं मेरे पत्नी की गले से सोना का चैन, मंगलसूत्र, तकिए के नीचे रखा बाली,टीका नथुनी तथा मेरे गर्दन से सोना का चैन एवं बैग में रखा पच्चीस हजार रुपया ले लिया। पुनः मुझे बाहर खींचकर मारपीट करने लगा। बचाव करने पत्नी आई तो उसे भी मारपीट कर बेनग्न कर दिया। शोर होने पर बगल के लोग जुटकर डकैत का हल्ला किया तो सभी भाग गया। जख्मी अवस्था में ग्रामीणों द्वारा मुझे और मेरी पत्नी को विभूतिपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल समस्तीपुर रेफर कर दिया गया। पीड़ित ने घटना का कारण बताया है कि 1 महीने पहले मेरी शादी हुई है उक्त आरोपित की बहन मेरे घर बराबर आती थी। मेरे समान के बारे में सब कुछ जानती थी। उसी के कहने पर घटना का अंजाम दिया गया है।

# बीएनएमयू मधेपुरा के नवनियुक्त कुलसचिव डॉ अशोक को गुलदस्ता देकर किया स्वागत

प्रात : किरण संवाददाता



मधेपुरा । भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के अंतर्गत स्थाई संबंधन प्राप्त वीमेंस कॉलेज, कौशल्या ग्राम मधेपुरा के जंतु विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. लक्ष्मण कुमार एवं मनोविज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. ललन कुमार ने नवनियुक्त कुलसचिव डॉ. (प्रो.) अशोक कुमार ठाकुर को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया।

# राजपूत समाज के शिक्षा उत्थान हेतु बाबू कुंवर सिंह एजुकेशन फंड की वार्षिक बैठक सम्पन्न, अजय सिंह ने किया 2 लाख डोनेट




आरा। ए. एन. कॉलेज, पटना में बाबू कुंवर सिंह एजुकेशन फंड की वार्षिक आम बैठक एवं विशेष बैठक का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न हिस्सों से लोग उपस्थित हुए और बच्चों की शिक्षा के लिए सामूहिक योगदान देने का संकल्प लिया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) समरेन्द्र प्रताप सिंह ने की ।इस अवसर पर समाजसेवी अजय सिंह ने शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए कुल 2 लाख की राशि डोनेट की। शुरूआत में उन्होंने 1 लाख की सहायता प्रदान की, लेकिन कार्यक्रम में मौजूद छात्रों और समाज की भावनाओं को देखकर उन्होंने एक लाख रुपये और देने की घोषणा की। अपने संबोधन में अजय सिंह ने कहा, ह्लपैसे की कमी होने की वजह से अगर हमारे बच्चों की पढ़ाई में अगर बाधाएं आयें तो हमारे ऊपर लानत है, हम समाज का काम कर रहे हैं तो हमारा कर्तव्य बनता है कि हम अपने योगदान ऐसे संस्थाओं में दें और इसे सफल बनाएं। मैंने 1 लाख रुपये दिए थे पर यहाँ आने के बाद मुझे ऐसा लगा कि और कुछ किया जाए, तो मैं 1 लाख रुपये और इस संस्थान को देने का वादा करता हूँ।ह्व उन्होंने आगे कहा, ह्लराजपूत समाज के लोगों ने एकजुट होकर समाज के बच्चों की शिक्षा के लिए जो फंड जुटाने की पहल की है, वह प्रशंसनीय है। समय-समय पर इस फंड से जरूरतमंद विद्यार्थियों की मदद करने का यह एक सशक्त कदम है ।शिक्षा ही समाज के उत्थान का एकमात्र जरिया है।ह्व इस बैठक के माध्यम से एक बार फिर यह साबित हुआ कि संगठित प्रयासों से समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है, विशेषकर जब वह प्रयास शिक्षा जैसे बुनियादी क्षेत्र में हो।

# जदयू युवा प्रखंड के नेताओं का किया अभिनंदन


प्रात :किरण संवाददाता



विभूतिपुर/समस्तीपुर जनता दल यू विभूतिपुर की ओर से प्रखंड अध्यक्ष अशोक पटेल की अध्यक्षता में प्रखंड जदयू के युवा प्रखंड अध्यक्ष बैद्यनाथ प्रसाद शर्मा, मीडिया सेल के प्रखंड अध्यक्ष रमन कुमार, जिला मीडिया सेल के सचिव चांद बाबू, महिला सेल के प्रखंड नवनियुक्त अध्यक्ष चांदनी देवी का अभिनंदन किया गया। मौके पर पार्टी के राजनीति सलाहकार महेश्वर प्रसाद सिंह, जिला नेता सत्यनारायण राय, अंजनी कुशवाहा, तरुण सिंह, राम बहादुर सिंह, राम आशीष प्रसाद सिंह, रविंद्र कुमार, गोनर दास, कपिल देव राय, अशोक कुमार, दिनेश कुमार, कैलाश राय, विजय कुमार, श्याम सुंदर सिंह, अयोध्या पंडित आदि मौजूद थे।

# अनुभवी फॉरवर्ड ललित उपाध्याय ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी से लिया संन्यास

**एंटवर्प (एजेंसी)।** एफआईएच प्रो लीग में भारतीय हॉकी टीम का हिस्सा रहे अनुभवी फॉरवर्ड ललित कुमार उपाध्याय ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास ले लिया। बेल्जियम के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग 2024-25 सीजन के यूरोपीय चरण के भारत के अंतिम मैच के तुरंत बाद ललित ने सोशल मीडिया मंच के जरिए अंतरराष्ट्रीय हॉकी से अपने संन्यास लेने की घोषणा की।



उन्होंने इस दौरे पर चार मैचों में हिस्सा लिया और उन्होंने 15 जून को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना आखिरी मैच खेला था। ललित ने 2014 हॉकी विश्व कप में भारतीय टीम में पदार्पण किया। वह एक बेहतरीन प्लेमेकर रहे, जो नियमित आधार पर गोल भी करते थे, उन्होंने कुल मिलाकर सीनियर राष्ट्रीय टीम के लिए खेले 183 मैचों 67 गोल किए। पिछले कुछ वर्षों में, वह भारत की फॉरवड 'लाइन में एक विश्वसनीय नाम बन गए थे। वह अपनी बहुमुखी प्रतिभा, मैदान पर बुद्धिमत्ता और उच्च दबाव की स्थितियों में शांत व्यवहार के लिए जाने जाते हैं।

वह टोक्यो 2020 ओलंपिक में इतिहास रचने वाली टीम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा थे, जिसने भारत को लंबे समय से प्रतीक्षित कांस्य पदक जीतने में मदद की और पेरिस 2024 ओलंपिक में यह उपलब्धि दोहराई। ओलंपिक गौरव के अलावा ललित ने 2016 एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी, 2017 एशिया कप में भारत की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जहां उन्होंने चार गोल किए थे उनके पदकों से भरे करियर में ओडिशा पुरुष हॉकी विश्व लीग फाइनल 2017 में कांस्य, एफआईएच पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2018 में रजत, 2018 एशियाई खेलों में कांस्य और 2018 पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में स्वर्ण पदक शामिल हैं।

ललित एफआईएच प्रो लीग 2021-22 में तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम का भी हिस्सा थे और हांग्जो में एशियाई खेलों 2022 में स्वर्ण पदक जीता था। भारतीय हॉकी में उनके योगदान के लिए ललित को 2021 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए बांग्लादेश टीम घोषित

## नईम को करीब दो साल बाद मौका, पहला मुकाबला 2 जुलाई को



**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश ने श्रीलंका के खिलाफ खेले जाने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए टीम का ऐलान कर दिया है। इस स?क्वॉड में 16 प?लेयर्स को जगह दी गई है। इसमें कप्तानी की जिम्मेदारी मेहदी हसन मिराज को सौंपी गई है।

तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद और मुस्तफिजुर रहमान की चोट के बाद वापसी हुई है। इसके अलावा टी-20 कप्तान लिटन दास को टीम में शामिल किया गया है। वहीं, बाएं हाथ के ओपनर नईम शेख लगभग दो साल बाद वनडे टीम में लौटे हैं। बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच पहला टेस्ट मुकाबला ड्रॉ रहा था। दोनों टीमों के बीच दूसरा टेस्ट मुकाबला 25 जुलाई को खेला जाएगा। टेस्ट सीरीज के बाद दोनों टीमों के बीच वनडे सीरीज खेली जाएगी। पहला वनडे 2 जुलाई और दूसरा 5 जुलाई को कोलंबो में खेला जाएगा। तीसरा और आखिरी वनडे 8 जुलाई को पल्लेकेले में होगा।

- **सौम्य सरकार को नहीं मिला मौका** – चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने वाली पिछली टीम से मुशफिकुर रहीम और महमूदुल्लाह ने वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लिया है, जबकि सौम्य सरकार और नसुम अहमद को बाहर रखा गया है।
- **नईम ने बांग्लादेश की टीम के लिए खेले 8 वनडे मैच** – नईम शेख ने बांग्लादेश के लिए अपना आखिरी वनडे मैच साल 2023 में खेला था। उन्होंने अब तक 8 वनडे मुकाबले खेले हैं, जिसमें 95 रन बनाए। बांग्लादेश क्रिकेट टीम के चीफ सेलेक्टर गाजी अशरफ हुसैन ने कहा कि मुझे लगता है कि उसने अपनी बल्लेबाजी के पैटर्न को बदल दिया है। आपको समझना होगा कि हमने पांच तेज गेंदबाजों को चुना है क्योंकि कई प्लेयर्स चोट के बाद वापसी कर रहे हैं।
- **बांग्लादेश टीम** – मेहदी हसन मिराज (कप्तान), तंजीद हसन, परवेज हुसैन इमोन, नईम शेख, नजमुल हुसैन शांतो, तौहीद हृदोय, लिटन दास, जेकर अली अनिक, शमीम हुसैन, रिशाद हुसैन, तनवीर इस्लाम, मुस्तफिजुर रहमान, तंजीम हसन साकिब, तस्कीन अहमद, नाहिद राणा।

इंडिया-इंग्लैंड टेस्टः

# राहुल-पंत के शतक भारत की बढ़त 270 रन



**लीड्स, एजेंसी।** भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले मैच की दूसरी पारी में शतक जड़ दिया है। राहुल ने 202 गेंदों पर शतक पूरा किया। उनके साथ पंत ने भी 130 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया।

# 'वह कोहिनूर हीरे की तरह कीमती है'

## दिनेश कार्तिक ने बुमराह की तारीफ की



**स्पोर्ट्स डेस्क।** जसप्रीत बुमराह ने हेडिंग्ले में इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती टेस्ट में 5 विकेट लेने से मेहमान टीम को 465 पर रोकने में अहम भूमिका निभाई जिससे भारत को पहली पारी में 6 रन की मामूली बढ़त मिली। बुमराह की गेंदबाजी देख भारत के पूर्व क्रिकेटर दिनेश कार्तिक ने उनकी तुलना कोहिनूर हीरे से की जो सभी रत्नों में सबसे दुर्लभ और सबसे कीमती है।

कार्तिक ने बताया, वह कोहिनूर हीरे की तरह कीमती है। मुझे उम्मीद है कि लोग समझेंगे कि वह सभी प्रारूपों में टीम के लिए कितना महत्वपूर्ण है। वह किसी भी प्रारूप, गेंदबाजी चरण और किसी भी तरह की गेंद पर अपना काम का बखूबी से अंजाम देगा। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उसके पास वह दिमाग है जो जानता है कि बल्लेबाज क्या करने की कोशिश कर रहा है और उसने इसे बहुत अच्छी तरह से समझा है। खेल के इतिहास में 200 से अधिक विकेट लेने वाले किसी भी गेंदबाज के लिए, उसका औसत सबसे अच्छा है, और यह आपको बताता है कि वह बहुत खास है।

बुमराह ने टेस्ट में 14वें पांच विकेट हॉल के साथ कपिल देव के रिकॉर्ड की बराबरी की। उनका प्रदर्शन मुख्य आकर्षण था क्योंकि उन्हें अन्य भारतीय तेज गेंदबाजों से बहुत कम समर्थन मिला और कई मौके छूटे। शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने सामूहिक रूप से केवल तीन विकेट के लिए 288 रन दिए। बुमराह एकमात्र खिलाड़ी रहे जिन्होंने इंग्लिश बल्लेबाजी इकाई को बैकफुट पर रखा। इस स्पेल में बुमराह ने विदेशी धरती पर कपिल देव के 12 बार 5 विकेट लेने के रिकॉर्ड की बराबरी भी की, लेकिन उन्होंने यह कारनामा सिर्फ 34 मैचों में किया है जबकि कपिल ने 66 मैचों में ऐसा किया है। अब उनके नाम इंग्लैंड में 42 टेस्ट विकेट हैं और वह भारतीय गेंदबाजों में केवल इशांत शर्मा (51) और कपिल देव (43) से पीछे हैं।

# अल्काराज ने क्वींस क्लब चैंपियनशिप जीता

## बोले- ग्रास पर शानदार महसूस कर रहा हूं, विंबलडन में लगातार तीसरा खिताब जीतने उतरेंगे



**स्पेन (एजेंसी)।** स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने विंबलडन से 8 दिन पहले लंदन में ग्रास कोर्ट पर खेले गए टेनिस टूर्नामेंट क्वींस क्लब चैंपियनशिप जीत लिया है। उन्होंने फाइनल में चेक के जिरी लहेच्का को 7-5, 6-7, 6-2 से हराकर दूसरी बार यह खिताब जीता है। इसके साथ ही उनकी जीत का सिलसिला 18 मैचों तक पहुंच गया, जो उनके करियर का सबसे लंबा विजयी क्रम है। यह उनका चौथा ग्रास कोर्ट खिताब है। अब केवल सर्बिया के नोवाक जोकोविच ही उनसे ज्यादा ग्रास कोर्ट खिताब (आठ) जीतने वाले एक्टिव मेंस प्लेयर हैं।

**चार या उससे ज्यादा ग्रास कोर्ट खिताब जीतने वाले तीसरे स्पेनिश खिलाड़ी** – अल्काराज चार या उससे ज्यादा ग्रास कोर्ट खिताब जीतने वाले पांचवें सक्रिय पुरुष खिलाड़ी हैं। स्पेन के केवल तीन खिलाड़ियों राफेल नडाल, फेलिसियानो लोपेज और अल्काराज ने चार ग्रास कोर्ट खिताब जीते हैं। लेकिन अल्काराज ने यह उपलब्धि 22 साल की उम्र में हासिल की, जबकि नडाल 29 और लोपेज 37 साल के थे।

**ग्रास कोर्ट पर अब मैं सहज हो गया हूं** – जीत के बाद अल्काराज ने कहा कि मिट्टी के कोर्ट से ग्रास के कोर्ट पर आना आसान नहीं था। उन्होंने बताया, मिट्टी से ग्रास पर सिर्फ दो दिन की प्रैक्टिस के बाद आना मुश्किल था। मैं बिना किसी उम्मीद के यहां आया था। मेरा लक्ष्य सिर्फ दो-तीन मैच खेलकर ग्रास पर सहज होना था। लेकिन मैं जल्दी ही ग्रास पर ढल गया और मुझे इस पर गर्व है। अल्काराज ने इससे पहले 8 जून को फ्रेंच ओपन के खेले गए फाइनल में इटली के जैनिक सिनर को हरा कर अपना पांचवां ग्रैंड स्लैम जीता था। फ्रेंच ओपन क्ले कोर्ट (लाल मिट्टी) पर खेला जाता है। वहीं, स्पेनिश खिलाड़ी स्पेन में क्ले कोर्ट पर ही प्रैक्टिस करते हैं।

**अल्काराज विंबलडन में लगातार तीसरा खिताब जीतने उतरेंगे** – अब अल्काराज विंबलडन में लगातार तीसरा खिताब जीतने की कोशिश करेंगे। ओपन एरा में केवल तीन पुरुष खिलाड़ियों ब्योर्न बोर्ग, पीट सैम्प्रास और रोजर फेडरर ने कम से कम तीन बार लगातार विंबलडन खिताब जीता है।

# सुनील गावस्कर बने इस भारतीय ओपनर राहुल के मुरीद

## कहा- वो खुद नहीं जानता अपने टैलेंट की गहराई



**लीड्स (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर टीम इंडिया के बल्लेबाज केएल राहुल के मुरीद हो गए हैं। सुनील गावस्कर के मुताबिक भारत का यह क्रिकेटर खुद नहीं जानता कि वह कितने प्रतिभाशाली क्रिकेटर है। सुनील गावस्कर का मानना है कि केएल राहुल पूरी तरह से एक टीम मैन हैं, लेकिन भारत के इस ओपनिंग बल्लेबाज को अभी भी अपनी असली क्षमता का एहसास नहीं है। केएल राहुल ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली इनिंग्स में 78 गेंदों में 8 चौकों पर 42 रन बनाए जबकि दूसरी इनिंग्स में 75 गेंदों पर 7 चौकों की मदद से 47 रन पर खेल रहे हैं। गावस्कर ने कहा, %केएल राहुल को टेस्ट टीम में अपनी जगह बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ा है, वह बैटिंग ऑर्डर में अलग-अलग स्थानों पर खेलते रहे हैं। रोहित शर्मा के संन्यास ने उनके लिए ओपनिंग में यशस्वी जायसवाल के साथ जोड़ी बनाने का रास्ता खोल दिया है। वह पूरी तरह से टीम मैन है। उन्हें विकेटकीपिंग करने के लिए भी कहा गया है। वह टीम के लिए ऐसा करते हैं और यही आप टीम में चाहते हैं। पूर्व क्रिकेटर ने कहा, आप देख सकते हैं कि वह परिस्थिति के हिसाब से कैसे प्रतिक्रिया करते हैं। उनमें एक तरह का संतुलन है, जो बहुत दुर्लभ है क्योंकि आज के समय में जहां हर किसी को यह दिखाने के लिए कुछ करना पड़ता है कि उन्होंने कुछ हासिल किया है, उनका जश्न भी शांत रहता है।

# मैंने टीम में अपनी जगह को लेकर हो रही चर्चाओं पर ध्यान नहीं दिया: ओली पोप

**लीड्स (एजेंसी)।** इंग्लैंड की पहली पारी में शानदार शतक लगाने वाले शीर्ष क्रम के बल्लेबाज ओली पोप ने कहा कि पिछले साल भारत के खिलाफ उसकी धरती पर खेली गई टेस्ट श्रृंखला में असफल रहने के बाद टीम में उनकी जगह को लेकर हो रही चर्चाओं पर ध्यान न देने से उन्हें वापसी करने में मदद मिली।



इंग्लैंड के उप-कप्तान पोप ने पिछले साल भारत के खिलाफ हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट में 196 रन बना कर शानदार शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद जसप्रीत बुमराह और भारतीय स्पिनर ने उनकी कमजोरी का खुलासा करने में देर नहीं लगाई। वह अगले चार मैच में केवल 40 रन बना पाए जिससे टीम में उनकी जगह को लेकर चर्चा होने लगी थी। भारत के खिलाफ यहां पहले टेस्ट मैच में 106 रन बनाने वाले पोप ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद कहा, 'मैंने कोशिश की है कि इन चर्चाओं का मुझ पर ज्यादा असर न पड़े।

उन्होंने कहा, 'मैं बस यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहा हूं कि मेरा खेल यथासंभव बेहतर स्थिति में रहे और जब मैं बल्लेबाजी के लिए मैदान में उतरूं तो मौके का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करूं। मैंने बाहर हो रही चर्चाओं पर ध्यान नहीं दिया और खुद को मानसिक रूप से मजबूत करने और अपने खेल को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित किया। पोप ने अपनी मानसिकता में बदलाव लाने की कोशिश की है, जिससे उन्हें अपने पहले 30 रन तक पहुंचने के लिए बहुत अधिक दबाव महसूस नहीं होता और फिर वह बड़ी पारी खेलने के लिए तैयार हो जाते हैं।

उन्होंने कहा, 'यह अपने खेल को थोड़ा बेहतर बनाने का प्रयास है। यह प्रक्रिया से जुड़ा है जिसका मैं पूरा आनंद लेकर आगे बढ़ना चाहता हूं। मैं रन बनाने के लिए किसी तरह की जल्दबाजी नहीं दिखाना चाहता हूं।

# पृथ्वी शॉ मुंबई छोड़ने के लिए तैयार, दूसरे राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए मांगी एनओसी

**मुंबई (एजेंसी)।** पृथ्वी शॉ ने मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मांगा है। उम्मीद है कि वह दूसरे राज्य के लिए खेल सकते हैं। भारत के सबसे प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों में से एक 25 वर्षीय बल्लेबाज असंगत प्रदर्शन और ऑफ-फील्ड मुद्दों के लंबे दौर के बाद अपने गृह राज्य से दूर एक नई शुरुआत करना चाहता है। एक वरिष्ठ एमसीए अधिकारी के हवाले से एक न्यूज रिपोर्ट में कहा गया, उन्होंने हमसे ह्श्पष्ट मांगी है और हम जल्द ही इस पर निर्णय लेंगे।%



शॉ का पिछले कुछ सत्रों में मुंबई के चयनकर्ताओं के साथ संबंध लगातार खराब होता गया है जिसका मुख्य कारण लगातार फिटनेस संबंधी चिंताएं हैं। शॉ को अपनी फिटनेस पर ध्यान देने को भी कहा गया था लेकिन उन्होंने कई बार एमसीए की बातों को नजरअंदाज किया है। रिपोर्ट्स के अनुसार शॉ को दो से तीन अन्य राज्यों से रुचि मिली है। अगर उन्हें एनओसी मिल जाती है, तो वे 2025-26 के घरेलू सत्र के लिए किसी अन्य राज्य की टीम के साथ पंजीकरण कर सकते हैं।

खराब फिटनेस रिपोर्ट के बाद स्टार बल्लेबाज को रणजी ट्रॉफी टीम से बाहर कर दिया गया था। टीम प्रबंधन ने एमसीए को सूचित किया था कि शॉ का बॉडी फैट प्रतिशत अधिक है। उन्हें अपने स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करने के लिए दो सप्ताह के विशेष फिटनेस कार्यक्रम में भी शामिल होने का निर्देश दिया गया था। हालांकि, बार-बार चेतावनी के बावजूद शॉ आवश्यक फिटनेस मांगों को पूरा करने में असमर्थ रहे।

एमसीए की चयन समिति ने कथित तौर पर शॉ से यह भी कहा कि जब तक वह अतिरिक्त वजन कम नहीं कर लेते और अपनी स्थिति में सुधार नहीं कर लेते, तब तक उन्हें चयन के लिए नहीं चुना जाएगा। नतीजतन उन्हें दिसंबर (2024) में विजय हजारे ट्रॉफी टीम से भी बाहर कर दिया गया। घरेलू और आईपीएल अभियान में निराशाजनक प्रदर्शन भी शॉ के अनुकूल नहीं हैं।

# रोहित शर्मा के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 18 साल पूरे, खास दिन पर सोशल मीडिया पर जताया आभार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जून 2007 में आयरलैंड के खिलाफ 20 वर्षीय रोहित शर्मा ने 18 साल पहले आज ही के दिन (23-6-2007) अपना अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू किया था। भारत के लिए दो बार आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाले कप्तान ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 18 साल पूरे करने पर अपना आभार व्यक्त किया।

'हिटमैन' ने खास मौके पर अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट किया, 'हमेशा आभारी, 23.06.07।' रोहित की कप्तानी में भारत 2023 में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचा और अगले साल एकदिवसीय विश्व कप के फाइनल में पहुंचा, हालांकी टीम दोनों बार ट्रॉफी से चूक गया। उन्होंने 2024 में भारत को टी20 विश्व कप खिताब दिलाकर आईसीसी ट्रॉफी के 13 साल के इंतजार को खत्म किया और फिर 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी जीतकर फैंस और देशवासियों को एक बार फिर से खुश होने का मौका दिया।

रोहित 2024 में 150 से अधिक टी-20 में खेलने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए, हालांकि उन्होंने भारत की टी20 विश्व कप जीत के बाद इस प्रारूप से संन्यास की घोषणा की। शर्मा ने सभी प्रारूपों में 499 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 19,700 रन बनाए हैं। उनके नाम वनडे में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर का रिकॉर्ड है, उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ नाबाद 264 रन बनाए थे।

टी20आई में रोहित अब तक के सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने 159 मैचों में 32.05 की औसत से 4,221 रन बनाए हैं जिसमें 140 से अधिक की स्ट्राइक रेट 5 शतक (किसी खिलाड़ी द्वारा सबसे अधिक) और 32 अर्द्धशतक शामिल हैं, और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 121* है। पिछले साल उन्होंने दो बार के टी20 विश्व कप चैंपियन के रूप में टी20आई से संन्यास ले लिया। टी20आई कप्तान के रूप में उन्होंने भारत के लिए 62 मैचों में से 49 जीते हैं, 12 हारे हैं और एक टाई किया है।

दुनिया ने रोहित को एक सफेद गेंद के बल्लेबाज के रूप में देखा, क्रिकेट का एक ऐसा रूप जिसमें उन्होंने अपना दबदबा बनाया है। 273 वनडे और 265 पारियों में, उन्होंने 32 शतकों और 58 अर्द्धशतकों के साथ 48.76 की औसत से 11,168 रन बनाए हैं। वनडे में उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 264 है। वह तीन वनडे दोहरे शतक लगाने वाले एकमात्र बल्लेबाज हैं। वह वनडे में भारत के चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं और कुल मिलाकर 10वें स्थान पर हैं।



टेस्ट में रोहित ने 67 टेस्ट और 116 पारियों में 40.57 की औसत से 4,301 रन बनाए हैं जिसमें 12 शतक और 18 अर्द्धशतक शामिल हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 212 रन रहा है। वह आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में भारत के अग्रणी रन-बनाने वाले हैं जिन्होंने 40 टेस्ट में 41.15 की औसत से 2,716 रन बनाए हैं जिसमें 69 पारियों में 9 शतक और आठ अर्द्धशतक शामिल हैं।

रोहित ने वनडे में भारत की अगुवाई करते हुए 56 मैचों में से 42 जीते हैं, सिर्फ 12 हारे हैं, एक टाई रहा है और एक बेनतीजा रहा है। 50 ओवर के विश्व कप के दौरान हिटमैन विश्व कप के इतिहास में भारत के तीसरे सबसे ज्यादा और कुल मिलाकर चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 28 मैचों में 60.57 की औसत, सात शतक और छह अर्द्धशतक के साथ 1,575 रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 140 है।

रोहित के नाम एक विश्व कप में सबसे ज्यादा शतक लगाने का रिकॉर्ड है। उन्होंने यूके में 2019 विश्व कप के दौरान पांच शतक बनाए, जहां उन्होंने 9 मैचों में 81.00 की औसत के साथ 648 रन बनाए। चैंपियंस ट्रॉफी की बात करें तो वह 15 पारियों में 47.21 की औसत, एक शतक और पांच अर्द्धशतक के साथ 661 रन बनाकर सातवें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले और भारत के चौथे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हैं।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com | epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran | @Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार

### नोएडा में ई-रिक्शा को बना दिया था छोटा हाथी, पुलिस ने ठोका मोटा चालान

**नोएडा , एजेंसी।** नोएडा की सड़कों पर एक ई-रिक्शा ऐसा दौड़ा कि देखने वालों की आंखें फटी रह गईं। यह रिक्शा न तो सामान्य था और न ही इसका लोड हल्का। लोहे के भारी-भरकम सामान से ठसाठस भरा यह ई-रिक्शा, सड़क पर खतरे की घंटी बनकर चल रहा था। नोएडा यातायात पुलिस ने इस छोटे हाथी को पकड़कर न सिर्फ सबक सिखाया, बल्कि 22,500 रुपये का मोटा चालान भी ठोक दिया। 20 जून को नोएडा के एफएनजी एक्सप्रेसवे पर यह हैरान करने वाला नजारा देखा गया। एक ई-रिक्शा चालक ने न केवल अपनी गाड़ी को ओवरलोड किया, बल्कि इसे इतने खतरनाक तरीके से चलाया कि सड़क पर मौजूद लोग दहशत में आ गए। रिक्शा की छत और दोनों तरफ लोहे का सामान इस कदर लटक रहा था कि वह कभी भी गिर सकता था। इस खतरनाक करतब का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में ई-रिक्शा का नंबर साफ दिखाई दे रहा था, जिसके आधार पर यातायात पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। जांच में पता चला कि चालक ने न केवल ओवरलोडिंग के नियमों की धज्जियां उड़ाईं, बल्कि सड़क सुरक्षा को भी ताक पर रखा। पुलिस ने चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर 22,500 रुपये का चालान जारी किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, और नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### दिव्यांग व्यक्ति की हत्या के आरोप में मेइती संगठन का एक नेता गिरफ्तार

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले में एक दिव्यांग व्यक्ति की हत्या में कथित संलिप्तता के लिए मेइती संगठन अरम्बाई तेंगोल (एटी) के एक नेता को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को एक बयान में बताया कि गिरफ्तार एटी नेता की पहचान युमनाम हुइड्रोम थियाम लीशांगखोंग निवासी लोंगजाम खाबा सिंह (35) के रूप में हुई है। वह पाओबिटेक मयाई लेइकाई के मोहम्मद चेसम अब्दुल कादिर की हत्या का मुख्य आरोपी है। इसमें बताया गया है कि उसे रविवार को पुथिबा लाईबुंग कॉम्प्लेक्स के पास मोंगसांगेई माखा लीकाई अरुबाम लीकाई से गिरफ्तार किया गया है। बयान के अनुसार, अभी तक इस हत्या के संबंध में एटी के सात सदस्यों समेत 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। चेसम 11 जून की मध्यरात्रि को लापता हो गया था और बाद में उसका शव इंफाल पश्चिम जिले में सामुरोऊ नाओरेम में मिला था, जहां उसे दफना दिया गया था। बयान में कहा गया है कि 17 जून को एक कार्यकारी मजिस्ट्रेट, फोरेंसिक टीम और परिवार के सदस्यों की मौजूदगी में शव को बाहर निकाला गया। इस हत्या के विरोध में प्रदर्शन हुए और इंफाल घाटी में कई मुस्लिम संगठनों ने इसकी निंदा की थी।

### स्वर्ण आभूषण के आपूर्तिकर्ता से लाखों रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में जौहरी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**ठाणे, एजेंसी।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने सोने के आभूषण की आपूर्ति करने वाले व्यक्ति से 93.5 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में एक जौहरी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि आरोपी की शाहपुर क्षेत्र के खरदी में एक दुकान है और उसने पिछले तीन वर्षों में आपूर्तिकर्ता से 950 ग्राम सोने के आभूषण खरीदे हैं। कल्याण के बाजारपेठ पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि कई बार याद दिलाने के बावजूद आरोपी ने आपूर्तिकर्ता को खरीदे गए सामान के लिए 93.5 लाख रुपये का भुगतान नहीं किया। उन्होंने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने रविवार को आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 316(2) (आपराधिक विश्वासघात) और 318(4) (धोखाधड़ी) के तहत प्राथमिकी दर्ज की।

# राजस्थान में जून में ही बारिश का बंपर बोनस, 24 जिलों में रिकॉर्ड टूटे

**जयपुर, एजेंसी।**
राजस्थान में इस बार मानसून की धमाकेदार एंट्री हुई है। 18 जून को प्रदेश में प्रवेश करने के बाद सिर्फ 5 दिन में ही मानसून ने जून महीने की औसत बारिश का कोटा पूरा कर दिया। अब तक (1 जून से 22 जून तक) राज्य में कुल 70.2 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई है, जबकि पूरे जून माह की औसत बारिश सामान्यतः 55 मिमी होती है। यह आंकड़ा साफ संकेत देता है कि इस बार प्रदेश में मानसून की रफ्तार तेज है। पिछले साल की तुलना में इस बार बेहतर बारिश दर्ज की गई है। जून 2024 में पूरे महीने में केवल 50.3 मिमी बारिश हुई थी, जो औसत से करीब 9 फीसदी कम थी। वहीं इस बार जून के तीसरे हफ्ते में ही राज्य औसत से काफी आगे निकल चुका है। जिलेवार आंकड़ों की बात करें तो 24 ऐसे जिले हैं जहां जून महीने की औसत बारिश से भी ज्यादा पानी अब तक बरस चुका है। इन जिलों में अधिकतर जिले पूर्वी राजस्थान के हैं। सबसे ज्यादा बारिश कोटा और भीलवाड़ा जिलों में दर्ज की गई है। कोटा में 1 से 22 जून के बीच 164.8 मिमी बारिश हो चुकी है, जबकि यहां जून की




औसत बारिश 90 मिमी मानी जाती है। यानी इस बार कोटा में औसत से 83 फीसदी ज्यादा बारिश हो चुकी है। इसी तरह भीलवाड़ा में 163.3 मिमी पानी बरस चुका है, जो औसत (66.4 मिमी) से करीब 146 फीसदी ज्यादा है। पाली, नागौर, जोधपुर, जालोर, चूरू, टोंक, सिरोही, सीकर, सवाई माधोपुर, राजसमंद, कोटा, करौली, झुंझुनूं, जयपुर, धौलपुर, दौसा, चित्तौड़गढ़, बूंदी, भीलवाड़ा, भरतपुर, बारां, बांसवाड़ा, अलवर और अजमेर जैसे जिलों में भी जून माह की सामान्य बारिश का आंकड़ा पार हो चुका है। इन जिलों में किसानों और ग्रामीणों के चेहरों पर राहत की मुस्कान है। जलभराव और सिंचाई के लिए पानी की स्थिति बेहतर होती दिख रही है। जिससे आगामी कृषि सीजन के लिए अनुकूल माहौल बन रहा है। राज्य के पश्चिमी हिस्से में मानसून की स्थिति अब भी कमजोर बनी हुई है। खासकर जैसलमेर जिले में अब तक सबसे कम बारिश हुई है। 1 जून से 22 जून के बीच यहां केवल 1.3 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जबकि यहां जून महीने की औसत बारिश 24.6 मिमी होती है।

# तालाब की खुदाई के दौरान निकलने लगे नरकंकाल, एक तो 8 फीट लंबा; मिलीं अजीब चीजें

**जींद , एजेंसी।**
हरियाणा के जींद जिले के जुलाना के गांव देवरड़ में रविवार को मनरेगा योजना के तहत चल रही तालाब की खुदाई के दौरान 10 नर कंकाल मिलने से सनसनी फैल गई। एक कंकाल की लंबाई 8 फुट के आसपास है, जो सामान्य मानव कद से अधिक है। इसके साथ ही मिट्टी से निकले जबड़े और अन्य हड्डियां आम इंसान के शरीर से कहीं बड़ी बताई जा रही हैं। खुदाई में कुछ टूटे-फूटे मटके और मिट्टी के बर्तन भी मिले हैं, जिससे पता चलता है कि ये अवशेष काफी पुराने हैं।

गांव देवरड़ मनरेगा के तहत दो महीने से तालाब की खुदाई का काम जारी था, जिसमें रोजाना 50 से 60 मजदूर लगे हुए थे। रविवार को खुदाई के दौरान एक नर कंकाल मिला जिससे मजदूर डर गए। आनन-फानन में उन्होंने सरपंच को मामले की जानकारी दी। इसके बाद बीडीपीओ को सूचित किया गया। जैसे-जैसे मजदूर खुदाई करते गए, एक के बाद एक नर कंकाल मिलते गए। कुल 10 नर कंकाल मिले और



पुराने युग के मटके व कुछ बर्तन भी मिट्टी से निकले। हैरानी की बात ये है कि ये सभी नर कंकालों की लंबाई सामान्य इंसान की लंबाई से कहीं अधिक थी। हड्डियों की लंबाई भी ज्यादा थी।

जुलाना के बीडीपीओ प्रतीक जांगड़ा ने बताया कि खुदाई के दौरान कंकाल मिलने की सूचना पर काम को तत्काल रोक दिया गया है और जांच टीम को मौके पर भेजा गया है। जांच के बाद ही आगे की खुदाई का निर्णय लिया जाएगा। इन कंकालों की सटीक जानकारी के लिए पुरातत्व विभाग और वैज्ञानिकों की मदद ली जाएगी, ताकि यह पता चल सके कि यह मानव अवशेष किस कालखंड से संबंधित हैं और इनकी असामान्य लंबाई का रहस्य क्या है। वहीं, मजदूरों और ग्रामीणों का दावा है कि जिस ढंग से हड्डियां दबी थीं, उससे लगता है कि ये सुनियोजित तरीके से दफनाए गए शव हैं। गांव के बुजुर्गों ने बताया कि आजादी से पहले इस जगह पर मुस्लिम समुदाय का कब्रिस्तान होता करता था।

जो बाद में बंजर हुआ और तालाब में तब्दील कर दिया गया। इससे पहले कभी किसी खुदाई में कंकाल नहीं मिले थे, लेकिन इस बार जब तालाब को गहरा किया जा रहा था, तो गुजरे समय की परतें खुल गई।

# गुरुग्राम में होटल ले जा छात्र से बनाती थी संबंध; स्कूल टीचर अरेस्ट, बचने के लिए हाईकोर्ट तक गई

**चंडीगढ़ , एजेंसी।**
गुरुग्राम के एक नामी स्कूल की टीचर को अपने ही स्टूडेंट से यौन संबंध बनाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। छात्र नाबालिग था और 12वीं कक्षा में पढ़ता था। पुलिस ने आरोपी टीचर को अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। यौन उत्पीड़न की शिकायत छात्र के पिता ने धारूहेड़ा थाना पुलिस को दी थी।

टीचर ने गिरफ्तारी से बचने के लिए पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत की याचिका दायर की लेकिन अदालत द्वारा याचिका खारिज कर दिए जाने के बाद धारूहेड़ा थाना पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

रेवाड़ी के धारूहेड़ा क्षेत्र का एक स्टूडेंट गुरुग्राम के नामी स्कूल में 12वीं कक्षा में पढ़ता है। इसी स्कूल की टीचर उससे दिल लगा बैठी। आरोप है कि





टीचर ने उसे अलग-अलग समय पर होटलों में बुलाकर यौन संबंध स्थापित किए। कुछ दिनों तक छात्र ने इस बारे में अपने परिजनों को कुछ नहीं बताया लेकिन फिर उसने अपने पिता इस घटनाक्रम की जानकारी दी। छात्र ने पिता को बताया कि उसकी टीचर जबरन होटल में ले जाकर यौन संबंध बनाती है। इसके बाद 3 मार्च को पिता ने इसकी शिकायत धारूहेड़ा थाना पुलिस को दी। उन्होंने पुलिस को कई वीडियो भी सौंपे। ये वीडियो खुद छात्र ने बनाए थे, जिनमें अध्यापिका उसके साथ शारीरिक संबंध बनाती नजर आ रही है। पुलिस ने 13 मार्च को टीचर के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया।

35 साल की आरोपी टीचर शादीशुदा है। वह छात्र को होटलों में ले जाती थी। जून 2024 में वह उसे रेवाड़ी के एक होटल में ले गई, जहां उसने फिर से छात्र का यौन शोषण किया। जब धारूहेड़ा की एक सोसाइटी में उसने अपना नया घर लिया तो वह छात्र को वहां भी बुलाने लगी। छात्र का आरोप है कि अध्यापिका ने अपने नए घर में भी उसका कई बार यौन शोषण किया। वह छात्र को अच्छे नंबर दिलाने का लालच देती थी, जिससे छात्र ने परिजनों को इस बारे में कुछ नहीं बताया लेकिन वह तंग आ गया तो परिजनों को जानकारी दी।

# ईरान पर हमले से अमेरिकी संसद में घमासान, ट्रंप के एकतरफा फैसले से फंसी रिपब्लिकन पार्टी

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।**
ईरान के खिलाफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का अचानक सैन्य हमला अब घरेलू राजनीति में भी भारी हलचल मचा रहा है। ट्रंप ने कांग्रेस की पूरी जानकारी के बिना ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला करने का फैसला लिया, जिससे अमेरिकी संसद में नया विवाद खड़ा हो गया है। खास बात यह रही कि व्हाइट हाउस ने हमले से पहले सिर्फ रिपब्लिकन नेताओं को जानकारी दी, डेमोक्रेट्स यानी विपक्षी पार्टी को लगभग नजरअंदाज ही कर दिया गया।

सीनेट डेमोक्रेट नेता चक शूमर को हमले से ठीक पहले औपचारिक सूचना दी गई, जबकि हाउस डेमोक्रेट नेता हकीम जेफ्रीज तक खबर ट्रंप के ऐलान के बाद पहुंची। कांग्रेस की इंटेलिजेंस कमेटी के टॉप डेमोक्रेट जिम हाइम्स ने कहा कि उन्हें हमले की जानकारी सोशल मीडिया के जरिए मिली, जो बेहद शर्मनाक बात है। उन्होंने कहा कि यह न सिर्फ गलत बल्कि असंवैधानिक भी है कि संसद को विदेश नीति जैसे गंभीर मुद्दे पर चर्चा का मौका नहीं दिया गया।

**ट्रंप की पार्टी में ही बढ़ रहा विवाद:** ट्रंप का यह कदम उनकी ही पार्टी में भी विवाद का कारण बन गया है। हाउस सांसद थॉमस मैसी और डेमोक्रेट सांसद रो खन्ना ने मिलकर वॉर पॉवर्स रेजोल्यूशन पेश किया है, जो बिना संसद की मंजूरी के ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने की मांग करता है। ट्रंप के इस फैसले को लेकर रिपब्लिकन पार्टी में भी दो धड़े बनते नजर आ रहे हैं। ट्रंप के कट्टर समर्थक भी अब उनसे नाराज दिख रहे हैं।

**ईरान से युद्ध नहीं- जेडी वेंस:** खास बात यह भी है कि ट्रंप प्रशासन ईरान के खिलाफ इस अभियान को युद्ध नहीं बल्कि परमाणु कार्यक्रम को रोकने की कार्रवाई बता रहा है। उपराष्ट्रपति जेडी वेंस




ने कहा हम ईरान से युद्ध नहीं कर रहे, हम उसके परमाणु कार्यक्रम से लड़ रहे हैं। दूसरी ओर, ट्रंप ने अपनी ही पार्टी के सांसद थॉमस मैसी पर हमला बोला और उन्हें हारने वाला बताते हुए कहा कि वह उनके खिलाफ ही चुनाव प्रचार करेंगे। इस बीच, कांग्रेस में इस हफ्ते ईरान मुद्दे पर कई अहम प्रस्तावों पर वोटिंग होनी है। इसमें बिना संसद की मंजूरी के अमेरिकी सेना को ईरान में तैनात करने पर रोक लगाने का प्रस्ताव भी शामिल है। हाउस में भी दोनों पार्टियों के सांसदों ने मिलकर इसी तरह का प्रस्ताव पेश किया है।

ट्रंप की यह रणनीति फिलहाल रिपब्लिकन पार्टी को असहज स्थिति में डाल रही है। पार्टी के अंदर ही विरोध की आवाजें तेज हो रही हैं। वहीं, डेमोक्रेट्स का आरोप है कि ट्रंप का यह कदम न सिर्फ असंवैधानिक है बल्कि अमेरिका को फिर एक अनिश्चित विदेश नीति के दलदल में धकेल सकता है। ऐसे में माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में यह विवाद अमेरिकी राजनीति में और बड़ा रूप ले सकता है।

# पाकिस्तान की फिर किरकिरी, डोनाल्ड ट्रंप के नोबेल नामांकन पर घर में ही घिरी शहबाज सरकार

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**
इस्लामाबाद की सियासत में इन दिनों एक नया बखेड़ा खड़ा हो गया है। शहबाज शरीफ सरकार द्वारा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नाम 2026 के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए आगे बढ़ाने पर पाकिस्तान में सियासी घमासान मच गया है। खास बात यह है कि ट्रंप की इस सिफारिश के कुछ घंटों बाद ही अमेरिका ने ईरान के तीन अहम परमाणु ठिकानों पर हमला बोल दिया, जिसके बाद पाकिस्तान में सरकार की कड़ी आलोचना शुरू हो गई।

पाकिस्तान सरकार ने शुक्रवार को अचानक घोषणा की थी कि भारत-पाकिस्तान के बीच हालिया तनाव कम करने में डोनाल्ड ट्रंप की भूमिका को देखते हुए उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया जाएगा। इसके लिए उपप्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने नॉर्वे में नोबेल कमेटी को सिफारिश पत्र भी भेज दिया। लेकिन ईरान पर अमेरिकी हमले के बाद इस फैसले पर सवाल उठने लगे हैं। जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम के प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान ने सरकार से इस सिफारिश को तुरंत वापस लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति ने ईरान, फिलिस्तीन, सीरिया और लेबनान पर हमलों का समर्थन किया है, उसे शांति पुरस्कार कैसे दिया जा सकता है? फजल ने यह भी आरोप लगाया कि सेना प्रमुख असीम मुनीर से ट्रंप की मुलाकात के बाद पाक हुक्मरानों ने यह सिफारिश की। पूर्व सांसद मुशाहिद हुसैन ने ट्रंप की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि ट्रंप अब कोई शांति दूत नहीं, बल्कि युद्ध का समर्थक बन चुके हैं। उन्होंने पाकिस्तान सरकार से नोबेल की सिफारिश को वापस लेने की मांग करते हुए कहा कि ट्रंप ने खुद को इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू और युद्ध लॉबी के चंगुल में फंसा लिया है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेता अली मोहम्मद खान ने भी इस सिफारिश पर सवाल उठाते हुए पुनर्विचार की बात कही। वहीं, पार्टी के थिंक-टैंक प्रमुख रऊफ हसन ने इसे पाकिस्तान के लिए शर्मनाक बताया। उन्होंने कहा कि अमेरिका द्वारा ईरान पर हमला अंतरराष्ट्रीय कानूनों का खुला उल्लंघन है और ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामांकित करना पाकिस्तान की साख पर धब्बा है।



# कई देश ईरान को अपने परमाणु हथियार देने के लिए तैयार

**मास्को, एजेंसी।** अमेरिका द्वारा ईरान के तीन परमाणु केंद्रों पर हमले के बाद से पश्चिम एशिया में तनाव चरम पर है। इस बीच ईरान के विदेश मंत्री ने रविवार को बताया कि वे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात के लिए रूस का दौरा करेंगे। दोनों नेताओं की मुलाकात सोमवार को हो सकती है। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि रूस, ईरान का दोस्त है। हम हमेशा एक दूसरे से सलाह मशविरा करते हैं। मैं मॉस्को जा रहा हूं और कल सुबह रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ गंभीर मुद्दे पर चर्चा होगी। रूस के पूर्व राष्ट्रपति और राष्ट्रपति पुतिन के खास दिमित्री मेदवेदेव ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर एक और युद्ध शुरू करने का आरोप लगाया। मेदवेदव ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि ट्रंप शांतिदूत बनकर आए थे, लेकिन उन्होंने अमेरिका को एक नए युद्ध में झोंक दिया है। मेदवेदेव ने ये भी लिखा कि कई देश हैं, जो अपने परमाणु हथियार ईरान को देने के लिए तैयार हैं। हालांकि मेदवेदेव ने उन देशों का नाम नहीं लिया। पूर्व रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि इस्राइली जनता लगातार हमले के डर में जी रही है और इस्राइल में जगह-जगह बम धमाके हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ईरान पर हुआ अमेरिका का हमला न सिर्फ ईरान को और मजबूत बनाएगा बल्कि पूरी दुनिया में ईरान के लिए समर्थन बढ़ेगा। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अब अमेरिका के साथ किसी भी बातचीत से इनकार कर दिया है। अराघची ने कहा कि हम कूटनीतिक तरीके से मामले को सुलझाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन बीच में ही इस्राइल ने हमला करके उस बातचीत की कोशिश को खत्म कर दिया।

# संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आपात बैठक: ईरान-इस्राइल-यूएस के टकराव पर मंथन; गुटेरस ने जताई चिंता

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी।**
पश्चिम एशिया में बिगड़ते हालात को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का आपातकालीन विशेष सत्र बुलाया गया। इसमें यूएन महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने कहा, अमेरिका ने ईरानी परमाणु सुविधाओं पर जो बमबारी की है, वह पहले से ही अशांति से जूझ रहे इस देश में खतरनाक मोड़ आने का संकेत दे रही है। इससे बचने के लिए कूटनीति को बढ़ावा देना होगा, नागरिकों की सुरक्षा करनी होगी, सुरक्षित समुद्री परिवहन की गारंटी देनी होगी।

गुटेरस ने आगे कहा कि हमें लड़ाई को रोकने और ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर गंभीर, निरंतर वार्ता की ओर लौटने के लिए तुरंत और निर्णायक रूप से कार्य करना होगा। परमाणु अप्रसार संधि अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा की आधारशिला है। ईरान को इसका पूरा सम्मान करना चाहिए। सभी सदस्य देशों को संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून सहित अंतरराष्ट्रीय कानून के अन्य नियमों के तहत अपने दायित्वों के अनुसार कार्य करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र शांतिपूर्ण समाधान की दिशा में किसी भी और सभी प्रयासों का समर्थन करने के लिए तैयार है। रूस, चीन और पाकिस्तान द्वारा प्रस्तावित यूएनएससी प्रस्ताव के मसौदे पर आज की सुरक्षा



परिषद की बैठक में मतदान नहीं किया जाएगा। यह सिर्फ एक मसौदा है, इसलिए मतदान से पहले इसे सुरक्षा परिषद के सदस्यों के बीच प्रसारित करने की आवश्यकता है। सबसे पहले अगले सप्ताह की शुरुआत से मध्य तक होगा। रूस-चीन और पाकिस्तान द्वारा प्रस्तावित मसौदा प्रस्ताव संक्षिप्त

गुटेरेस ने आगे कहा कि रूस, चीन और पाकिस्तान द्वारा प्रस्तावित यह मसौदा प्रस्ताव संक्षिप्त है। यह केवल डेढ़ पेज लंबा है, लेकिन इसमें दो मुख्य बिंदु हैं। यह ईरान में आईएईए द्वारा संरक्षित शांतिपूर्ण परमाणु स्थलों और सुविधाओं पर हमलों की कड़े शब्दों में निंदा करता है। इसमें कहा गया है कि यह हमला अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है और आईएईए की संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा है। इसमें विशेष रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका का नाम नहीं लिया गया है। तथ्य यह है कि इसमें तत्काल युद्ध विराम की मांग की गई है, अगर यह अंततः मतदान के लिए जाता है, तो अमेरिका इसे वीटो कर सकता है। संयुक्त राष्ट्र में यूनाइटेड किंगडम के राजदूत बारबरा वुडवर्ड ने सुरक्षा परिषद के आपातकालीन विशेष सत्र में देश का पक्ष रखा। उन्होंने यूएनएससी से कहा, संघर्ष क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय शांति और स्थिरता के लिए गंभीर जोखिम पैदा करता है। अब हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता तनाव कम करने का समर्थन करना होनी चाहिए। यूके ने अमेरिका या इस्राइल के हमलों में भाग नहीं लिया। केवल सैन्य कार्रवाई ईरान के परमाणु कार्यक्रम के बारे में चिंताओं का स्थायी समाधान नहीं कर सकती। हम ईरान से संयम बरतने का आग्रह करते हैं और हम सभी पक्षों से बातचीत की मेज पर लौटने और कूटनीतिक समाधान खोजने का आग्रह करते हैं। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव पर चीन के राजदूत फू कांग ने भी चिंता जताई। यूएनएससी की आपात बैठक में चर्चा के दौरान चीन ने कहा, ईरान पर अमेरिकी हमलों और परमाणु केंद्रों पर बमबारी की चीन कड़ी निंदा करता है। उन्होंने कहा, हम तत्काल युद्ध विराम की मांग करते हैं। उन्होंने कहा चीन स्थिति के नियंत्रण से बाहर होने के जोखिम को लेकर बहुत चिंतित है। फू कांग ने कहा, संघर्ष में शामिल पक्षों, खास तौर पर इस्राइल को तत्काल युद्ध विराम करना चाहिए ताकि युद्ध बढ़ने से बचा जा सके।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129